हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, सोमवार, 04 नवंबर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 211, मूल्य : 2 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

You Tube Subscribe

Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू ने ली भाजपा की सदस्यता



देवघरः झारखंड विधानसभा चुनाव में रविवार को उस वक़्त बड़ा खेला हो गया, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मंडल मुर्मू ने भाजपा की सदस्यता ले ली. देवघर में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा, विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे की उपस्थिति में सदस्यता ली. मंडल मुर्मू सिद्धू-कान्हू के वंशज है. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के झारखंड प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा, पार्टी के संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी, भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे और 14 विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी की मौजूदगी में मंडल मुर्मू ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय जनता पार्टी का पट्टा पहन कर मंडल मुर्मू का पार्टी में स्वागत किया.

### झारखंड विधानसभा चुनाव में पहली बार इंडिया गठबंधन और एनडीए आमने-सामने

रांची। झारखंड गठन के बाद से अब तक यहां चार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में पहली बार झामुमो-इंडिया गठबंधन और बीजेपी (एनडीए) सहयोगी दलों के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही हैं। राज्य में अब तक किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है, लेकिन पिछले दो चुनाव से गठबंधन को बहुमत मिल रहा है। 2014 के चुनाव में बीजेपी गठबंधन तो 2019 में झामुमो गठबंधन को बहुमत हासिल हुआ था। 2014 के चुनाव में बीजेपी का आजसू के साथ गठबंधन था लेकिन झामुमो और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़े थे। इस प्रकार 2019 में झामुमो, कांग्रेस व राजद का गठबंधन हुआ था। तीनों दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और गठबंधन को बहुमत मिला था। 2019 में बीजेपी व आजसू पार्टी दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ी थी। इस साल दोनों प्रमुख दल अपने-अपने गठबंधन के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। बीजेपी का आजसू, जदयू व लोजपा (आर) के साथ गठबंधन है। वहीं झामुमो का कांग्रेस, राजद व माले के साथ गठबंधन है। झारखंड में बीजेपी को 2014 के चुनाव में सबसे ज्यादा 37 सीटें हासिल हुई थी। वहीं झामुमो को 2019 के चुनाव में सबसे ज्यादा 30 सीटें मिली थीं। 2019 में कांग्रेस को भी सबसे ज्यादा 16 सीटों पर जीत हासिल हुई थी।

### किसानों से भरी नाव पलटी, कई लापता

कटिहार,(ईएमएस)। कटिहार में रविवार की सुबह दुखद घटना घटी जहां एक नाव नदी में डूब गई जिसमें मजदूर, किसानों के परिवार बैठे थे जो गंगा नदी में पलट गई। बताया जा रहा है कि नाव में एक दर्जन से ज्यादा मजदूर, किसान सवार थे। इस हादसे में आठ लोग डूब गए, जिसमें से चार अभी भी लापता बताए जा रह हैं। चार मजदूरों ने तैरकर अपनी जान बचाई। यह घटना मनिहारी अनुमंडल की दुलारपुर पंचायत अंतर्गत हाटकोला केवला गांव की बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाव में सवार सभी परवल की खेती करने दियारा जा रहे थे। उत्तरवाहिनी गंगा नदी में केवला घाट के पास मजदूर और किसानों से भरी नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रशासन दो बच्चियों के भी लापता होने की बात कह रहा है। दोनों की उम्र 10 से 12 साल बताई जा रही है। मौके पर पहुंचे एसडीओ ने कहा कि एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू में जुटी है। नाव पर महिलाएं और बच्चे भी सवार थे। वहीं नाव में सवार एक किसान ने बताया है कि नाव में महिलाएं और बच्चे समेत 12-13 लोग सवार थे। कितने डूबे-कितने बचे ये नहीं पता। नाव ओवरलोड थी, उसमें छेद हो गया था, जिसके कारण नाव में पानी भर गया और हादसा हो गया। लापता लोगों की तलाश की जा रही है। गोताखोर की मदद ली जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, एसडीएम, डीएसपी, सीओ, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष समेत कई लोग घटना स्थल पर पहुंच गए थे।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र आज से

#### अब्दुल रहीम रादर बन सकते हैं स्पीकर

श्रीनगर (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सूत्रों के मुताबिक, 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम रादर को स्पीकर बनाया जा सकता है। रादर सातवीं बार विधायक चुने गए हैं और जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक भी हैं। स्पीकर का चुनाव सोमवार सुबह 10:30 बजे से पहले होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। बैठक में अब्दुल्ला सरकार की आगामी रणनीति और योजनाओं के बारे में भी चर्चा हो सकती है। बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के सभी विधायकों को भी बुलाया गया है। अब्दुल्ला सरकार डिप्टी स्पीकर का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक सरकार की ओर से भाजपा को इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है। आज होने वाली बैठक में इस पर भी फैसला हो सकता है।

### पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर किया सावधान.........इधर ईडी ने लिए एक्शन

बेंगलुरु (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में डिजिटल अरेस्ट के खतरों से सावधान रहने की अपील की थी। इसके बाद जांच एजेंसियों ने कहा कि वे साइबर क्राइम की इस कैटेगरी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में ईडी ने इसतरह के एक मामले में चार्जशीट दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कहा कि एजेंसी ने पिछले महीने बेंगलुरु में एक विशेष पीएमएलए कोर्ट के समक्ष आठ आरोपियों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की थी, जिन्होंने कथित तौर पर फर्जी आईपीओ आवंटन के माध्यम से लोगों को लालच दिया था। ईडी ने कहा, जांच में मिला है कि भारत में साइबर घोटालों का एक बड़ा नेटवर्क है, जिसमें फर्जी शेयर बाजार निवेश और डिजिटल अरेस्ट की साजिशें शामिल हैं, जिन्हें मुख्य रूप से फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के द्वारा अंजाम दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी, महिला हिरासत में

मुंबई, (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल सेल को फोन करके दी गई। धमकी में ये कहा गया कि योगी आदित्यनाथ अपने पद से 10 दिन के अंदर इस्तीफा दे दें। अगर उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो उनका भी हाल बाबा सिद्दीकी जैसा कर देंगे। धमकी मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस को इसकी जानकारी दे दी और मामले की जांच में जुट गई। आख़िरकार मुंबई आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने धमकी देने वाले का पता लगाया जो एक महिला निकली।

## बीजेपी को हेमंत सोरेन ने दिया जवाब, कहा झारखंड में ना एनआरसी लागू होगा ना यूसीसी, यहां रहेगा सीएनटी और एसपीटी

गढ़वा(ईएमएस)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य में ना तो यूसीसी लागू होगा और ना ही एनआरसी लागू होगा।यहां सिर्फ सीएनटी एसपीटी रहोगा। भारतीय जनता पार्टी पर काला प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। 5 वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया या आप सभी ने देखा है। ये बातें हेमंत सोरेन ने कही। हेमंत सोरेन गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। हेमन्त सोरेन ने गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी- मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का 1 लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।हेमन्त सोरेन ने बताया यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में एक हजार रुपए जा रहा है। वह ढाई हजार रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे।हेमंत सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित




हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए और लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही वे सभी जेल जाएंगे।हेमन्त सोरेन ने कहा इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक अगर माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद्द पीट जाएगी।हेमन्त सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहें हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या?हेमन्त सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री जी जब वे शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान किताब पर माता में ठोक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। हर वर्ग, हर समाज को हक अधिकार मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा का सुरक्षा किसके जो जिम्मे हैं भारत सरकार के जिम्मे में है। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आता है। वहां क्यों नहीं रोकते हैं घुसपैठ।हेमन्त सोरेन ने कहा मैया सम्मान योजना क्या मुसलमान के लिए है, हिंदुओं के लिए है, सिखों के लिए, ईसाइयों के लिए है नहीं यह योजना सभी के लिए है। यह देश का पहला राज्य है जो देश जो कर्मचारी को बुढ़ापे की लाठी पेंशन देने का काम कर रही है। ये लोग सबके बुढ़ापे लाठी छीन लेता है। ये लोग कहते हैं कि झारखंड सरकार पेंशन नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा तुम लोगों ने रोक रखा है। झारखंड के हिस्से का पैसा राज्य सरकार ने ना रोका है न कभी रोकेगी।

## गृह मंत्री अमित शाह ने कहा पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण देगी भाजपा सरकार

चतरा(ईएमएस)।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड मुख्यालय के खादी ग्रामोद्योग मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन भाषण में उन्होंने झारखंड में चल रहे अवैध घुसपैठ पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वोट बैंक के चलते अवैध घुसपैठ को बढ़ावा दिया है। जिससे यहां की भूमि, संस्कृति और बहन बेटियों की अस्मिता का हनन हो रहा है। राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो इन घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर किया जाएगा। झारखंड की रोटी माटी और बेटी की हर हाल में भाजपा सरकार रक्षा करेगी। हेमंत सरकार के मंत्री के घर से साढ़े तीन सौ रुपए के पहाड़ निकलते हैं। जिसको गिनने में लगाए गए मशीन गर्म हो जाते हैं। इन्होंने झारखंड वासियों का पैसा लूटा है।झारखंड में भाजपा की सरकार



बनने के बाद ऐसे लोगों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। बालू माफिया और पेपर लिक करने वालों को उल्टा लटका कर सीधा किया जाएगा। गृह मंत्री ने नक्सलवाद को भी झारखंड की बड़ी समस्या बताया और उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को पूरे देश में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। गृह मंत्री ने हेमंत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार गरीब, दलित, महिला और किसान विरोधी है। इस सरकार को झारखंड से उखाड़ फेंकना है। भारत सरकार ने झारखंड के विकास के लिए कई योजनाएं चलाई थी किंतु हेमंत सरकार ने उन योजनाओं को रोक दिया। भाजपा सरकार बुजुर्गों को मुफ्त इलाज, गृहणियों को त्यौहार में मुफ्त सिलेंडर और पेंशन भत्ता, झारखंड के धार्मिक स्थलों को समृद्ध करन करेगी। आयुष्मान कार्ड के तहत 5 लख रुपए तक होने वाले मुफ्त इलाज को 15लाख किया जाएगा।भाजपा सरकार का लक्ष्य झारखंड को खुशहाल प्रदेश बनाना है। गृह मंत्री ने मतदाताओं से भाजपा और लोजपा के पक्ष में अपार जनसंख्या व समर्थन देने की अपील की ताकि प्रदेश मोदी सरकार के साथ मिलकर चौमुखी विकास कर सके।

## झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र में भाजपा ने किया वादा

### महिलाओं को हर माह 2100, 300 यूनिट फ्री बिजली

रांची(ईएमएस)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। खास बात है कि भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को ध्यान में रखकर 150 संकल्प जारी किया गया है। इसमें 300 यूनिट बिजली फ्री, 500 रुपए में गैस सिलेंडर और सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोडऩे का ऐलान किया किया गया है। साथ ही महिलाओं को गोगो दीदी योजना के तहत हर माह 2100 रुपए देने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया।

महिलाओं और युवाओं पर भाजपा का जोर

गोगो दीदी योजना के तहत हर महिला को हर माह की 11 तारीख को 2100 रुपए सीधे उनके अकाउंट में दिया जाएगा। स्नातक और स्नातकोत्तर बेरोजगारों को दो साल तक प्रतिमाह 2 हजार रुपए भत्ता। पहले साल में डेढ़ लाख सरकारी पदों पर नियुक्ति। 5 साल में 2.87 लाख पदों पर नियुक्ति करेंगे। पेपर लीक को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाएगा। अग्निवीरों को सरकारी नौकरी की गारंटी। सभी परिवारों 500 रुपए में गैस सिलेंडर का वादा। त्योहार में दो बार फ्री सिलेंडर देंगे। भाजपा 300 यूनिट बिजली फ्री देगी। सवा करोड़ घरों को सोलर ऊर्जा से जोडऩे का वादा। किडनी के मरीजों की फ्री डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी। सभी आदिवासी परिवारों को आयुष्मान योजना से जोड़ा जाएगा.

## झामुमो ने बीजेपी के संकल्प पत्र पर उठाया सवाल, सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा बीजेपी गरीब, किसान का हक मार कर कॉर्पोरेट घरानों को लाभ देती है

रांची(ईएमएस)।भ्रष्टाचार के कुएं में डुबकी लगा रही भाजपा के नेताओं के मुख से भ्रष्टाचार उन्मूलन की बातें शोभा नहीं देती है। ग़रीबों, मज़दूरों और किसानों का हक़ मारने वाली बीजेपी सिर्फ़ कारपोरेट घरानों के बारे मे सोच सकती है। ग़रीबों के बारे में नहीं यह बात जग ज़ाहिर हो चुकी है।उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रविवार एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही है।उन्होंने कहा कि संसाधन के पीछे कॉर्पोरेट जगत लगा रहता है जिसके लिए बीजेपी काम करती है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में बाबूलाल मरांडी को स्थान मिला यह देख कर खुशी हुई। लेकिन उसके बाद के पन्नों में कहीं भी झारखंड के किसी नेता की तस्वीर नहीं है। उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा कि 5 साल में 5 लाख को नौकरी का सवाल आप कर रहे हैं।आप यह बताएं कि 11 साल में 22 करोड़ को नौकरी दी क्या।मैं तो कहता हूं कि आपने 20 करोड़ लोगों की नौकरी




छीनी है। अपने कहा झारखंड में भ्रष्टाचार है। मैं कहता हूं जितने भ्रष्टाचारी हैं सब आपकी पार्टी में है। व्यापम की बात करूं तो शिवराज सिंह चौहान का नाम आएगा,17 हजार करोड़ की जिसकी संपति ईडी ने जब्त की उसे आपने महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री बना दिया, बाहर की बातें छोड़िए कमलेश सिंह,भानु प्रताप शाही, हरिनारायण सिंह, जीडी गोयनका स्कूल से अरबों बरामद हुआ।

वह कौन हैं। कोर्ट कहता है असम से घुसपैठ होता है और वहां का मुख्यमंत्री भाग के यहां बैठा है। बंगला भाषियों को आप बांग्लादेशी कहते हैं।इसका उचित जवाब मिलेगा।सीजीएल लीक हुआ।एपिक सेंटर कौन था, गुजरात का गांधी नगर। आप कहते हैं गोगो दीदी योजना के तहत इक्कीस सौ रुपए देंगे।

हम तो कैबिनेट से निर्णय ले लिए पच्चीस सौ रुपए देने का।

छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है वहां 350 रुपए क्यों दे रहे हैं। हमने यह घोषणा भी कर दी है कि ओबीसी को 27, एसटी को 28 और एससी को 26 फीसद आरक्षण का लाभ देंगे।आप कुछ बड़ी और नई बात कहिए। सरना धर्म कोड़ पर क्यों नहीं कुछ बोलते हैं। हमने तो आपको सुना घाटशिला में क्यों बोले सरना धर्म कोड़ नहीं लागू होगा। जनता को ठगने का काम कब तक करेंगे।आदिवासी मुद्दे सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुंडा,खड़िया, हो को असम में एसटी का दर्जा तो दीजिए।भूमि बैंक के नाम पर किसानों, ग़रीबों की ज़मीन ले ली और 1 रुपए में रजिस्ट्री की बात करते हैं। आपके भ्रम में कोई भी आने वाला नहीं है।

### अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन में ब्लास्ट, चार यात्री घायल

अमृतसर (ईएमएस)। पंजाब में अमृतसर से हावड़ा जा रही ट्रेन में धमाका हो गया। जिसमें चार यात्री घायल हो गए। धमाका गाड़ी के पिछे की तरफ जनरल बोगी में हुआ। बोगी में धुआं ही धुआं भर गया था। यह धमाका फतेहगढ़ साहिब में सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास हुआ। धमाके की आवाज से यात्रियों के बीच दहशत फैल गई। गनीमत थी कि जिस वक्त धमाका हुआ ट्रेन की चाल धीमी थी, जिससे यात्री यात्री जान बचाने के लिए बाहर दौड़े। किसी ने छलांग लगाई तो कोई इमरजेंसी खिड़की तोड़कर बाहर निकला। घायलों को फतेहगढ़ साहिब के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रेन (13006 गाडी संख्या) अमृतसर से हावड़ा जा रही थी। रेलवे पुलिस और विभागीय अधिकारी भी आधी रात मौके पर पहुंचे। घटना के दौरान करीब आधा घंटा गाड़ी को सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

गृह मंत्री अमित शाह ने रांची में संकल्प पत्र किया जारी

## सरकार बनी तो बांग्लादेशी घुसपैठियों को किया जाएगा बाहरः शाह

रांची(ईएमएस)।देश के गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रविवार को रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के सिलसिले में पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया गया। मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल, मरांडी कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, पार्टी के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री डॉ शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विद्युत वरण महतो, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। संकल्प पत्र लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने एक-एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सबसे पहले यह बताने की कोशिश की की अन्य पार्टियों चुनाव के समय



में सिर्फ चुनावी घोषणा करती हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी चुनाव के दौरान एक संकल्प व्यक्त करती है कि वह सरकार में आने के बाद क्या करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब तक जिन-जिन प्रदेशों में बीजेपी की सरकार बनी है वहां संकल्प पत्र को अमली जामा पहनाया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड के विधानसभा चुनाव को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल एक सरकार को बदलने का नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार को हटाकर एक सुशासन वाली सरकार स्थापित करने के लिए चुनाव है।उन्होंने कहा की एक तरफ वैसी सरकार और गठबंधन है जो माटी बेटी और रोटी के लिए खतरा है वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली सरकार है जिसके शासनकाल में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा पेपर लीक की समस्या से परेशान युवा आज भारतीय जनता पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संकल्प पत्र सिर्फ भारतीय जनता पार्टी का नहीं है बल्कि यह झारखंड के करोड़ों लोगों की आशा और उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड का निर्माण किया था जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड को संवारने का काम कर रहे हैं।देश के गृह मंत्री ने कहा कि झारखंड में तुष्टिकरण की नीति के तहत बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण दिया जा रहा है। यह घुस बैठी है झारखंड की बेटियों से विवाह करके उनकी जमीन ने हड़प रहे हैं। भाजपा के शासन आते ही एक-एक बंगलादेशी घुसपैठियों को चुन चुन कर बाहर किया जाएगा। उनके द्वारा हड़पी गई जमीनों को फिर से स्थानीय लोगों को दी जाएगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस और राजद पर हमला बोलते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सभी पार्टियों गरीब पिछड़ा दलित और आदिवासी विरोधी पार्टियों हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस समाज को सम्मान देने का काम किया गया है।

## राज्य की 81 सीटों पर कुल 1211 उम्मीदवारः के रवि कुमार

रांची(ईएमएस)।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर कुल 1211 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उनमें 1081 पुरुष प्रत्याशी हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 128 है। जबकि, 2 प्रत्याशी ट्रांसजेंडर हैं। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के मतदान की तैयारी अंतिम दौर में है। इस चरण में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जबकि, दूसरे चरण की मतदान की तिथि 20 नवंबर है। इस चरण में 38 विधानसभा क्षेत्रों से कुल 528 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उसमें 472 पुरुष, 55 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर प्रत्याशी हैं।उन्होंने कहा कि मतदाताओं के घरों तक बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची का वितरण युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता मतदान करने जाते



वक्त मतदाता पर्ची में उल्लेखित सीरियल नंबर और पार्ट नंबर नोट कर जाएं। इससे उन्हें अपना नाम ढूंढने में अत्यल्प समय लगेगा। वहीं पार्ट नंबर से सही कतार में खड़ा होने की जानकारी मिल जाएगी। इससे मतदान करने में जहां काफी कम समय लगेगा, वहीं मतदान की गति भी काफी बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया जारी है।उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब, 43 करोड़, 26 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



रांची: छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेलकूद मंच (यूनिट छात्र क्लब ग्रुप) के संयोजक कार्यालय रातू रोड काली मंदिर के निकट गुप्ता भवन में रंगोली एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता शकुंतला देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार,संरक्षण पिंटू शर्मा,रमेश मिस्त्री शामिल हुए। प्रतियोगिता में जजमेंट की भूमिका कुमारी नीलम एवं कुमारी अनिता ने निभाई। प्रतियोगिता में 27 फैंसी बच्चों ने भाग लिया जिसमें पार्थवी कुमारी ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बाजी मारकर प्रथम आई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से कुमारी शीला, सुबोध कुमार शर्मा,शोभा देवी, पिंकी देवी,कृष्णा कुमार साहू, सुभाष कुमार,दामिनी कुमारी, प्रिया कुमारी,आदि आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आंदोलनकारियों को सुविधा देने का संकल्प पत्र स्पष्ट नहीं : पुष्कर महतो

रांची : भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र में झारखंड अलग राज्य निर्माण करने वालों के लिए सम्मान पेंशन राशि 7.500 रुपया करने, चिकित्सा सुविधा ,शैक्षणिक एवं नौकरियों में आरक्षण देने की घोषणा स्पष्ट नहीं है. आखिर यह सुविधा इस कैटेगरी के आंदोलनकारियों के लिए लागू होगा स्पष्ट नहीं है. भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र के संदर्भ में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्पष्ट करें कि जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी आंदोलनकारियों को सम्मान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु.चिकित्सा सुविधा शैक्षणिक एवं नौकरियों में आंदोलनकारियों के आश्रितों एवं पुत्र पुत्रियों को आरक्षण दिया जाएगा. श्री महतो ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संकल्प पत्र में झारखंड आंदोलनकारियो के लिए सम्मान पेंशन चिकित्सा सुविधा एवं नौकरियां एवं शैक्षणिक कार्यों में पुत्रियों को आरक्षण देने के लिए किए गए पहल कदमी का स्वागत योग्य है. इसके लिए नेता प्रतिपक्ष अमर बावरी बधाई के पात्र हैं. अमर बावरी ने बिगड़ 4 अक्टूबर को चंदन क्यारी में झारखंड आंदोलनकारी के एक प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर झारखंड आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने एवं शैक्षणिक क्षेत्र एवं नौकरियों में 10% आरक्षण उत्तराखंड के तर्ज पर देने की बातें कही थी.

### आवासीय कार्यालय में वैश्य मोर्चा की संचालन समिति की बैठक आयोजित

रांची :सुकुरहुट्टू स्थित हीरानाथ साहु के आवासीय कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की संचालन समिति की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. यह बैठक केंद्रीय समिति के गठन, विधानसभा चुनाव पर रणनीति एवं वैश्य समाज पर बढ़े हमले, रंगदारी की मांग को लेकर रखी गई थी. बैठक में उपरोक्त मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और तय किया गया कि 30 नवंबर को रांची में केंद्रीय समिति की घोषणा की जायेगी. इसके पूर्व 20 नवंबर तक सभी को सदस्यता ग्रहण कर लेना होगा. इस बार केंद्रीय में 75 पदाधिकारी बनाए जाएंगे, जबकि जिला अध्यक्ष, महासचिव और आजीवन सदस्य केंद्रीय समिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य होंगे. विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा गया कि सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को वैश्य समाज के वोट का महत्व को समझना होगा. 40% आबादी वाले वैश्य समाज को झूठा आश्वासन दे कर ठगने वाले को विधानसभा नहीं जाने दिया जायेगा. वैश्य समाज के मतदाताओं को उम्मीदवारों के साथ साथ अपने भविष्य को भी देख कर मतदान करना चाहिए. बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि वैश्य समाज की हितों एवं मुद्दों पर बात करने वाले उम्मीदवार को समर्थन दिया जाएगा. बैठक में इस बात पर चिंता व्यक्त की गयी कि वैश्यों के ऊपर लगातार हमले बढ़े हैं और रंगदारी की मांग की जा रही है. प्रशासन को इस मुद्दे पर गंभीरता से पहल करना चाहिए. इस बैठक में मुख्य रूप से हीरानाथ साहु, अश्विनी साहु, उपेन्द्र प्रसाद, दिनेश्वर मंडल, लखन अग्रवाल, कृष्णा साहु, दिलीप प्रसाद, जगदीश साहु, अनिल वैश्य, राजेन्द्र साहु, रोहित कुमार साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, हृदय प्रसाद साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु, सचिव करण मंडल आदि उपस्थित थे.

### दीपावली मिलन समारोह मनाया गया

रांचीः श्री जैन श्वेताम्बर ओसवाल संघ राँची द्वारा दीपावली मिलन समारोह आज दिनाँक 03-नवम्बर-24 को कन्या पाठशाला डोरंडा में मनाया गया! सुबह 10 बजे से कन्या पाठशाला डोरंडा में सकल समाज का मिलन समारोह रखा गया था जिसकी शुरुवात स्वागत समारोह से हुई, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया! सांस्कृतिक कार्यक्रम महिलाओं एवं बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया!साथ ही बच्चों के द्वारा गेम्स हौजी आदि का आयोजन किया गया! मंच का संचालन खुशबू बोथरा एवं खुशबू दस्सानी ने संयुक्त रूप से किया! घेवरचंद चन्द नाहटा ने अपने उदगार व्यक्त किये! श्री जैन श्वेताम्बर ओसवाल संघ के अध्यक्ष सुभाष चन्द बोथरा, सचिव विमल दस्सानी ने सकल समाज को दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया!

### हिट एंड रन केस का आरोपी बीजेपी नेता का बेटा गिरफ्तार

बस्ती (ईएमएस)। यूपी के बस्ती जिले में दिवाली के दिन एक शख्स की कुचलकर मौत के मामले में बीएमडब्ल्यू कार और उसे चला रहे भाजपा नेता के बेटे हनी उर्फ अजमतउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पिछले 48 घंटे से हाई प्रोफाइल कार बीएमडब्ल्यू और उसके चालक को तलाश करने के लिए पुलिस काफी दबाव में थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पिता और मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कि तो कुछ ही घंटे में आरोपी कोतवाली में हाजिर हो गया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा एक मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसमें धारा 281,106(1) बीएनएस बनाम बीएमडब्ल्यू वाहन अज्ञात के चालक अजमतुल्लाह खां उर्फ हनी खां आरोपी बनाया गया जिसके पिता हमीदुल्लाह खां उर्फ बब्बु खां बीजेपी के नेता भी हैं। पूरी वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तु राय मुहल्ले में घटित हुई थी।

# घुसपैठ की बात करने वाले बताए, बंगला देश की पूर्व प्रधानमंत्री को क्यों शरण दे रखा है : हेमन्त सोरेन



रांचीः यहां ना UCC लागू होगा ना NRC होगा। यहां सिर्फ सीएनटी एसपीटी होगा। ये लोग घर परिवार को तोड़ने में लगे हैं। ये विषैला जहर उगलते हैं। उनके आगे विषधर भी असफल है। इन लोगों से बच के रहना है। 5 वर्ष के दौरान हम लोगों ने कितनी चुनौतियों का सामना किया या आप सभी ने देखा है। ये बातें हेमंत सोरेन ने कही। सोरेन गढ़वा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। हेमन्त सोरेन ने गढ़वा में जेएमएम प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जुमलाबाज भाजपा के लोग यहां आने वाले हैं। ये लोग यहां का बेटा, आदिवासी - मूलवासी को हटाना चाहते हैं। जब हम लोग आपके लिए काम करना यहां शुरू किया। सरकार गठन के बाद तो इन लोगों ने झूठे आरोप में मुझे जेल में डाल दिया। इन्हें यहां के आदिवासी- मूलवासी दलित, पिछड़ों से कोई मतलब नहीं है। उन्हें यहां से मतलब है तो यहां के खनिज संपदा से मतलब है और झारखंड के खनिज संपदा का 1 लाख 36000 करोड़ हमारा बकाया ये नहीं दे रहे हैं।

#### भाजपा सूखता हुआ पेड़

हेमन्त सोरेन ने बताया यहां की माता बहनों के सम्मान में हम आर्थिक सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष में हर घर में एक लाख रुपये पहुंचने का काम करेंगे और हम लोगों ने कानून बना दिया है कि जिनके खाते में 1000 जा रहा है। वह 2500 रुपया हो जाएगा। इन्हें अगर मौका लग गया तो यह आपके शरीर से कतरा कतरा खून निकाल लेंगे। 5 वर्ष से ये सत्ता से बेदखल हैं। आज भारतीय जनता पार्टी का पेड़ सूखते जा रहा है। आने वाले समय में फिर 5 साल तक इन्हें बाहर करेंगे और इन्हें जड़ से उखाड़ कर देख देंगे।

#### गड़बड़ी करने वाले जेल जाएंगे

सोरेन ने कहा ये लोग कहते हैं जेपीएससी और सीजेएल परीक्षा के जरिए हुई नियुक्ति का सीबीआई से जांच करेंगे। हमने सीजीएल परीक्षा की पूरी जांच कर ली है। लोग चिन्हित हो चुके हैं, जिन्होंने गड़बड़ी करने की कोशिश की, गड़बड़ी तो कर नहीं पाए लेकिन पकड़े जा चुके हैं चुनाव समाप्त होते ही व सभी जेल जाएंगे।

#### डर से चुनाव पहले कराया

हेमन्त सोरेन ने कहा इन लोगों ने हमारे कार्यकाल को पूर्ण नहीं होने दिया। एक माह हमारा कार्यकाल बचा हुआ था। इन्होंने एक माह पूर्व चुनाव करा दिया। इन्हें पता था कि एक अगर माह मैं और यहां के लोगों के कार्य कर दिया तो इनकी पूरी तरह से भद पिट जाएगी।

#### दो चरण में चुनाव क्यों, पांच चरण में क्यों नहीं

हेमन्त सोरेन ने केंद्रीय गृहमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि इनके गृह मंत्री ने कहा है कि नक्सलवाद खत्म कर देंगे। हम पूछना चाहते हैं तो अगर नक्सलवाद खत्म नहीं हुआ तो जो पांच चरण में होने वाले चुनाव को दो चरण में कैसे करा रहे हैं। इससे साफ संकेत है कि इस राज्य में नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म हो चुका है। आने वाला समय बताएगा झूठ क्या है और सच क्या?

#### बंगला देश के प्रधानमंत्री को क्यों शरण दे रखा है

हेमन्त सोरेन ने कहा ये लोग बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि देश के प्रधानमंत्री जी जब वे शपथ ग्रहण कर रहे थे तो संविधान किताब पर माता में ठोक रहे थे। आप बोल रहे थे कि देश संविधान से चलेगा। कायदे कानून से चलेगा। हर वर्ग, हर समाज को हक अधिकार मिलेगा। मैं यह जानना चाहता हूं कि बांग्लादेश के साथ अंदर ही अंदर कोई समझौता है क्या? आज बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री का अपने यहां प्लेन उतारने क्यों उतारने दिया? उसे किस आधार पर शरण दे रखा है? यह बताइए झारखंड में बिजली उत्पादन होता है और बांग्लादेश में सप्लाई करते हैं और बांग्लादेशी घुसपैठ की बात करते हैं। बांग्लादेश की सीमा का सुरक्षा किसके जो जिम्मे हैं भारत सरकार के जिम्मे में है। इसमें राज्य सरकार का कोई रोल नहीं। बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले आपके साथी राज्यों से घुसकर आता है। वहां क्यों नहीं रोकते हैं घुसपैठ।

#### केंद्र सरकार ने पेंशन रोका, हमने दिया

हेमन्त सोरेन ने कहा मैया सम्मान योजना क्या मुसलमान के लिए है, हिंदुओं के लिए है, सिखों के लिए, ईसाइयों के लिए है नहीं यह योजना सभी के लिए है। यह देश का पहला राज्य है जो देश उन कर्मचारी को बुढ़ापे की लाठी पेंशन देने का काम कर रहा है। ये लोग सबके बुढ़ापे लाठी छीन लेता है। ये लोग कहते हैं कि झारखंड सरकार पेंशन नहीं दे रही है। जबकि केंद्र सरकार से मिलने वाला पैसा तुम लोगों ने रोक रखा है। झारखंड के हिस्से का पैसा राज्य सरकार ने ना रोका है न कभी रोकेगी।

# पांच वर्षों के कुशासन से मुक्ति के लिए एनडीए की सरकार जरूरीः सुदेश महतो

रांची : सरकार का काम लोगों की आवश्यकता को पूरा करना और राज्य को विकास की पटरी पर ले जाने का होता है। वर्तमान सरकार ने झारखंड को विकास के सभी मानकों पर पिछड़ा बना दिया है। इनके पास विकास को लेकर न कोई प्लान है और न ही कोई इच्छाशक्ति है। इनके कार्यकाल में सिर्फ अपराध और भ्रष्टाचार ही बढ़ा है। जनता इनसे त्रस्त है। पांच सालों के कुशासन से मुक्ति के लिए एनडीए की सरकार जरूरी है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने डुमरी में आयोजित एनडीए के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कही। इसके बाद मनोहरपुर विधानसभा में आयोजित बैठक में भी सुदेश कुमार महतो शामिल हुए और सभी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीतियों पर चर्चा की। जेमएएम कांग्रेस की मंशा विकास नहीं सिर्फ राज्य को लूटने की रही है। बालू, पत्थर, कोयला जैसे खनिज संपदाओं की लूट और अपराधियों को संरक्षण देना इनकी प्राथमिकता है। सरकार ने सबसे अधिक नुकसान युवाओं का किया है। नौकरी न मिलने की वजह से युवा पीढ़ी दूसरे राज्यों में जीवकोपार्जन के लिए पलायन को मजबूर हैं। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने में विफल सरकार ने युवाओं पर लाठियां बरसाई हैं। हर एक जुल्म और अत्याचार का हिसाब सरकार को देना होगा। एकजुटता और सामूहिकता एनडीए की सबसे बड़ी ताकत है। सत्ता परिवर्तन राज्यवासियों की सबसे बड़ी मांग है। उनकी मांग को पूरा करना हम सभी का दायित्व है। आपसी संवाद और सामंजस्य के साथ कार्य करें एनडीए के सभी कार्यकर्ता। सभी साथी अपने दायित्व को समझते हुए दी गई जिम्मेदारियों को निर्वाहन करें। एनडीए की जीत सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। एनडीए जनता को समर्पित है यहां राजशाही व्यवस्था नहीं चलती है। डुमरी विधानसभा की उम्मीदवार यशोदा देवी ने कहा कि डुमरी अब बलदाव चाहती है। जेएमएम ने डुमरी के विकास को रोक दिया है। जनता का विश्वास एनडीए के साथ है। हम अपनी मेहनत से बदलाव लाएंगे और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे। मनोहरपुर में आयोजित एनडीए बैठक के दौरान एनडीए समर्थित आजसू पार्टी के प्रत्याशी दिनेश चंद्र बोयपाई ने कहा कि मनोहरपुर ने जनता ने एक जनप्रतिनिधि को क्षेत्र का विकास करने के लिए 20 वर्षों का मौका दिया। यही मौका सिल्ली की जनता ने सुदेश महतो को दिया आज सिल्ली की पहचान पूरे देश में एक विकसित विधानसभा के तौर पर है वहीं मनोहरपुर अभी भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जनता इस बार बिना किसी बहकावे और छलावे में आए एनडीए को वोट देगी। क्षेत्र का विकास और जनता की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है और रहेगी।

### कर्मियों को निदेश किया गया प्रशिक्षण केन्द्र / कक्ष में मोबाइल फोन लेकर नहीं आयेंगे

गिरिडीह : झारखण्ड विधानसभा आम चुनाव 2024 हेतु प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी, मतदान पदाधिकारी-01, मतदान पदाधिकारी-02, मतदान पदाधिकारी-03, महिला मतदानकर्मियो एवं अन्य प्रतिनियोजित कर्मियों हेतु द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला के एक मात्र प्रशिक्षण केन्द्र होली क्रॉस पब्लिक स्कूल (पचम्बा), गिरिडीह में दो पालियों में दिनांक 04, 05,09 एवं 10 को पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 12.30 एवं अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 5.30 बजे तक दिया जायेगा। सभी कर्मियों को निदेशित किया जाता है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। सभी पीठासीन पदाधिकारी डमी प्रपत्रों पर नियमानुसार अभ्यास करेंगे। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिनियोजित मतदान पदाधिकारी गण ईवीएम-वीवीपैट मशीन को स्वयं से जोड़ना एवं संचालित करने का अपने हाथो से अभ्यास कर लेंगे। आपके द्वारा भलीभांति पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण ग्रहण नहीं करने तथा व्यावहारिक व क्रियाशील का अभ्यास नहीं करने के कारण यदि वास्तविक मतदान के दिन कोई बाधा उत्पन्न होती है तो उसके जिम्मेदार आप स्वयं माने जायेंगे तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओ के तहत आप पर कारवाई की जायेगी। सभी कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि प्रशिक्षण केन्द्र / कक्ष में मोबाइल फोन लेकर नही आयेंगे एवं प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में किसी भी तरह के मादक पदार्थ (यथा पान, गुटखा, खैनी, बीडी, सिगरेट इत्यादि) का सेवन नहीं करेंगे। लोकतंत्र की पहचान मतदाता और मतदान। लोकतंत्र के महापर्व में गिरिडीहवासी अपना अमूल्य योगदान दें रहे हैं, अब आपकी बारी है आइए 20 नवंबर को अपने मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान करते हैं और अपने सगे संबंधियों को भी प्रेरित करते हैं।

### एनसीपी नेता नवाब मलिक के दामाद का निधन, सड़क हादसे में हुए थे घायल



मुंबई (ईएमएस)। एनसीपी नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान का निधन हो गया है। यह जानकारी नवाब मलिक ने खुद दी है। नवाब मलिक ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की है। अपने ट्वीट में नवाब मलिक ने लिखा- मेरे दामाद समीर खान का निधन हो गया है। अल्लाह उन्हें जन्नत में सबसे ऊंचा स्थान दे। हम इस क्षति के शोक में हैं, इसलिए अगले दो दिनों के लिए मेरे सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। बता दें कि नवाब मलिक की पहली बेटी के पति समीर खान को सड़क हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। समीर खान अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में सड़क हादसे का शिकार हुए थे। इस दौरान इस हादसे में समीर खान की पत्नी और नवाब मलिक की बड़ी बेटी भी घायल हो गई थी, जिनका इलाज अभी अस्पताल में जारी है। समीर खान और उनकी पत्नी चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। इस दौरान ड्राइवर के गाड़ी पार्किंग से लाने के बाद गाड़ी में ब्रेक न लगने से गाड़ी समीर खान को घसीटती हुई एक दीवार से टकरा गई। इस दौरान घायल समीर खान दीवार और गाड़ी के बीच में फंस गए। हालांकि ये हादसा अस्पताल में हुआ था, जिससे उन्हें तुरंत भर्ती कराया गया था। समीर खान इलाज के दौरान कोमा में चले गए थे। आपकी समझदारी के लिए धन्यवाद, कृपया उन्हें अपनी प्रार्थनाओं में रखें।

# जनप्रतिनिधि का काम बोलना चाहिए, मेरा सपना है गिरिडीह शिक्षा का हब बने : सुदिव्य कुमार

गिरिडीह : गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के वार्ड नंबर 06 शक्तिनगर कृष्णानगर में रविवार को गिरिडीह सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि जन प्रतिनिधि का काम बोलना चाहिए।उनका सपना है गिरिडीह शिक्षा का हब बने ।

उन्होंने कहा कि सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह, इंजीनियरिंग कॉलेज गिरिडीह, गिरिडीह पचम्बा फोरलेन रोड का निर्माण, गिरिडीह सोलर सीटी, बायपास रिंग रोड निर्माण, पीरटांड वृहत सिंचाई योजना , सीएम एक्सीलेंस स्कूल आदि कार्यों से गिरिडीह के विकास की बुनियाद उन्होंने रखी है। उन्होंने कहा यह





चुनाव 5 साल बनाम 10 साल का है । फैसला जनता को करना है । सभा में गूंजा नारा - जन जन की है यही पुकार ! फिर एक बार सुदिव्य कुमार ! गिरिडीह का विधायक कैसा हो ? सोनू भैया जैसा हो । कार्यक्रम में झामुमो नेता अजीत कुमार पप्पु, शाहनवाज अंसारी, शोभा यादव, कृष्ण मुरारी शर्मा, दारा हाजरा, रॉकी सिंह, समीर चौधरी, निरंजन राय, जोगेश्वर महथा ,रामेश्वर यादव, ईजी. सरयू महथा, प्रोफेसर धनेश्वर रजक, रामदेव विश्वबंधु, राधे यादव , कुलदीप सिंह, सुबोध राय, पंकज यादव, संजय यादव, डब्लू यादव सहित सैकडों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए दारा हजरा को फूलमाला पहनाकर और बुके देकर अजीत कुमार पप्पू और शाहनवाज अंसारी ने स्वागत किया। मंच का संचालन झामुमो नेता कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया ।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने स्ट्रॉन्ग रूम/डिस्पैच सेंटर /सामग्री कोषांग आदि का निरीक्षण किए



गिरिडीह :- विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने बाजार समिति स्थित स्ट्रॉन्ग रूम व कृषि उत्पादन केंद्र, बाजार समिति में स्थापित डिस्पैच सेंटर, सामग्री कोषांग, कमीशनिंग रूम आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर निर्वाची पदाधिकारी 32 गिरिडीह, निर्वाची पदाधिकारी 28 धनवार, निर्वाची पदाधिकारी 30 जमुआ, निर्वाची पदाधिकारी 31 गांडेय, निर्वाची पदाधिकारी 33 डुमरी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, सामग्री कोषांग समेत सभी संबंधित कोषांग के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम तथा डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मियों के द्वारा किया जा रहे कार्यों का जांच कर आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों व कर्मियों की कार्य प्रणाली व कार्य दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्ट्रॉन्ग रूम तथा सामग्री कोषांग का निरीक्षण कर विधानसभा चुनाव 2024 के लिए की जाने वाली तैयारी का जायजा लिया। साथ ही प्रभारी पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में सभी को जिम्मेवारी सौंपी गई तथा चुनाव कार्यों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन को लेकर सभी शेष तैयारियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया तथा आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखें तथा टेक्निकल टीम को एक्टिव मोड में रखें, जिससे कि कार्यों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से हो। इसके साथ ही सामग्री कोषांग की टीम को पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

### जानकी यादव के पक्ष में पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा विधानसभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी जानकी यादव के पक्ष में झामुमो नेत्री सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी ने कलीम खान एवं प्रमोद गुप्ता के साथ प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। नेताओं ने प्रखंड क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी, कोनहराखुर्द, सक्रेज, चटनियां सिंघा, गंगटियाही, झुरझुरी, अम्बा टोला, मस्जिद टोला, धरहरा में लोगों से मिलकर झामुमो प्रत्याशी जानकी यादव को चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील किया. चंदन देवी ने कहा कि लोगों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है. प्रमोद गुप्ता ने कहा कि बरकट्ठा में हेमंत सोरेन की लहर है. इस बार के विधानसभा चुनाव में झामुमो को भारी मतों से विजय सुनिश्चित है. मौके पर चन्द्रिका प्रसाद, धानेश्वर यादव, कासीम मियां, बबून मियां, राजकुमार चौधरी, सूरज गुप्ता, राजू नायक, इसराइल अंसारी, राजकुमार चौधरी, ननकू मिंया, राजू यादव, बब्लू कुमार, सोनू गोप, विजय दास, कृष्णा यादव, अमित कुमार समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

### सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने बरकट्ठा में किया चुनावी कार्यालय का उदघाटन



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद मोदी ने बरकट्ठा में चुनावी कार्यालय का उदघाटन किया। चुनाव चिन्ह गैस चूल्हा छाप पर वोट देकर विजय बनाने की अपील सुरेंद्र मोदी ने लोगों से किया।इस मौके पर कहा कि हम नहीं बल्कि यहां की जनता चुनाव लड़ रही। चुनाव जीतने पर यहां की जनता की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कहा की प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण, प्रखंड में स्थित सरकारी अस्पताल को अपग्रेड करवाने का प्रयास करूंगा। मौके पर शंकर मोदी, अरुण कुमार मोदी, सूरज कुमार, उमेश मोदी, सुभाष साव, शिव शंकर मोदी, भगवानी सिंह, विनोद ठाकुर, सतीश मोदी, प्रताप कुमार, सुजीत कुमार, बिट्टू मोदी समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

# 10 नवंबर को होगा रिजल्ट घोषित,बच्चों को मिलेगा रेंजर साइकिल

### तहरीक ए मकातिबे फ़िक्र ने इस्लामिक क्वीज और तकरीर प्रतियोगिता आयोजित किया

ओरमांझी(मोहसीनआलम):तहरीक ए मकातिबे फ़िक्र रांची झारखण्ड के सौजन्य से रविवार को तालीमी इनामी मुकाबले के अंतर्गत इरबा के फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट में इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता और हेरात मैरेज हॉल इरबा में तकरीर इनामी मुबाबले का आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र के 55 मकतब के बच्चे एंव बच्चीयां शामिल हुए और अपने-अपने प्रतिभा का जौहर दिखाया,प्रतियोगिता का रिजल्ट 10 नवंबर को घोषित किया जायेगा,उसी दिन तिलावत और नात शरीफ का इनामी मुकाबला भी होगा, मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा,प्रथम पुरस्कार के रूप में रेंजर साइकिल दिया जायेगा। मौके पर तहरीक मकातीबे फ़िक्र के सदर जाकिर अंसारी ने कहा कि बच्चों में इस्लामिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित की गई है,ताकि गांव स्तर पर चलने वाली मकतब को मजबूत बनाया जा सकें,मकतब में बेहतर पढ़ाई लिखाई होंगे तो गांव स्तर पर दीनी फिजा क़ायम होगी,वही मकतक के उस्ताद से कहां की यही बच्चे कल के मुस्तकबिल है बच्चों की पढ़ाई लिखाई में कोताही नहीं होनी चाहिए,वहीं उन्होंने अफसोस जताया कि बहुत से गांव के जिम्मेदार मकतब पर ध्यान नहीं देते,साल भर में एक बार भी मकतब का निरीक्षण नहीं करते की मकतब में क्या पढ़ाई हो रहा हैं,कैसे बच्चे पढ़ाई करते हैं. वहीं उन्होंने गांव स्तर के सदर सेकरेट्री व जिम्मेदारों से अपील किया है कि मकतब पर विशेष ध्यान दें ताकि गांव स्तर में इस्लामीक माहौल बना रहें.मौके पर मुख्य रूप से मकातिबे फ़िक्र के सेक्रेटरी नईम उर्फ़ हुम्मायु अंसारी,सरपरस्त हाफिज अतहर इमाम,मोहसीन आलम,मिन्हाज अंसारी,रब्बानी अंसारी,रफीक अंसारी, जावेद अंसारी,अनवारुल अंसारी, इरशाद अंसारी,मुस्ताक अंसारी,फिरोज अंसारी, जमील अख्तर,नसीम अंसारी, मुजतबा अंसारी,जमील अंसारी,सरफराज शाहिदी,मसिउद्दीन अंसारी सहित बच्चों के अभिभावक,गांव की जिम्मेदार और बच्चे शामिल थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अब ये क्या पप्पू यादव अपनी पत्नी के साथ भी नहीं रह रहे!

पटना,(ईएमएस)। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव की लाईफ में लगता है कि सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। उनकी पत्नी और कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने भी स्पष्ट कर दिया है कि वे अलग रह रहे हैं। इस बयान से दोनों में अलगाव के समाचारों को बल मिला है।सांसद पप्पू यादव ने स्पष्ट किया है कि उन्हें लॉरेंस बिश्नोई की गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है, यहां तक कि उन्होंने बिश्नोई को चुनौती भी दी है। उनका कहना है, लॉरेंस, जो भी करना चाहें, करें। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उनकी और सलमान खान की सुरक्षा करे। हालांकि, पप्पू यादव को पहले से ही लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गों से जान से मारने की धमकी मिल चुकी थी। इस बीच, सांसद पत्नी रंजीत रंजन ने कहा है कि उनका अपने पति से कोई ताल्लुक नहीं है और यह कानून-व्यवस्था का मामला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे डेढ़-दो साल से अलग रह रहे हैं और इस मामले में पप्पू यादव के बयानों से उनका कोई संबंध नहीं है। इस पर पूर्व बीजेपी सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने अप्रत्यक्ष रूप से पप्पू यादव की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने बयानों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा नहीं मिलनी चाहिए।पप्पू यादव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे किसी भी खतरे से नहीं डरते और यहां तक कि अपने अंत की भी इच्छा व्यक्त की है। उनका कहना है, अगर कोई मुझे मारना चाहता है, तो जल्दी करे। इस घटनाक्रम ने पप्पू यादव के राजनीतिक जीवन को एक नए मोड़ पर ला खड़ा किया है, जहां वे न केवल बाहुबलियों से बल्कि व्यक्तिगत और राजनीतिक संबंधों से भी जूझ रहे हैं।

### गया में विवाहिता की मिली लाश

गया : गया जिले के चंदौती थाना क्षेत्र के शिवपूरी रोड नंबर पांच में विवाहित महिला फंदे से झूलती हुई लाश मिली है। महिला की छह साल पहले ही शादी हुई थी। घटना टेकारी थाना क्षेत्र के महादेव बिगहा गांव की है। ससुराल वालों का कहना है कि उनकी बहू ने शनिवार रात को ससुराल में कमरे के अंदर फंदा लगा लियाा। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया, पुलिस मामले की जांच जुट गई हैं, मृतका के दो छोटे बच्चे हैं मृतक विवाहिता के चाचा ने बताया कि हम अपनी बेटी के शादी चंदन यादव से की थी। शादी के बाद से ही बुलेट की मांग की जाने लगी और कुछ दिन पहले कुछ ज्यादा ही दबाव बनाने लगे। इसके बाद मैं अपनी बेटी को लेकर अपने गांव ले आया थे। इसके बाद दामाद बुलेट बाइक के लिए पैसे मांगने के लिए मेरे घर पर आए थे। उसके बाद बड़ी मुश्किल से हम लोग ने 50 हजार रुपए बुलेट बाइक लेने के लिए दिए और बोले कि इससे अधिक देना हमसे क्षमता से बाहर है। परिजनों ने कहा कि पूरी रकम नहीं मिलने की बात सुनकर चंदन यादव नाराज हो गया और जबरदस्ती बेटी को अपने घर लेकर चला गया। घर ले जाने के बाद दो घंटे के अंदर ही बेटी की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी कभी सुसाइड नहीं कर सकती है। यह हत्या का मामला है। हत्या कर ससुराल वाले फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### अज्ञात बीमारी से चार बच्चों की मौत

किशनगंज : किशनगंज के दिघलबैंक प्रखंड स्थित जागीर पदमपुर पंचायत के कटहलबाड़ी गांव में अज्ञात बीमारी ने हड़कंप मचा रखा है। रविवार को एक और बच्ची फहीमा खातून (6) की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव में अब तक चार बच्चों की मौत हो चुकी है। इस अज्ञात बीमारी के कारण पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस बीमारी से पहले तीन बच्चों की मौत हो चुकी थी। हाल ही में फहीमा की मौत ने परिजनों में कोहराम मचा दिया है। इस बीमारी से अब तक उजमा नसरीन (5) पिता अबुल कासिम, रिफत परवीन (6) पिता मो. खालिद, नफीस आलम (4) और फहीमा खातून (6) पिता अब्दुल हकीम की जान जा चुकी है। बच्चों की लगातार हो रही मौतों ने गांव वासियों में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोग यह जानने के लिए चिंतित हैं कि आखिर यह अज्ञात बीमारी क्या है, जो इतनी जल्दी बच्चों की जान ले रही है। इस संकट के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिछले चार दिनों से कटहलबाड़ी गांव में शिविर लगाकर अन्य लोगों की जांच करने का कार्य शुरू कर दिया है। इस दौरान जिलाधिकारी विशाल राज ने भी गांव का दौरा किया है और स्थानीय प्रशासन को इस मामले में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने का निर्देश दिया है।गांववासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस बीमारी का पता लगाया जाए और इसके उपचार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्हें आशंका है कि अगर समय पर कोई उपाय नहीं किया गया, तो यह बीमारी और बच्चों की जान ले सकती है।

### मंच पर इनके पैर छूने के लिए झुके सीएम नीतीश कुमार



पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री का गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के नौजर घाट, दीवान मुहल्ला स्थित चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख-शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। पटना सिटी में चित्रगुप्त पूजा के दौरान मंच से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें सीएम नीतीश कुमार पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा के वरीय नेता आरके सिन्हा के पैर छूने के लिए झुकते दिख रहे हैं। दरअसल, पटना सिटी के नौजर घाट पर भी चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच पर पूर्व सांसद आरके सिन्हा संबोधन दे रहे थे। इसी सीएम नीतीश कुमार वहां आए और आरके सिन्हा के पैर छूने के लिए झुके। कुछ पल के लिए पूर्व सांसद भी अंचभित रह गए। लेकिन तुरंत ही पूर्व सांसद ने उन्हें गले लगाने के लिए हाथ बढ़ाया। फिर दोनों नेताओं ने दोनों हाथ जोड़कर एक दूसरे का अभिनंदन किया। लिया। अब यह वीडियो तेजी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सीएम नीतीश कुमार के निर्देश पर नौजर घाट स्थित भगवान चित्रगुप्त की मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य करवाया गया। इसके लिए ही पूर्व सांसद आरके सिन्हा उन्हें धन्यवाद दे रहे थे। इसी दौरान ऐसा हुआ।

### छठ महापर्व में कौमी एकता की मिसाल

सारण : बिहार में छठ महापर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। इस पवित्र पर्व को लेकर हिंदू-मुस्लिम सामुदायिक एकता की जो तस्वीर उभरती है, वह समाज में एकता और भाईचारे का संदेश देती है। छठ पूजा के अवसर पर जहां हिंदू समुदाय सूर्य देव और छठी मैया की पूजा-अर्चना में जुटा होता है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोग भी अपनी सेवाएं और समर्थन देकर धार्मिक सहिष्णुता की अद्भुत मिसाल पेश कर रहे हैं। बिहार के सारण जिले की धरती, जो कौमी एकता के प्रतीक के रूप में पहचानी जाती है, इस बार भी मुस्लिम महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे मिट्टी के चूल्हों के कारण चर्चा में है। छठ पर्व के लिए खास तौर पर बनाए जाने वाले इन चूल्हों का निर्माण मुस्लिम महिलाएं करती हैं, जो एकता और समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण है। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों में छठ महापर्व के लिए मिट्टी के चूल्हों की मांग बढ़ जाती है। खास बात यह है कि इन चूल्हों का निर्माण मुस्लिम महिलाएं करती हैं, जिनकी मेहनत और निष्ठा से ही छठ पर्व में पवित्र प्रसाद तैयार होता है। आसमां बीबी कई वर्षों से इस कार्य में लगी हैं। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा के समाप्त होते ही मुस्लिम महिलाएं भी छठ पर्व की तैयारियों में जुट जाती हैं। चूल्हों को खास तरह की मिट्टी, चंवर की मिट्टी और गाय के गोबर के मिश्रण से तैयार किया जाता है, ताकि यह पवित्र और शुद्ध बने रहें। मिट्टी के चूल्हे बनाने की प्रक्रिया में पूरी स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है। मिट्टी काटने से लेकर इसे गूंथने और फिर धूप में सुखाने तक का हर चरण सतर्कता से पूरा किया जाता है। इन चूल्हों की जोड़ी, जिसे आमतौर पर दो से तीन सौ रुपये में बेचा जाता है, धार्मिक आस्था और स्वच्छता के मानकों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है।

# उपचुनाव से पहले पारस की पार्टी ने दी नेताओं को नई जिम्मेदारी

### प्रिंस राज को प्रदेश अध्यक्ष और केशव सिंह को प्रधान महासचिव बनाया



पटना,(ईएमएस)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) की नई प्रदेश कमेटी घोषित कर दी गई है। प्रिंस राज फिर प्रदेश अध्यक्ष व केशव सिंह प्रधान महासचिव बनाए गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस, केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष सूरजभान सिंह, पूर्व सांसद चंदन सिंह एवं प्रिंस राज पासवान के बीच हुई बैठक में नई प्रदेश कमेटी का पुर्नगठन किया गया है। इसमें 14 महासचिव और 8 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल ने यह जानकारी दी।विधान पार्षद भूषण कुमार को प्रदेश संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष, संजीव रंजन, बिजूल सिंह, रामानन्द यादव, कृष्ण बिहारी सिंह, माधव सिंह, देव कुमार सिंह, रंजीत कुमार एवं राजाराम पासवान को उपाध्यक्ष, सुनील कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कन्हैया कुमार सिंह, राजेश सिंह, शिवनाथ पासवान, चंदन गांधी, नंदकिशोर केसरी, दशरथ पासवान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, तपेश्वर पासवान, दिग्विजय चौरसिया, सुनील सिंह, चंदन कुमार, रमेश सिंह, अभितोष सिंह और मोहम्मद मासूम को महासचिव, विष्णुदेव मंडल को प्रदेश सचिव, मुंगेरी पासवान, राधाकान्त पासवान, जयप्रकाश गुप्ता, सुरेश सिंह निषाद, मो. इदरीस को संगठन सचिव, चंदन सिंह और मनीष आनन्द को प्रवक्ता बनाया गया है।स्मिता शर्मा को महिला प्रकोष्ठ, उपेन्द्र यादव को युवा प्रकोष्ठ, राजू राजवीर को तकनीकी प्रकोष्ठ, डा. सुमन को चिकित्सा प्रकोष्ठ, विजय दास को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, रविशंकर सिंह को पंचायती राज प्रकोष्ठ, परवेज खान को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, दीनबंधु मिश्रा को अधिवक्ता प्रकोष्ठ और गोनेलाल मंडल को सहकारिता प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त है।जदयू 24 नवंबर से 22 दिसंबर तक जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करेगा। इसके लिए पांच टीमें बनाईग गई हैं। हर टीम में नौ-नौ सदस्य हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि जिलास्तरीय सम्मेलन के लिए गठित टीमों का नेतृत्व जदयू के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय झा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर सहित प्रदेश अध्यक्ष के रूप में वह खुद करेंगे।शनिवार और रविवार को अलग-अलग जिलों में जिलास्तरीय सम्मेलन होगा। 22 दिसंबर को पटना में जिलास्तरीय सम्मेलन के साथ इसका समापन होगा।उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में राज्य की 243 विधानसभा सीटों में 173 पर एनडीए को बढ़त मिली थी। वहीं, महागठबंधन की बढ़त मात्र 63 सीटों पर थी। इसे ध्यान में रख 2025 के विधानसभा चुनाव में हमें इससे भी बड़ी जीत हासिल करनी है। हम 225 सीटों के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। इन सम्मेलनों के जरिए से एनडीए की एकता का संदेश नीचे तक पहुंचाना है। भ्रम फैलाने वालों, झूठ का बाजार लगाने वालों और बिना काम किए क्रेडिट लेने वालों का हिसाब जनता खुद करेगी।

### श्राद्ध समारोह में नृत्य देखने गया था युवक

नालंदा : नालंदा जिले के करायपरसुराय थानाक्षेत्र के मखदुमपुर गांव में एक श्राद्ध समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में 18 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। शनिवार-रविवार की रात स्थानीय हरेंद्र यादव की माता के श्राद्ध कर्म के मौके पर आयोजित नृत्य कार्यक्रम के दौरान हुई इस घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया है। नृत्य प्रस्तुति के दौरान की गई अनियंत्रित हर्ष फायरिंग के कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान चिकसौरा थानाक्षेत्र के भवानी विगहा गांव निवासी प्रमोद यादव के बेटे आशीर्वाद यादव के रूप में की गई है। आशीर्वाद नृत्य कार्यक्रम देखने के लिए अपने गांव से करीब दो किलोमीटर दूर मखदुमपुर गांव आया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, नृत्य प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी।

# श्राद्ध कार्यक्रम में नाच रही थीं बार बालाएं, हर्ष फायरिंग हुई और बुझ गया इकलौता चिराग



नालंदा,(ईएमएस)। बिहार में हर्ष फायरिंग खुशी में नहीं अब घर में हुई मौत पर भी लोग हर्ष फायरिंग कर देते हैं। ऐसी ही एक घटना नालंदा में सामने आई। नालंदा जिले में एक श्राद्ध कार्यक्रम में पहले बार बालाओं का डांस हुआ और फिर हर्ष फायरिंग की गई। श्राद्ध कार्यक्रम में एक युवक ने खुशी का इजहार करते हुए हर्ष फायरिंग कर दी जिससे एक घर का चिराग बुझा गया। इस हर्ष फायरिंग में एक लड़के की मौत हो गई। और आरोपी इस घटना के बाद वहां से फरार हो गया। आरोपी की तलाश में पुलिस जगह-जगह छापे मार रही है। बार बालाओं के डांस प्रोग्राम का लाइसेंस नहीं लिया गया था।जानकारी के मुताबिक जिले के करायपरसुराय थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान बार बालाओं का डांस चल रहा था। इसी दौरान हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक लड़के की मौत हो गई। मृतक चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानी बिगहा निवासी प्रमोद प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र आशीर्वाद कुमार है। वह घर का इकलौता चिराग था। आशीर्वाद इंटर की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी घटना के बाद गांव से फरार है।परिजनों ने बताया कि मखदुमपुर गांव के हरेंद्र यादव और अशोक यादव की माता के श्राद्ध कार्यक्रम में बार बालाओं के डांस रखा गया था। आशीर्वाद भी श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गांव आया था। नाच प्रोग्राम के दौरान भोजपुरी गीत पर अशोक यादव के बहनोई ने फायरिंग कर दी। जो युवक के कनपट्टी पर लगी। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीएसपी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और जानकारी के बाद आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# छठ में चांदी काट रही विमानन कंपनियां, किराए में 25 से 60 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी



पटना (ईएमएस)। छठ पूजा को लेकर दूसरे राज्यों से बिहार आने वाली सभी ट्रेन फुल है। वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रही। इसके बाद लोग फ्लाइट्स से आने मजबूर हैं, लेकिन पटना आने वाली फ्लाइट का टिकट भी महंगा हो गया है। दूसरे राज्यों से पटना आने वाली फ्लाइट का किराया 25 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बढ़ गया है। दिल्ली से पटना तक का किराया 23 हजार और लखनऊ से पटना का किराया 25 हजार के करीब पहुंच गया है।दूसरी ओर छठ पर बिहार आने वाले यात्रियों की भारी भीड़ को देखकर रेलवे स्पेशल ट्रेन चला रही है। दिल्ली सहित अन्य राज्यों से बिहार आने वाली राजधानी, तेजस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, गरीब रथ सहित सभी ट्रेनों में सीटें फुल है।

#### पटना से दूसरे शहर की फ्लाइट

पटना से दिल्ली के लिए प्रतिदिन 16, बेंगलुरु के लिए 7, कोलकाता 5, हैदराबाद 4, मुंबई 4, लखनऊ 2, अहमदाबाद 2, चेन्नई 2, चंडीगढ़ 2, रांची 1, देवघर 1, भुवनेश्वर 1, पुणे 1 और गुवाहाटी के लिए 1 फ्लाइट है।

#### स्पाइसजेट और इंडिगो की 16 जोड़ी एक्स्ट्रा फ्लाइट

छठ में पटना आने वाले और यहां से जाने वाले यात्रियों के लिए इंडिगो 6 और स्पाइसजेट 10 जोड़ी नई विमानों का ऑपरेशन शुरू कर दिया है। स्पाइसजेट की 10 जोड़ी फ्लाइटें 15 नवंबर तक ऑपरेट होंगी।

### राजद समर्थक ने चौक पर की तेजस्वी यादव की आरती

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर में राजद नेता तेजस्वी यादव के एक समर्थक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में समर्थक तेजस्वी यादव की तस्वीर के सामने आरती उतारते और भजन गाते हुए नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि यह दृश्य मुजफ्फरपुर-मोतिहारी हाईवे के सादतपुर मोड़ पर स्थित लालू-राबड़ी चौक के पास का है, जहां तेजस्वी यादव की तस्वीर के सामने दीये जलाकर समर्थक उनकी आरती कर रहा है। वायरल वीडियो में समर्थक ने तेजस्वी यादव के लिए भक्ति भरे अंदाज में भजन गाया और उनके जल्द ही बिहार का मुख्यमंत्री बनने की कामना की। इस दौरान उसने कहा कि तेजस्वी यादव बिहार के विकास के लिए काम करेंगे और राज्य में बढ़ते अपराध को रोकने में सक्षम होंगे। राजद के इस उत्साही समर्थक ने तस्वीर के नीचे कई दीये जलाए और पूरे जोश के साथ तेजस्वी यादव की तारीफ में आरती गाई।

### दहेज के लिए विवाहिता की निर्मम हत्या

बेगूसराय : बेगूसराय जिले में दहेज लोभियों की एक और खौफनाक घटना सामने आई है, जिसमें सोने की चेन और चांदी की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने एक विवाहिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना लाखों थानाक्षेत्र के बाजितपुर गांव के वार्ड-5 की है। जहां 25 वर्षीय जूली कुमारी को उसके पति चंचल पासवान और सास-ससुर ने मिलकर मार डाला। इस घटना के बाद से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक जूली कुमारी की शादी तीन साल पहले बाजितपुर निवासी चंचल पासवान के साथ बड़ी धूमधाम से हुई थी। शादी के कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक चलता रहा और जूली ने एक बच्चे को भी जन्म दिया। लेकिन इसके बाद से जूली पर दहेज के लिए प्रताड़ना शुरू हो गई। पति और सास-ससुर की ओर से सोने की चेन और चांदी की मांग लगातार की जाने लगी। जूली के परिजनों के अनुसार, जब भी जूली इस मांग का विरोध करती थी, तो उसे गाली-गलौज और मारपीट का शिकार बनाया जाता था। इस मुद्दे पर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। शुक्रवार को भी दहेज को लेकर जूली के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। पड़ोसियों के माध्यम से जूली के मायके वालों को इस घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद वे तुरंत बाजितपुर पहुंचे और जूली को गंभीर हालत में देखकर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन स्थिति गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान जूली की मौत हो गई।

# एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई, अवैध बालु खनन माफिया और कुख्यात अपराधकर्मी पिता-पुत्र चढ़े पुलिस के हत्थे



पटना : एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालु खनन माफिया और कुख्यात अपराधकर्मी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में सत्येन्द्र पाण्डेय एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय है। पुलिस का कहना है कि दोनों पिता-पुत्र पर हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित लगभग दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। सत्येन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 कांड दर्ज हैं, जबकि नीरज पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 कांड दर्ज है।

#### गिरफ्तार आरोपी हैं पिता-पुत्र

गिरफ्तारी के संबंध में एसटीएफ का कहना है कि बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोजपुर जिला के दो अवैध बालू खनन माफिया एवं कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन अपराधियों की पहचान भोजपुर जिला अंतर्गत कोइलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला गांव निवासी स्व० रामेश्वर पाण्डेय के पुत्र सत्येन्द्र पाण्डेय और सत्येन्द्र पाण्डेय के पुत्र नीजर पाण्डेय के रूप में की गई है।

#### वर्चस्व की लड़ाई में सारण के दो लोगों की हुई थी हत्या

उक्त अपराधकर्मियों ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिनांक 02 मई 2024 को सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी हूंगी महतो के पुत्र विकास महतो और उसी गांव के तुलसी राय के पुत्र सुरर्शन राय का अवैध बालू खनन हेतु वर्चस्व की लड़ाई में हत्या कर दी गई थी। एसटीएफ का कहना है कि कुख्यात अपराधी सत्येन्द्र पाण्डेय अवैध बालु खनन में “पाण्डे गिरोह” चलाता है, जिसका यह सरगना है एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है। सत्येन्द्र पाण्डेय और उसके पुत्र नीजर पाण्डेय को कोइलवर (भोजपुर) थाना कांड सं0 210/24 दिनांक 02.05.2024 घारा 302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट में रूपसपुर (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है।

### सेंट्रल जेल में 100 से अधिक कैदी करेंगे छठ पूजा का व्रत

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर के अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय जेल में इस वर्ष भी छठ पूजा का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया जा रहा है। जेल प्रशासन छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारियों में जुटा हुआ है ताकि व्रत करने वाले सभी कैदियों को पूजा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस बार जेल में 100 से अधिक कैदी छठ पर्व का व्रत करेंगे, जिनमें 38 महिलाएं और 62 पुरुष शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि व्रतियों में चार मुस्लिम महिलाएं भी शामिल हैं, जो अपने हिंदू सह कैदियों के साथ मिलकर इस पवित्र पर्व का व्रत रखेंगी। जेल प्रशासन ने छठ व्रतियों के लिए एक विशेष कृत्रिम तालाब का निर्माण किया है। इसे इस बार रंगीन बल्बों और रोशनी से सजाया जा रहा है। तालाब की सफाई के साथ ही उसे पूजा के लिए सजाया जा रहा है ताकि जेल में बंद व्रती भक्तिभाव से छठी मैया और भगवान भास्कर को अर्घ्य दे सकें।

# लुप्तप्राय डॉल्फिनों के संरक्षण में जुटे डॉल्फिन मैन ऑफ इंडिया, नमामि गंगे पर दो टूक



पटना : भारत में डॉल्फिन मैन के नाम से मशहूर प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने गंगा और उसकी सहायक नदियों में लुप्तप्राय डॉल्फिनों के संरक्षण को अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है। लगभग तीन दशकों से डॉल्फिन संरक्षण में समर्पित, आरके सिन्हा न केवल बिहार के पहले पद्मश्री से सम्मानित वैज्ञानिक हैं, बल्कि उन्होंने देश भर में पर्यावरण संरक्षण का आदर्श स्थापित किया है। उनके कार्य को न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है और वे संरक्षण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक हस्ताक्षर बन गए हैं।

#### डॉल्फिन संरक्षण के लिए समर्पण

रविंद्र कुमार सिन्हा पिछले 31 वर्षों से गंगा और उसकी सहायक नदियों में डॉल्फिनों के संरक्षण पर काम कर रहे हैं। उनका प्रयास मुख्य रूप से गंगा के बेसिन में पाई जाने वाली गंगा नदी की लुप्तप्राय डॉल्फिनों पर केंद्रित है। उन्होंने डॉल्फिनों को शिकार से बचाने के लिए लगातार काम किया है और मछुआरों को डॉल्फिन ऑयल के विकल्प के रूप में एक नया समाधान उपलब्ध कराया है, जिससे डॉल्फिनों की जान को कोई खतरा नहीं हो।

#### सम्मान और मान्यता

रविंद्र कुमार सिन्हा को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए पद्मश्री सहित दस बड़े पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्हें बिहार के पहले वैज्ञानिक होने का गौरव प्राप्त है, जिन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, उनका काम न केवल भारतीय बल्कि विदेशी वैज्ञानिकों द्वारा भी सराहा गया है। उनकी योजनाओं को कई पर्यावरण संगठनों ने आदर्श माना है।

शैक्षणिक और प्रशासनिक योगदान

रविंद्र कुमार सिन्हा का संबंध बिहार के जहानाबाद जिले के एक छोटे से गांव से है। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय में प्राणी विज्ञान के प्रोफेसर के रूप में लंबे समय तक काम किया। बाद में नालंदा ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति बने। अपने चार साल के कार्यकाल में उन्होंने जम्मू-कश्मीर के श्री माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी के कुलपति के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

#### डॉल्फिन मैन की प्रेरणा

रविंद्र कुमार सिन्हा का मानना है कि गंगा और उसकी सहायक नदियां केवल जल स्त्रोत नहीं हैं, बल्कि वे जीवन के समृद्धि का प्रतीक हैं। गंगा में पाई जाने वाली डॉल्फिन को संरक्षित करके वे नदियों की पारिस्थितिकी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका यह समर्पण हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करता है और बताता है कि कैसे व्यक्तिगत प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकते हैं।

#### ‘मेडिकल वेस्ट गंगा में जा रहा’

नमामि गंगे परियोजना को लेकर रविंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि मेडिकल वेस्ट को जलाकर नष्ट करना चाहिए और तरल वेस्ट को गंगा में नहीं बहाना चाहिए। लेकिन मैं देख रहा हूं कि पटना जैसे शहर और अन्य शहरों में भी मेडिकल वेस्ट गंगा में जा रहा है। इस पर हम लोगों ने शोध किया है और पेपर पब्लिश किया है कि कितने तरह के रेसिस्टेंट बैक्टीरिया और केमिकल्स (खतरनाक) इसमें आ गए हैं, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। गंगा एक्शन प्लान यानी नमामि गंगे योजना से मुझे संतुष्टि है और बहुत अच्छी बात है। उन्होंने आगे कहा कि टेम्स वाटर क्लीनिंग दुनिया की सबसे पहली नदी साफ करो योजना थी। काफी लंबे समय तक चली है वो योजना, सैकड़ों वर्ष तक चली है तो आज टेम्स नदी बिल्कुल प्रदूषण मुक्त मानी जाती है।

#### आम लोगों और सरकारों से की सहभागिता की अपेक्षा

आरके सिन्हा ने कहा कि मेरा यही मानना है कि काम अगर होता रहेगा तो गंगा एक दिन साफ होगी। लेकिन आम आदमी की जितनी सहभागिता चाहिए वह नहीं मिल रही है। आज भी दुनिया भर की प्लास्टिक जा रही है वहां। मूर्ति विसर्जन के समय भी बहुत सारे खतरनाक केमिकल्स उसमें चले जाते हैं। इन चीजों के लिए भी हमें मल्टीप्रोंग्ड एक एप्रोच की जरूरत है कि हर तरह से हमको गंगा को साफ रखना है। इसके लिए आम जनता की सहभागिता चाहिए और राज्य सरकारों से भी उतनी ही सहभागिता चाहिए, जितनी नमामि गंगे के लिए हमारी केंद्र सरकार तत्पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### जगरगुंडा के साप्ताहिक बाजार में नक्सली हमला

**दो जवानों पर चाकू से किया वार, हथियार लूटकर भागे**

सुकमा(ईएमएस)। छतीसगढ़ में सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर स्थित जगरगुंडा गांव में नक्सलियों ने जवानों पर हमला किया है। नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम ने 2 जवानों पर चाकू से हमला किया है। इसके बाद उनके हथियार लूटकर मौके से फरार हो गए। इस हमले में करतम देवा और सोढ़ी कन्ना ये दोनों जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राइमरी ट्रीटमेंट के बाद दोनों को एयर लिफ्ट कर रायपुर भेजा गया है। दोनों जवान आज (रविवार) सुबह ड्यूटी पर जगरगुंडा बाजार में गश्त के लिए निकले थे। साप्ताहिक बाजार होने की वजह से भीड़ ज्यादा थी। इस भीड़ में नक्सलियों की एक स्मॉल एक्शन टीम ग्रामीणों की वेशभूषा में पहले से ही घात लगाकर बैठी थी। जैसे ही दोनों जवान बाजार में पहुंचे, नक्सलियों ने इन पर हमला कर दिया।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सुरेश गोपी के खिलाफ एफआईआर

**त्रिशूर पूरम उत्सव में जाने के लिए एंबुलेंस के इस्तेमाल का आरोप**

तिरुवनन्तपुरम (ईएमएस)। केरल पुलिस ने केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी के खिलाफ त्रिशूर पूरम तक पहुंचने के लिए एंबुलेंस का गलत इस्तेमाल करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर सीपीआई के जिला नेता सुमेश केपी की शिकायत पर दर्ज की गई है। हालांकि पहले सुरेश गोपी ने उत्सव स्थल तक पहुंचने के लिए एम्बुलेंस के इस्तेमाल को लेकर अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की थी। लेकिन बाद में उन्होंने बयान बदलते हुए कहा था कि कुछ गुंडों ने उनकी कार पर हमला किया था, जिससे उनके पैर में चोट आई थी और उन्हें एंबुलेंस में बैठकर जाना पड़ा।

### बोत्सवाना में 58 साल से सत्ता में जमी पार्टी को हराकर राष्ट्रपति बने ड्यूमा बोको

**प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई**

नई दिल्ली (ईएमएस)। रविवार को बोत्सवाना में 58 साल से सत्ता में जमी पार्टी को उखाड़कर नए राष्ट्रपति बने ड्यूमा बोका को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए बोको के साथ निकटता से काम करने के इच्छुक हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बोत्सवाना के राष्ट्रपति के रूप में आपके निर्वाचन पर बधाइयां। आपके सफल कार्यकाल के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए बोको के साथ निकटता से काम करने को उत्सुक हैं। अम्ब्रेला फॉर डेमोक्रेटिक चेंज (यूडीसी) के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ड्यूमा बोको को बोत्सवाना का छठा राष्ट्रपति घोषित किया गया है। दक्षिणी अफ्रीकी देश के चुनाव में यूडीसी ने जीत हासिल की थी।

**पूर्व राष्ट्रपति मोकग्वेत्सी ने स्वीकार की हार**

बोत्वाना में आखिरी नतीजे आने से पहले ही निवर्तमान राष्ट्रपति मोकग्वेत्सी मासीसी ने अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने उसी दिन ड्यूमा बोको को फोन कर बधाई दी थी। मासीसी ने 1966 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद से सत्ता पर काबिज थे। इस हार के साथ ही उनकी पार्टी का 58 साल पुराना शासन समाप्त हो गया।

### कन्नड़ फिल्मों के मशहूर निर्माता-निर्देशक गुरुप्रसाद ने की आत्महत्या

**-सड़ी-गली हालत में मिला शव**

बेंगलुरु (ईएमएस)। कन्नड़ फिल्मों के मशहूर निर्माता-निर्देशक गुरुप्रसाद ने सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या कर ली। उनका शव कर्नाटक स्थित घर में सड़ी-गली हालत में मिला है। फिल्म निर्माता का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें एडेलु मंजूनाथ और डायरेक्टर्स स्पेशल जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उन्हें बेंगलुरु के मदनायकना हल्ली में उनके अपार्टमेंट में मृत पाया गया। बताया जा रहा है कि गुरुप्रसाद ने पैसों की तंगी के चलते आत्महत्या कर ली। गुरुप्रसाद के अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री के लोग सदमे में हैं। एसपी सीके बावा ने गुरुप्रसाद की मौत की पुष्टि की और बताया कि 5-6 दिन पहले कन्नड़ फिल्म निर्माता को अपने अपार्टमेंट में घुसते हुए देखा गया था और फिर वे गायब हो गए। शव की हालत से पता चलता है कि गुरुप्रसाद ने 5-6 दिन पहले आत्महत्या की होगी। बावा ने यह भी कहा कि फिल्म निर्माता पैसों की तंगी से जूझ रहे थे और इसके चलते उन्होंने आत्महत्या की है। अभी हमारे पास सिर्फ इतनी जानकारी है। पुलिस उनकी मृत्यु के समय और परिस्थितियों की पुष्टि करने के लिए जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, उनके घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जांच करने पर अधिकारियों को पता चला कि गुरुप्रसाद छत के पंखे से लटके हुए थे।

**कर्ज की वजह से तनाव में गुरुप्रसाद** : गुरुप्रसाद लोगों से लिए कर्ज की वजह से तनाव में रहते थे। वह लेनदारों के दबाव में थे, जिसके कारण उन्होंने परेशान होकर आत्महत्या करने का फैसला लिया। हाल ही में उन्होंने दूसरी शादी की तैयारी के लिए भी कर्ज लिया था जो वो नहीं चुका पा रहे थे। फिल्म निर्माता के अलावा गुरुप्रसाद ने कई फिल्मों में अभिनय भी किया था और इन दिनों वह अपनी अपकमिंग फिल्म एडेमा की शूटिंग में बिजी थे। अब गुरुप्रसाद की मौत के बाद इस फिल्म की शूटिंग अधूरी रह गई।

### बागपत जिलाध्यक्ष यूनुस को कांग्रेस ने पद से हटाया

**युवती से अश्लील हरकत का वीडियो हुआ था वायरल**

लखनऊ (ईएमएस)। यूपी के बागपत कांग्रेस जिला अध्यक्ष यूनुस चौधरी को पार्टी ने उन्हें पद से हटा दिया है। कांग्रेस के प्रवक्ता अभिमन्यु त्यागी ने इसकी पुष्टि की है। यूनुस चौधरी का युवती के सामने अश्लील हरकत करने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद ये कार्रवाई हुई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि उनकी इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से फोन पर बात हुई है, जिसमें उन्होंने युनूस चौधरी को बागपत जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाने की बात कही है। कांग्रेस प्रवक्ता त्यागी के अनुसार, युनूस चौधरी का एक युवती के साथ आपत्तिजनक वीडियो शुक्रवार को सार्वजनिक हुआ था, जिसके बाद पार्टी नेतृत्व ने यह कार्रवाई की है। क्या युनूस चौधरी को पार्टी से भी निकाला जाएगा? इस सवाल पर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस पर फैसला जल्द ही पार्टी नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। उधर, इस मामले में बातचीत के लिए युनूस चौधरी से उनके मोबाइल पर सम्पर्क करने की काफी कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

**युनूस चौधरी ने कहा, राजनीतिक विरोधियों की साजिश**


सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में युनूस चौधरी ने इस घटना को अपने राजनीतिक विरोधियों की साजिश बताया है। उनका कहना है कि उन्हें बदनाम करने के लिए विरोधियों द्वारा वीडियो को एडिट कर प्रसारित किया गया है। घटना के बारे में पूछने पर बागपत के पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि पुलिस के पास अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। अगर शिकायत मिलती है तो नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई होगी।

### पेड़ गिरने से स्कूटर सवार की मौत

कन्नड़ (ईएमएस)। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर इलाके में सड़क पर एक पेड़ गिरने से स्कूटर सवार की मौत हो गई। यह हादसा पंज-कडबा रोड पर कडबा के पास पुलिकुक्कू में हुआ। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान सीताराम गौड़ा (58) के रूप में हुई है। वह एडमंगला सहकारी बैंक में काम करते थे। वह एडमंगला गांव के देवय्या सुब्बाना गौड़ा के बेटे थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी, बेटा और बेटी हैं। यह हादसा तब हुआ जब सीताराम गौड़ा दीपावली त्योहार के दौरान कुछ खरीददारी के बाद घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों ने कहा कि कडबा और आसपास के नेट्टाना में सड़कों पर पेड़ गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं।

# आतंकियों को हमले की कीमत चुकानी होगी: मनोज सिन्हा

## जम्मू-कश्मीर के एलजी ने दिए सुरक्षा एजेंसियों को फ्री हैंड



जम्मू (ईएमएस)। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में ग्रेनेड हमले को लेकर आतंकियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि हमले की कीमत चुकानी होगी। एजी ने डीजीपी नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को दंडित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठनों को कुचलने और इस मिशन को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ने की पूरी स्वतंत्रता है। उन्होंने आतंकवादी तत्वों को उनके नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देने के सरकार के संकल्प को दोहराया। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की खबरें सुर्खियों में हैं। श्रीनगर में रविवार के बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा, सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें। विधानसभा का सत्र शुरू होने से एक दिन पहले आतंकियों ने रविवारीय मार्केट में ग्रेनेड से हमला कर दिया। हमले में एक दर्जन नागरिक घायल हुए हैं। हमले के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है। घायलों को इलाज के लिए एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान**

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस ने ऐसे हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया।

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने एक बयान में कहा, दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की दुर्भाग्यपूर्ण और भयावह घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस को ऐसे क्रूर और अमानवीय हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि जनता स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के घूम सके।

## पीएम मोदी से मिले सीएम योगी, महाकुंभ समेत उपचुनाव को लेकर चर्चा



नई दिल्ली (ईएमएस)। रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात करीब एक घंटे तक चली। इस दौराना प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के उपचुनाव समेत महाकुंभ को लेकर चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि 4 जून को आए लोकसभा के नतीजों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह पहली मुलाकात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह मुलाकात कई मायनों में काफी अहम मानी जा रही है। मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर काफी देर तक चर्चा हुई है। साथ में प्रदेश की विकास परियोजनाओं को लेकर भी बातचीत हुई है। अगले साल प्रयागराज में होने वाले वाले महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार जोरशोर से तैयारी की गई है। जूना अखाड़ा और किन्नर अखाड़े के नगर प्रवेश के साथ ही महाकुंभ मेले की अनौपचारिक शुरुआत हुई। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी की इकाई में काफी उहापोह देखने को मिला था।

**सीएम योगी को धमकी देने वाली फातिमा हिरासत में**

यूपी के सीएम के लिए धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद महाराष्ट्र एटीएस, ठाणे पुलिस और मुंबई की वर्ली पुलिस जांच में जुट गई थी। संयुक्त जांच में पता चला कि महिला ठाणे के उल्हासनगर की रहने वाली है। उसका नाम फातिमा खान है। सूत्रों की मानें तो फातिमा मानसिक तौर पर अस्थिर है। योगी को धमकी मिलने के बाद एटीएस को इस बारे में सूचना दी गई थी। एटीएस ने ही सबसे महिला महिला को ट्रेस किया। उसकी लोकेशन उल्हासनगर की थी।

## महाराष्ट्र चुनाव पर बोले नवाब मलिक अजित पवार होंगे किंग मेकर ?

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री नवाब मलिक ने कहा, अजित पवार ही किंग मेकर होंगे। नवाब मलिक मानखुर्द शिवाजी सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) उम्मीदवार हैं। नवाब मलिक ने कहा कि वह पूरी तरह से अपनी पार्टी अजित पवार की एनसीपी के उम्मीदवार हैं। महायुति गठबंधन चुनावी मैदान में उनके खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद अजित पवार की भूमिका किंग मेकर की होगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में उनकी लड़ाई महायुति गठबंधन के साथ ही समाजवादी पार्टी के साथ है। नवाब मलिक ने कहा, मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार हूं, मैं अजीत पवार के साथ हूं, उन्होंने मुझे उम्मीदवार बनाया है, अब महायुति गठबंधन चाहे वह बीजेपी हो या शिवसेना, मेरे खिलाफ चुनाव लड़ रही है और मेरी लड़ाई उनके साथ है।

**महाराष्ट्र में लड़ाई कठिन, बहुमत का अनुमान लगाना मुश्किल**

नवाब मलिक ने कहा कि महाराष्ट्र में एक बहुत कठिन लड़ाई है। हम यह नहीं कह सकते कि बहुमत किसे मिलेगा। दोनों पक्षों में तीन पार्टियों का एक गठबंधन है। इसलिए अजित पवार सरकार के गठन में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी इस तथ्य को नकार नहीं कर सकता है कि अजीत पवार महाराष्ट्र में किंगमेकर की भूमिका निभाएंगे। दाऊद इब्राहिम और अंडरवर्ल्ड से संबंध के आरोपों पर नवाब मलिक ने कहा कि जिस तरह से मेरा संबंध अंडरवर्ल्ड से जोड़ा गया, लोगों ने विधानसभा में मुझे गद्दार तक कहा, आतंकवादियों से मेरे संबंध जोड़े, मैंने इस पर स्पष्ट रूप से कहा है कि हमने इसका जवाब इसलिए नहीं दिया क्योंकि इस पर

## बस, बोलेरो और टैम्पो में टक्कर, एक महिला समेत दो की मौत, 12 से अधिक घायल




बस्ती (ईएमएस)। उत्तर प्रदेश के बस्ती के कलवारी थाना क्षेत्र में टांडा पुल के पास एक सड़क हादसे में बस, बोलेरो और टैम्पो में जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे एक महिला समेत दो लोगों की मौत हुई, जबकि 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे बस्ती के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ओपी सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए आठ एम्बुलेंस लगाई गईं। घटना में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। सिंह ने बताया कि चिकित्सक ने सोनहा थाना क्षेत्र के तुरकौलिया उर्फ करमहिया गांव निवासी रामचन्द्र (78) व सोनहा थानाक्षेत्र की करमहिया गांव निवासी नजिमा खातून (30) को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार श्रद्धालुओं से भरी बस अम्बेडकर नगर से बस्ती की तरफ आ रही थी, तभी कलवारी थाना में टांडा पुल के पास ओवर टेक के चक्कर में आपस में बस, बोलेरो और टैम्पो में जबरदस्त टक्कर हो गई।

**जोरदार टक्कर में तीनों गाड़ियां पलटी**

टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों गाड़ियां पलट गयी। बस सड़क के किनारे पलटी जबकि बोलेरो और टैम्पो खाई में पलट गए। टैम्पो में सवार चार बच्चे पानी में डूबने लगे जिनको ग्रामीणों ने बचाया। स्थानीय लोगों ने घायलों को गाड़ियों से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ियों को खाई से बाहर निकाला और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एएसपी ने बताया कि घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## वक्फ संसोधन बिल को लेकर सरकार को घेरेगी जमीयत उलेमा ए हिन्द

**संविधान संरक्षण सम्मेलन में शामिल हुए हजारों लोग**

नई दिल्ली (ईएमएस)। जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ सरकार को घेरने की योजना बनाई है। इसके लिए जमीयत उलेमा ए हिन्द ने दिल्ली के गांधी इंडोर स्टेडियम में संविधान संरक्षण सम्मेलन का आयोजन किया है। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल हुए। मौलाना अरशद मदनी, महमूद मदनी, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और दूसरे मुस्लिम संगठन से जुड़े हुए लोग यहां पहुंचे।

जमीयत उलेमा ए हिन्द क़े यूपी अध्यक्ष मौलाना अशहद रशीदी ने कहा कि इन लोगों की निगाह मदरसों पर है। हम कहते हैं कि मदरसों को मत छेड़ो। जब तक मदरसे हैं, तभी तक आजादी है। जब मदरसों का वजूद नहीं रहेगा तो धरती का भी वजूद खत्म हो जायेगा। क्योंकि मदरसों ने आजादी में सबसे अहम किरदार निभाया था। ये लोग हमारे नबी की शान में गुस्ताखी करते हैं और चाहते हैं कि मुसलमान हिंसा करें और सड़कों पर आ जाएं, लेकिन हमें कानून हाथ में नहीं लेना है। अरशद मदनी, बोर्ड के अध्यक्ष सैफल्लाह रेहमानी, टीडीपी के उपाध्यक्ष नवाब जान भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

**चंद्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार करें विरोध**

अरशद मदनी ने कहा, हम अगले महीने आंध्र प्रदेश में पांच लाख मुसलमानों का बड़ा सम्मलेन करेंगे और अपनी बात चंद्र बाबू नायडू क़े सामने बात रखेंगे, क्योंकि वो सरकार में शामिल हैं। हम चाहते हैं नीतीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू और चिराग पासवान वक्फ बोर्ड संसोधन बिल का विरोध करें। इस कार्यक्रम के दौरान जमीयत उलेमा ए हिन्द की तरफ से दावा किया गया कि वक्फ संसोधन बिल के खिलाफ 24 नवंबर को पटना में होने वाली रैली में नीतीश कुमार शामिल होंगे।

# सरकारी दावों के बावजूद गेहूं-सरसों की बुवाई के वक्त खाद की कमी से जूझ रहे हैं किसान

## लगभग 100 लाख टन डीएपी की मांग, देश में आधा उत्पादन भी नहीं, खाद के लिए मारामारी, हो रही कालाबाजारी

**कई राज्यों में किसानों ने 1350 रुपए वाले डीएपी बैग को ब्लैक में खरीदने के लिए दो-दो हजार चुकाए**

नई दिल्ली/भोपाल(ईएमएस)। मप्र से लेकर राजस्थान, यूपी, बिहार और हरियाणा तक के किसान इस समय डीएपी (डाई-अमोनियम फॉस्फेट) की किल्लत से जूझ रहे हैं। डीएपी दूसरी सबसे ज्यादा खपत वाली खाद है। इसके लिए किसानों को दो-दो दिन लाइन में लगना पड़ रहा है और कुछ सूबों में तो पुलिस के पहरे में इसका वितरण हो रहा है। तमाम सरकारी दावों के बावजूद आखिर ऐसा क्यों है कि गेहूं और सरसों जैसी महत्वपूर्ण फसलों की बुवाई के वक्त किसानों को डीएपी संकट का सामना करना पड़ रहा है। कई राज्यों में किसानों ने 1350 रुपये वाले 50 किलो डीएपी बैग को ब्लैक में खरीदने के लिए दो-दो हजार रुपये चुकाए हैं, क्योंकि अगर इसका इस्तेमाल नहीं करेंगे तो फसलों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है।

हालात ये हैं कि भाजपा और कांग्रेस ही नहीं दूसरी पार्टियों के शासन वाले सूबों में भी किसानों को डीएपी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। वजह ये है कि देश में डीएपी की जितनी मांग है इसकी उतनी उपलब्धता नहीं है। ऐसे में अधिकांश राज्यों को उनकी जरूरत जितनी डीएपी की आपूर्ति नहीं हो पाई है। भारत सरकार अपने किसानों को डीएपी उपलब्ध करवाने के लिए आयात पर निर्भर है और इस साल इसके आयात में गिरावट आई है। जिसका असर साफ-साफ ग्राउंड पर दिखाई दे रहा है। लेकिन ऐसा क्यों हुआ? हम आजादी के 77 साल बाद भी किसानों को खाद तक उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। किसानों को इसके लिए लाठी खानी पड़ रही है।




**राज्यों में आधी सप्लाई भी नहीं**

देश में डीएपी की कमी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कई राज्यों को जरूरत की आधी खेप भी नहीं पहुंची है। भाजपा शासित मप्र में सितंबर 2024 के दौरान 1,57,000 मिट्रिक टन डीएपी की जरूरत थी, जबकि उपलब्धता सिर्फ 69,702.9 मिट्रिक टन की ही हो पाई। भाजपा के शासन वाले यूपी में सितंबर 2024 के दौरान 1,95,000 मिट्रिक टन डीएपी की जरूरत थी और यहां पर 1,35,474 टन की ही उपलब्धता हो पाई। भाजपा और उसके सहयोगियों के शासन वाले महाराष्ट्र में 65,000 मिट्रिक टन डीएपी की जरूरत थी, जबकि उपलब्धता सिर्फ 15,671.7 मिट्रिक टन की ही हो सकी। भाजपा के शासन वाले छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 के दौरान 10,000 मिट्रिक टन डीएपी की जरूरत थी, जबकि उपलब्धता सिर्फ 6,840.1 मिट्रिक टन की ही रही। कांग्रेस शासित कर्नाटक में सितंबर 2024 के दौरान 41.630 मिट्रिक टन डीएपी की जरूरत थी, जबकि उपलब्धता सिर्फ 23,367.96 मिट्रिक टन की ही थी। कांग्रेस शासित तेलंगाना में सितंबर के दौरान 20,000 मिट्रिक टन की जरूरत के मुकाबले 12,139.7 मिट्रिक टन की ही उपलब्धता रही। टीएमसी के शासन वाले पश्चिम बंगाल में सितंबर 2024 के दौरान 32,680 मिट्रिक टन की जरूरत के मुकाबले सिर्फ 27,830.61 मिट्रिक टन डीएपी पहुंचा।

**डीएपी का सियासी दांव**

किसानों के मुद्दे सियासी तौर पर बेहद संवेदनशील होते हैं। इस वक्त गेहूं और सरसों की बुवाई चल रही है। ऐसे में इतनी महत्वपूर्ण खाद की शॉर्टेज से किसान परेशान हैं। डीएपी की किल्लत हुई तो विपक्ष ने सरकार को घेरने में देर नहीं लगाई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरसों, गेहूं और कुछ अन्य फसलों की खेती के लिए जरूरी डीएपी की कमी ने किसानों को लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया है। कई जगहों पर स्थिति गंभीर हो गई है और किसान विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हैं।

भारत में यूरिया के बाद सबसे ज्यादा खपत डीएपी की होती है। हर साल लगभग 100 लाख टन डीएपी की मांग है। जिसका अधिकांश हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में संघ और विश्व हिंदू परिषद का ट्रंप को समर्थन?

5 नवंबर को अमेरिका मे राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। अमेरिका में भारतीय मूल के लाखों की संख्या में मतदाता हैं। कई राज्यों में भारतीय मूल के मतदाता हार और जीत में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी ने भारतीय मूल के मतदाताओं को हर तरह से लुभाने का प्रयास तेज कर दिया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में अमेरिका और बांग्लादेश सहित विश्व भर के सभी हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा करने का भरोसा दिलाया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने दीपावली पर दिए गए संदेश में, भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ, बांग्लादेश के हिंदुओं की भी चिंता की है। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर जो हमले हो रहे हैं, उन्होंने उनकी रक्षा करने के लिए अमेरिका की मौजूदा नीति में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के 19 लाख वोटर दो खेमो में बंट गए हैं। जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति थे, तब उन्होंने वीजा के नियम भारतीयों के लिए कड़े किए थे। उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों के लिए शुल्क भी बढ़ाया था। विश्व व्यापार संधि को लेकर भी नियम कड़े किए थे। पिछले राष्ट्रपति पद के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में जाकर ट्रंप का समर्थन किया था, इसके बाद भी ट्रंप चुनाव हार गए थे। पिछले वर्षों में भारत सरकार ने जैसे-तैसे जो वाइडेन के साथ अपने रिश्ते ठीक किये। सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हैं। वह भारत के तमिलनाडु मूल की हैं। उन्हें भारतीय मतदाताओं का समर्थन बड़े पैमाने पर मिल रहा है। इसको देखते हुए पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय मतदाताओं का समर्थन हासिल करने, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ और विश्व हिंदू परिषद के ऊपर दबाव बनाया। भारतीय मूल के मतदाताओं का समर्थन हासिल करने हर संभव प्रयास किए हैं। विश्व हिंदू परिषद और संघ के अमेरिका में जो संगठन काम कर रहे हैं। वह एक तरह से ट्रंप का खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। जिस तरह से चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच में अंतिम चरण में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। उसके बाद भारतीय मूल के मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को आभार जताकर जो समर्थन दिया है, उसकी अमेरिका मे बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया होती हुई दिख रही है। अमेरिका में भारतीय मूल के मतदाताओं के बीच में कमला हैरिस पसंदीदा प्रत्याशी हैं। अमेरिका में अभी तक कोई भी महिला राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित नहीं हुई है। इस बार उनके जीतने की संभावनाएं बहुत ज्यादा हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में जिस तरह से भारतीय मूल के लोगों के साथ उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किया था। भारतीय समुदाय के नागरिकों पर शुल्क बढ़ाए गए थे। वीजा नियमों को कड़ा किया गया था। तमाम कोशिशें के बाद भी भारतीय मूल के मतदाता पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की ओर आकर्षित नहीं हो पा रहे थे। पिछले चुनाव में जिस तरह से अमेरिका में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के समर्थन में कहा था। अबकी बार ट्रंप सरकार, उसके बाद भी राष्ट्रपति के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप पराजित हुए। इस बार भी विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से डोनाल्ड ट्रंप को जो समर्थन दिया है, उसकी अमेरिका में अन्य समुदायों के बीच बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। मणिपुर में जिस तरह से ईसाई नागरिकों का नरसंहार किया गया है। उसकी अमेरिका में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं है। विश्व हिंदू परिषद के समर्थन दिए जाने के बाद कट्टर नस्लवादी अमेरिका में भारतीय समुदाय के खिलाफ हो गए हैं। हिंदू समुदाय का मतदाता इस चुनाव में दो भागों में बंट गया है। भारतीय समुदाय के मतदाताओं को लेकर अन्य मूल के मतदाता ट्रंप के खिलाफ एकजुट होने लगे हैं। जो आगे चलकर अमेरिका में रह रहे भारतीयों के लिए बड़ी मुश्किल के रूप में सामने आ सकता है। ब्रिटेन में जिस तरह का खामियाजा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भुगतना पड़ा। जिस तरह से ऋषि सुनक भारतीय मूल के होने के कारण और भारतीय मूल के साथ अलग व्यवहार करने का उन पर आरोप लगा। उनकी जो छवि ब्रिटेन में भारत सरकार ने बनाई, उसका खामियाजा ऋषि सुनक को भुगतना पड़ा। समय से पहले उन्हें इस्तीफा देकर चुनाव कराना पड़ा। चुनाव में उनकी करारी पराजय हुई। उसके बाद से ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोग अलग-थलग पड़ गए हैं। कुछ इसी तरह की गलती अब अमेरिका के चुनाव में भारत सरकार, संघ और विश्व हिंदू परिषद कर रही है। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों पर डोनाल्ड ट्रंप के समय नस्लवादी घटनाओं के कारण भारतीयों पर हमले बढे थे। इस चुनाव में भारत की जो भूमिका राष्ट्रपति पद के चुनाव में है। उसको लेकर अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों में डर और भय देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर रिश्तों के कारण डोनाल्ड ट्रंप को जो फायदा हो सकता था। वह उन्हें इस चुनाव में हो रहा था। सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस भारतीय मूल की महिला है। अमेरिका के चुनाव में भारत को चुप रहने मे फायदा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के दौरान अमेरिका की यात्रा पर गए। हाल ही में विश्व हिंदू परिषद ने जिस तरह से चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में बयान को जारी किया है। अमेरिका और भारत के रिश्तों में इसका भविष्य के लिए अच्छा संकेत दिखाई नहीं पड़ रहा है। अमेरिका में जिस तरीके से नस्लवाद बढ़ रहा है। भारतीयों के ऊपर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। उससे भारतीयों की चिंता अमेरिका में बढ़ रही है। राष्ट्रपति चुनाव परिणाम आने के बाद अमेरिका में हिंसा भड़काने की संभावना भी व्यक्त की जा रही है। जिसने भारतीयों की चिंता को और भी बढ़ा दिया है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर 2024-व्हाइट हाउस की रेस,कौन होगा विनिंग फेस, ट्रंप या हैरिस

**किशन सनमुख़दास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत नें 4 जून 2024 को अपना निर्णय सुनाया अब बारी दो महत्वपूर्ण राज्यों महाराष्ट्र में झारखंड की है जहां 20 नवंबर 2024 को मतदान व 23 नवंबर 2024 को परिणाम आने हैं। परंतु पूरे दुनियाँ की नज़रें इन दिनों अमेरिका में दो दिनों के बाद यानें 5 नवंबर 2024 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर लगी हुई है। बता दें अर्ली वोटिंग जो अभी 4.3 करोड़ से अधिक हो चुकी है व 4 नवंबर 2024 को इसकी अंतिम तिथि है, फिर सीधा अंतिम चुनाव होगा।चूँकि नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण के लिए 20 जनवरी 2025 की तारीख मुकर्रर है,इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, व्हाइट हाउस की रेस, कौन होगा विनिंग फेस, डोनाल्ड ट्रंप या कमला हैरिस। साथियों बात अगर हम 5 नवंबर 2024 को अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव की करें तो अमेरिका में वॉइट हाउस की रेस अंतिम चरण में पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है। 5 नवंबर को होने वाले चुनाव से पहले ही 4.1 करोड़ सेअधिक अमेरिकी अपने मतपत्र डाल चुके हैं। तमाम चुनाव सर्वेक्षणों के नतीजों को देखते हुए इसे हाल के इतिहास में सबसे कठिन चुनावों में से एक कहा जा रहा है। इस साल वॉइट हाउस की रेस अमेरिका में सबसे असामान्य में से एक रही है। डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी बहस में बुरे प्रदर्शन के बाद पार्टी के भारी दबाव के चलते राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रेसिडेंशियल रेस से अपना नाम वापस ले लिया था। इसके बाद डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को अपना उम्मीदवार बनाया था। कमला हैरिस ने पार्टी उम्मीदवार बनने के बाद से ही सभीसर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर दी है। हालांकि, दोनों के बीच का अंतर मामूली रह गया है।अमेरिका में चुनाव 5 नवम्बर मंगलवार को होंगे। अमेरिका के संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकी नागरिक नवम्बर के पहले सोमवार के बाद आने वाले मंगलवार को मतदान करेंगे। राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाला उम्मीदवार 20 जनवरी को पद की शपथ लेता है और अगले चार साल वॉइट हाउस में सेवा देगा।अमेरिका में चुनाव के बाद 5 नवम्बर को ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, लेकिन यह पता लगने में कई दिन लग सकते हैं कि अगला राष्ट्रपति कौन होगा। आम तौर पर मीडिया हाउस अपने पास मौजूद आंकड़ों के आधार पर चुनाव की रात या अगले दिन राष्ट्रपति चुनाव के विजेता की घोषणा करते हैं। अगर कोई उम्मीदवार 270 या उससे अधिक इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल करता है, तो उसे चुनाव का विजेता घोषित किया जाएगा।साल 2020 के पिछले राष्ट्रपति चुनाव में 3 नवम्बर को मतदान हुआ था।

# संघ की मांग में उधार का सिन्दूर

**राकेश अचल**

|आज के आलेख का शीर्षक पढ़कर आप मुझे संघ यानि आरएसस का विरोधी न समझ लें। मै संघ से असहमत हो सकता हूँ लेकिन उसका धुर विरोधी नहीं। दुनिया में मेरे अनेक संघी मित्र हैं और मित्र ही नहीं, अभिन्न मित्र हैं ,क्योंकि वे गुरु गोलवलकर की तरह जखड्डी नहीं बल्कि रज्जू भैया की तरह उदार ह्रदय हैं। संघ यानि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल 25 सितंबर को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा ,लेकिन इस शताब्दी को छूते-छूते संघ अनेक मामलों में सम्पन्न होते-होते विपन्न हो गया है। यहां तक कि अब उसके पास अपने नारे तक नहीं बचे हैं। संघ ने मजबूरन अपनी मांग में उधार का सिन्दूर भरना शुरू कर दिया है।
संघ आजकल अपने नए नारे बंटोगे तो कटोगे को लेकर सुर्ख़ियों में है ,लेकिन ये नारा संघ की अपनी खोज नहीं है। इस नारे के जनक गैर-संघी हिंदूवादी नेता और उत्तरप्रदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। योगी जी ने ये नारा आम चुनाव के बाद 2024 में भाजपा की अप्रत्याशित पराजय के बाद गढ़ा और 4 जून 2024 के बाद देश में हुए अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में इसका इस्तेमाल किया। योगी जी का नारा कट्टर हिन्दुओं के सिर चढ़कर बोलता दिखा तो धीरे से संघ ने इस नारे को सिन्दूर समझकर अपनी मांग में भर लिया। संघ के बड़े नेता दत्तात्रय होसबोले ने सबसे पहले इस नारे का समर्थन किया और आज न केवल संघ बल्कि पूरी भाजपा इस नारे के सहारे देश में साम्प्रदायिकता की नई इबारत लिखने में जुटी हुई है।

बंटोगे तो कटोगे का नारा सिहरन पैदा करने वाला है। इस नारे से सबसे ज्यादा सिहरन उत्तर प्रदेश में देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश में ही भाजपा को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की युति की वजह से लोकसभा में धूल चाटना पड़ी थी। संघ और योगी के इस नारे के जबाब में कांग्रेस ने तो कोई नारा नहीं गढ़ा किन्तु समाजवादी पार्टी ने एक नारा जरूर गढ़ लिया कि -जुड़ोगे तो जीतोगे इस नारे से सिहरन नहीं होती।

ये नारा उम्मीदों का नारा लगता है। समाजवादी पार्टी ने इस नारे से पहले पीडीए का फार्मूला इस्तेमाल किया था और सपा का नया नारा भी इसी फार्मूले का परिष्कृत संस्करण है। अब इसी महीने ऊपर में होने वाले विधानसभा के उप चुनावों में इन दोनों नारों का परीक्षण भी हो जाएगा। मेरे हिसाब से ये नारे नहीं बल्कि सियासी मिसाइलें हैं। देखना है कि कौन सी मिसाइल ,कितनी मारक साबित होती है ? बात संघ की मांग में उधार के सिन्दूर की है। संघ की सम्पन्नता और विपन्नता को जानने के लिए आपको मेरे साथ संघ के 99 साला सफर का विंहगावलोकन करना होगा।
आप सभी जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन् 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ॰ केशव हेडगेवार द्वारा की गयी थी।ये वो दौर था जब देश दासता कि बेड़ियों में जकड़ा था और इससे मुक्ति के लिए छटपटा रहा था। संघ का मकसद प्रारंभिक प्रोत्साहन हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना था और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट करना था।जबकि उसी दौर में महात्मा मोहनदास करमचंद गांधी उस समय के पीडीए के फार्मूले पर पूरे देश को एकजुट कर नया भारत बनाने के लिए प्रयास कर रहे थे। जीत गांधी की हुई। हेडगेवार का सपना पूरा नहीं हो सका। भारत आजाद हुआ तो पाकिस्तान की तरह धार्मिक राष्ट्र नहीं बना बल्कि एक ऐसा प्रभुता सम्पन्न देश बना जिसमें सभी धर्मों के लिए समान अवसर और सम्मान हासिल था। संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार लगातार 15 साल तक अपने उद्देश्य की पूर्ती के लिए कोशिश करते रहे और हिन्दू राष्ट्र का अधूरा सपना लिए ही चल बसे। उनके बाद माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने संघ कि कमान सम्हाली।
गुरु गोलवलकर के नाम से लोकप्रिय माधवराव सदा शिवराव ने संघ को लगातार 33 साल तक अपने खून-पसीने से सींचा और वे 1940 से 1973 तक संघ के सर्व सम्मत मुखिया रहे। ये दौर आजादी के बाद नेहरू,शास्त्री और इंदिरा गाँधी का दौर था। इन तीनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में संघ का प्रसार खूब हुआ। पाबंदियां भी लगीं रहीं किन्तु संघ का सपना पूरा नहीं हुआ। अनेक सपने ऐसे होते हैं जो आसानी से पूरे नहीं होते। गुरु गोलवलकर भी डॉ हेडगेवार की तरह भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने में नाकाम रहे और चल बसे। गुरु गोलवलकर के बाद एक और माधवराव आये उनका पूरा नाम माधवराव दत्तात्रय देवरस था।
देवरस का संघ भी ठीक वैसा ही संघ था जैसा हेडगेवार साहब चाहते थे। देवरस साहब ने लगातार 21 साल १९७३ से 1994 तक देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के अधूरे सपने को पूरा करने में अपना पसीना बहाया,लेकिन वे भी कामयाब नहीं हुये। हाँ देवरस के काल में संघ को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल का सामना करना पड़ा।
ये समय संघ की सक्रियता का एक तरह से नया युग था। इस 19 महीने के काले समय में संघ के स्वयंम सेवकों ने भूमिगत रहकर देश में हिंदुत्व का रंग भरने कि भरपूर कोशिश की। संघ को इसका प्रतिफल भी मिला लगभग 50 साल के प्रतीक्षा के बाद 1996 में संघ के प्रचारक माननीय अटल बिहारी बाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने।लेकिन तब तक देवरस काल समाप्त हो चुका था। 1994 में ही देवरस संघ के लिए उपलब्ध नहीं रह पाए। उनकी जगह रज्जु भैया ने संघ की कमान सम्हाल ली थी ,इसलिए सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का सुयश रज्जू भय के खाते में दर्ज हुआ। रज्जू भैया 1994 से 2000 तक संघ के सर्वे-सवा रहे। ये रज्जू भैया की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। बावजूद उन्हें अल्पकाल में ही संघ कि कमान छोड़ना पड़ी।
संघ के नए प्रमुख 2000 में किसी सुदर्शन बनाये गए। उन्होंने भी ९ साल तक संघ कि खूब सेवा कि ,लेकिन उनके कार्यकल को यादगार नहीं कहा जा सकता। सुदर्शन जी ने समय रहते अपनी इच्छा से डॉ मोहन भागवत को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। पिछले 14 साल से डॉ मोहन भागवत संघ के अधूरे सपने में रंग भरने कि कोशिश कर रहे हैं। डॉ भागवत जन्मे तो थे पशुओं कि सेवा के लिए लेकिन वेटनरी डाक्टर बनने के बाद उन्होंने पशुओं कि सेवा करने के बजाय संघ कि सेवा को चुना। वे खानदानी संघी है। ऊके पिता भी संघ के प्रचारक थे। इसलिए उनके लिए संघ बहुत सहज प्लेटफार्म था।
डॉ मोहन भागवत को संयोग से 2014 में एक ऐसा नेता मिला जो सहोदर न होते हुए भी सहोदर जैसा था। उस नेता का नाम है नरेंद्र दामोदर दास मोदी। दोनों हम उम्र हैं। एक साथ प्रचारक रहे हैं और ये फर्क करना मुश्किल होता है कि वे दो जिस्म एक जान नहीं है। आप मोदी में मोहन को और मोहन को देख सकते हैं। डॉ मोहन भागवत के मौजूदा 14 वर्ष के कार्यकाल में भाजपा तीसरी बार सत्ता में आयी है। लेकिन इस अवधि में भी डॉ हेडगेवार के सपने में रंग भरने में संघ को कामयाबी नहीं मिली। हालाँकि इस काल में संघ के हिस्से में राम जन्म भूमि विवाद का निबटारा,नए राम मंदिर का निर्माण और मंदिर में रामलला कि प्रतिमा कि स्थापना का सुयश दर्ज हो चुका है।
संघ और भाजपा के दो बड़े नेताओं कि ये जोड़ी 2024 के आमचुनाव होते होते बिखरने लगी। मोदी कि भाजपा संघ से बड़ी नजर आने लग। संघ के 98 साल के लम्बे जीवन में पहली बार अपनी ही बिल्ली ने म्याऊं करके दिखाया। भाजपा ने पहली बार ही कहा कि उसे अब संघ कि जरूरत नहीं है।
संघ प्रमुख डॉ मोहन भगवत अपमान का ये घूँट भी चुपचाप कड़वी दवा समझकर पी गए। उनका सब्र काम आया या नहीं लेकिन इस दौर में वे देश के सबसे पहले असुरक्षित संघ प्रमुख जरूर बन गये। उन्हें देश कि सरकार से सुरक्षा हासिल करना पड़ी।
डॉ भागवत के मौन का सुफल ये हुआ कि केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों पर लगी पाबंदी को हटा दिया। संघ के प्रचारक जहाँ-तहाँ स्थापित कर दिए गए। संघ के हजारों स्वयं सेवक डबल इंजिन की सरकारों से हर महीने हजारों रूपये का नेमनूक [ पारश्रमिक ] पा रहे हैं संघ के सौ साल के सफर में संघ के लिए सबसे कठिन दौर अब है।
संघ के पास अब कोई चमत्कारी उपकरण नहीं हैं। संघ को गैर संघी मठाधीश योगी आदित्यनाथ के नारे के सहारे आगे का सफर तय करना पड़ रहा है। ये संघ के लिए शुभ है या अशुभ ये राम ही जाने। हम तो इतना जानते हैं कि संघ इस समय भाजपा कि कठपुतली है और उसकी मांग में योगी द्वारा सृजित उधार का सिन्दूर भरा हुआ है। संघ के शतायु होने पर कोटि-कोटि बधाइयाँ। मोहन जू को शुभकामनाएं कि वे संघ के प्रथम सुप्रीमो की ही भांति कम से कम 40 साल तक संघ की सेवा करें।

# कुमार विजय गुप्त :सामाजिक संदर्भ के महत्वपूर्ण जनवादी कवि

**भावानंद सिंह**

जनवादी कवि सामाजिक संदर्भ में अपने जीवन के व्यापक समय को अपने पर्यावरण में निहित जीवटता और संदर्भित उपादेयता पर दृष्टिपात करता है ।वह आम जनों से जुड़े सरोकारों एवं उनकी पीड़ा से उपजे संताप को अनुभव भी करता है जिसका बिम्ब उनकी कविताओं में सहज रूप से देखा जा सकता है ।इस प्रकार के कवियों को कविताओं के लिए समाज में घट रही घटनाएं एवं विषमतावादी वैविध्य कविता बुनने एवं शब्दों से केली करने को प्रेरित करता है।वे हमेशा ही मानवीय मूल्यों के प्रति सजग ही नहीं रहते बल्कि अपने आचरण में उसके प्रति सम्यक उत्तरदायित्व का समदर्शी समभाव भी दर्शाते हैं। समकाल का समाज ऐसे कवियों को अपेक्षित दशा प्रदान कर रहा है कि वह जनवादी विमर्श में अपने शब्दों , विचारों एवं कविताओं को एक आईना का रूप दे सके, जिसमें अभिकर्मक और उत्पाद दोनों अपने कृत्य एवं भोगे हुए यथार्थ को देख सकता है ।
मैं ऐसे ही जनवादी एवं समकालीन कवि को जानता हूँ जो अपनी लेखनी से आम जनमानस की व्याकुलता एवं उसके अंतस में युद्ध करता हुआ पात्र की पहचान करता है और अपनी कविताओं के माध्यम से समय की सत्ता और समाज के मध्य सम्यक सेतु के निर्माण के लिए तत्पर रहता है।
इनकी कविताओं में अंर्तकथा के विविध स्वरूप का मिश्रण भी प्रतिबिंबित होता है ।ये समकालीन दशा के परिवेश पर अपनी कलम को पूरे मनोयोग और आत्मविश्वास के साथ चलाते हैं जो इनके निर्भिकता को स्पष्ट परिभाषित करता है ।
कुमार विजय गुप्ता उन्हीं विशिष्ट कवियों में शुमार है जिनकी कविताएं सिर्फ भावनाओं, संवेदनाओं और संभावनाओं की बात नहीं करता बल्कि उनकी कविताएं अतीत का पड़ताल करने और भविष्य के भावार्थ को समझने का भी सम्यक द्वार खोलता नजर आता है ताकि वर्तमान को उनके सम्यक परिप्रेक्ष्य में आकलित किया जा सके ।
इनका प्रथम काव्य पुष्प लौटा हुआ लिफाफा इस प्रकार की अभिव्यक्ति को संपूष्ट करता नजर आता है। इस संग्रह में कुल तिहत्तर कविताएं हैं ,जो अपने सामाजिक दायित्वों एवं मानवीय संकल्पनाओं पर अपेक्षाकृत अधिक जोर देता है । आत्म- कविता के रूप में इन्होंने अपना आत्म साक्षात्कार अनंत क्लोन कामनाएँ कविता के माध्यम से जो प्रस्तुत किया है वह एक प्रकार से कवि के नैसर्गिक अध्यात्मिक भावनाओं का वांछित आवेग है जिसके द्वारा वह संपूर्ण समाज की पीड़ा को कम करनेऔर कौतुहलता को पूरी करने की आकांक्षा रखता है ।इस संग्रह की पहली कविता मुझे ढूंढो में कवि स्वयं को एक प्रकार से सेतु बनने की बात करता है जैसा कि इन पंक्तियों में उद्धरित हुआ है-
मुझे ढूँढो ,तुम्हारी दो पंक्तियों के बीच के गिरे पड़े हुए अर्थो को उठाकर दुलारता हुआ मिलूँगा मैं
कोमा,विराम के अवरोधों को ध्वस्त करता हुआ, तुम्हारे हरेक लहूलुहान वाक्यों में मिलुँगा मैं ।
सपनों का मर जाना जीवन का वह अभिशाप है जहाँ से शुरू होता है जिन्दगी का किस्तों में पिघलना ।कवि की पीड़ा देखिए कि इन पंक्तियों में आम जनमानस की व्यथा को किस प्रकार रेखांकित करते हैं -
एक मरे हुए आदमी की खुली आँखों में, मैं उतर रहा हूँ धीरे-धीरे....,मरे हुए सपने का सुराग ढूंढने।
व्यवस्था की चोट खाए व्यक्ति जब हारकर वापस घर आता है तब उसकी हालत और हालात उस लौटे हुए लिफाफे की तरह होती जिसके हर अंग में समय की मार का बिम्ब स्पष्ट दिखाई पड़ता है ।लिफाफा अपनी यात्रा में कई पडावों से गुजरता है ,इन पड़ाव में कहीं उदासीनता मिलती है तो कहीं अपमान का दंश।कवि मानवीय संदर्भ में कहते हैं-
न जाने किन गली कूचों से गुजरा होगा ,दस्तक दिया होगा न जाने किन-किन दरवाजों पर......, याचना भरी मुद्रा में ,उन नाम जैसे तमाम नामों के सामने, कुछ तो देखकर ही सिहर उठे होंगे...।
एक कहावत है -रखियो बड़ों से आस,जईयो कभी न पास। राजधानी एक्सप्रेस कविता में कवि आम जनमानस की व्यथा और उसके बड़प्पन को जिस प्रकार से रेखांकित करते हैं हमें लगता है एक नीचले तबके और मध्यम वर्ग के समाज के लिए उक्त कहावत सटीक बैठता है ।सत्ता की यह उपेक्षा भी हमारा समाज खुलकर स्वीकार नहीं करता है और हम उसके द्वारा दिए गए चंद आश्वासन पर ही गर्व करते हैं।
पिता का चश्मा कविता में कवि पिता के बारीख अनुभव और वर्तमान समय की दुनिया के बीच यथार्थ को टटोलते नजर आते हैं,जहाँ उसे पिताजी की सम्यक दृष्टि का अंदाजा मिलता है कि पिता दुनिया और समय के बीच किस प्रकार से सामंजस्य बैठाकर जीवन के यथार्थ को समझ के साथ आत्मसात करते थे ।कवि यही वह रोटी है कविता के माध्यम से वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भ्रष्टाचार में डूबी व्यवस्था के खिलाफ एक व्यंग कसते नजर आते हैं ,यथा - मित्रो ,यही वह रोटी है ,जिसके बारे में लोकोक्ति है ,बाँट चुट खाय ,राजा घर जाय ।कवि का नैतिक ताप उसे जलाता है और आत्मचिंतन को विवश भी करता है ,जैसा कि आप इन दिनों पत्र नहीं आते कविता में डाकिया की प्रासंगिकता पर कवि प्रश्न करते नजर आते हैं -आत्मीय रिश्तों के संवाहक ये नायक ,क्या निर्वासित कर दिए जायेंगे, निबंधों और संबंधों की सूची से ।कवि के विषयगत कहन की बात करें तो कवि की लेखकीय शैली ,शिल्प और शब्दों का चयन काबिलेतारीफ है ।इनकी समकालीन रचनाशीलता की प्रवृतियाँ कविता को विमर्श में खड़ा करती है और जनवादी समस्याओं को ज्वलंत बनाकर सामाजिक तानेबाने में अपने बौद्धिक विचारों से सत्ता के सामने सत्ता की असफलता भ़ी पेश करते हैंऔर पहचान-पत्र की प्रासंगिकता को एक खास घटना से जोड़कर व्यंग करते हैं ।पहचान-पत्र कविता में कवि कहते हैं - हादसे और हत्यारे की कोई गारंटी नहीं, कि कब कहाँ किधर से आ दबोचे, और विकृत कर जाए हमारे चेहरे,ऐसे में शर्तिया पहचान लिए जाऐंगे हम ....।
इस संग्रह की अंतिम कविता हे राम ! में कवि ने समकालीन परिदृश्यों को विभिन्न किस्तों में मानवीय समाज के अवांछित पहलु की पहचान की और अपनी भावनाओं से आम जन को परिचित कराते हैं कि समग्र कालखंड के काला अध्याय को कैसे पहचाना जाय ।
यथा- ये देखो लाशों के पर्वत, खून की नदियां, आँसुओं के झील ......,इस युग में ,मुझसे नहीं जीत पाओगे तुम ,क्योंकि मैं मार चुका हूँ अपने सारे विभीषण को ..।संग्रह की और भी बहुत सारी कविताएं हमसे स्वतः बात करती नजर आएंगी जब आप इस संग्रह के साथ यात्रा करेंगे । हमें लगता है समकाल के स्वभाव को अगर जानना हो तो कुमार विजय गुप्त का कविता संग्रह लौटा हुआ लिफाफा एक बेहतर विकल्प हो सकता है ।

# बेहतर सड़क सुरक्षा की दिशा में बढ़ते कदम

**धर्मानंद सारंगी/ पंकज अग्रवाल**

सड़क परिवहन, भारत में परिवहन का प्रमुख साधन है और यात्री एवं माल यातायात के संदर्भ में इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। सड़क नेटवर्क और वाहन बेड़े के तेजी से विस्तार और परिणामस्वरूप गति में हुई वृद्धि के कारण, हर साल लगभग 4.5 लाख दुर्घटनाएँ और 1.5 लाख मौतें होती हैं, जिससे अनुमान है कि सकल घरेलू उत्पाद के 3% का आर्थिक नुकसान होता है। दुर्घटना के आंकड़ों से पता चलता है कि 68 प्रतिशत मौतें में सड़क उपयोगकर्ताओं का कमज़ोर समूह, जैसे दोपहिया वाहन, पैदल यात्री और साइकिल चालक शामिल होता है। सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण हैं - तेज़ गति से वाहन चलाना, ड्राइवरों का ध्यान भटकना, मोबाइल का उपयोग और लाल बत्ती का उल्लंघन करना आदि। आधी से ज़्यादा मौतें देश की 35 वर्ष से कम आयु की युवा आबादी की होती हैं। प्रतिकूल सामाजिक प्रभावों को रोकने और सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित सड़क परिवहन में सुधार करना अनिवार्य है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और माननीय मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) के कुशल मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्रालय इस दशक के अंत तक प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के क्रम में 4ई (अर्थात इंजीनियरिंग, कार्यान्वयन, जागरूकता और आपातकालीन देखभाल) को स्थायी तौर पर मजबूत करने के लिए एक व्यापक योजना की अवधारणा तैयार कर रहा है।
राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 6.3 मिलियन किलोमीटर के कुल सड़क नेटवर्क का 2.3 प्रतिशत है, लेकिन कुल सड़क यातायात में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले यातायात की औसत गति अधिक होती है और भारी वाणिज्यिक वाहनों का प्रतिशत भी अधिक होता है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक तिहाई मौतें और दुर्घटनाएँ राष्ट्रीय राजमार्गों पर होती हैं। मंत्रालय ने परियोजना कार्यान्वयन के सभी चरणों में सड़क सुरक्षा ऑडिट को अनिवार्य कर दिया है, ताकि किसी भी नई परियोजना में इंजीनियरिंग दोष न होना सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी ब्लैक स्पॉट( दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को खत्म करने के लिए पूरे भारत में अभियान शुरू किया है। पहचान किये गए कुल 13795 ब्लैक स्पॉट में से 9525 ब्लैक स्पॉट पर गति नियंत्रण उपाय, फुटपाथ चिह्न, सड़क संकेत, सोलर स्टड, पैदल यात्री क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप्स ( पट्टियों से वाहनों के गुजरने पर गड़गड़ाहट की आवाज होती है) इत्यादि जैसे अल्पकालिक उपाय पूरे किए जा चुके हैं और शेष स्पॉट को मार्च, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्लेषण से पता चला है कि अल्पकालिक उपाय 85% ब्लैक स्पॉट्स में प्रभावी रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप मृत्यु और गंभीर चोटों वाली दुर्घटनाओं में कमी आई है। 4593 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालीन उपाय, जैसे रेलिंग के साथ फुटपाथ का प्रावधान, जंक्शन सुधार, फ्लाईओवर, सड़क चौड़ीकरण, ज्यामितीय सुधार, फुट ओवर ब्रिज इत्यादि पूरे किए जा चुके हैं और शेष, जहाँ आवश्यक है, को 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पिछले 2 वर्षों में, जिन 5 किलोमीटर या उससे अधिक लंबाई के एनएच खंडों में कोई मौत नहीं हुई है, वे व्यापक नमूने के अध्ययन के आधार पर एनएच नेटवर्क का लगभग 14.5% हिस्सा हैं। उक्त एनएच खंडों को सफेद गलियारों के रूप में प्रस्तावित किया गया है और क्षेत्रीय अधिकारियों को इन गलियारों की सुरक्षा करने और उन्हें अच्छी स्थिति में बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया है। निर्माण क्षेत्र सुरक्षा उपायों को पूरी गंभीरता से लागू किया जा रहा है।
मंत्रालय ने ई-डीएआर ( इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट ) की शुरुआत की है, जो दुर्घटना डेटा की रिपोर्ट, प्रबंधन और विश्लेषण के लिए एक केंद्रीय डेटा भंडार है। दुर्घटना स्थलों की तुरंत पहचान की जाती है और संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा इंजीनियरिंग दोष का आकलन करने के लिए उनका दौरा किया जाता है। यदि आवश्यक हो, तो स्थल पर आवश्यकता के अनुसार समाधान के उपाय लागू किए जाते हैं। जून, 2024 तक इंजीनियरिंग हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले 6014 दुर्घटना स्थलों में से लगभग 5446 दुर्घटना स्थलों पर इंजीनियरिंग दोष का उपयुक्त निवारण किया गया है। नई कारों और एसयूवी के सुरक्षा मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग प्रणाली शुरू की गयी है - भारत नयी कार मूल्यांकन योजना (बीएनसीएपी), जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है। माननीय प्रधानमंत्री ने 13 अगस्त, 2021 को अनुपयुक्त और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति की शुरुआत की थी। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पूरे देश में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों (एटीएस) और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) का एक इकोसिस्टम स्थापित किया जा रहा है। सड़क वर्गीकरण को ध्यान में रखे बिना, सड़कों पर कानून और व्यवस्था तथा विनियमन का कार्यान्वयन राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंत्रालय ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कार्यान्वयन के लिए नियम अधिसूचित किए हैं तथा स्पीड कैमरा, सीसीटीवी, स्पीड गन, डैश कैम, बॉडी वियरेबल कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराये हैं। बच्चों के लिए सुरक्षा कवच/क्रैश हेलमेट अनिवार्य करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम में यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए आर्थिक दंड में भी वृद्धि की गयी है।
सड़क सुरक्षा पर लोगों को प्रशिक्षण और जागरूक बनाना समय की मांग है, ताकि वाहन चलाते समय या सड़क का उपयोग करते समय मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। मंत्रालय ने बच्चों में सड़क सुरक्षा के बारे में अच्छी प्रथाओं को विकसित करने के लिए कार्यक्रमों का एक सेट तैयार किया है और शिक्षा मंत्रालय से स्कूली शिक्षा, 2023 की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ( एनसीएफ) में इसे शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने राज्य और जिला स्तर पर अत्याधुनिक क्षेत्रीय वाहन-परिचालन केंद्र ( आरडीटीसी), वाहन-परिचालन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना भी लागू की है।एक अनुमान के अनुसार, यदि पीड़ितों को गोल्डन ऑवर ( दुर्घटना के बाद के 2 घंटे) के दौरान उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो काफी संख्या में होने वाली मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और वित्तीय सेवा विभाग के सहयोग से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को अधिकतम 7 दिनों की अवधि में 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने के लिए मोटर वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना को अंतिम रूप दिया है और इसे मंजूरी दी है। इस योजना को जल्द ही अखिल भारतीय स्तर पर लॉन्च किया जाएगा। यह योजना अस्पतालों को समयबद्ध तरीके से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य करती है। विभिन्न विश्लेषणों से यह स्पष्ट होता है कि चुना गया मार्ग और अपनाई गई कार्ययोजना सही दिशा में है तथा सकारात्मक और उत्साहवर्धक है। हालाँकि, मृत्यु दर में 50% कमी लाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इस लक्ष्य के लिए मंत्रालय प्रतिबद्ध है और राज्य सरकारों के साथ मिलकर लगातार काम कर रहा है। सभी संबंधित सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और सड़क उपयोगकर्ताओं को सड़क दुर्घटनाओं और उनकी गंभीरता को रोकने और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पेंटर ने किया नाबालिग छात्रा से रेप, केस दर्ज, पुताई के दौरान हुई थी पहचान

इन्दौर (ईएमएस) ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से रेप के मामले में तेजाजी नगर थाना पुलिस ने पेंटर का काम करने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी छात्रा के यहां काम पर आता था। इसी दौरान उससे पहचान हुई और उसने बहला फुसलाकर उसके साथ रेप किया। तेजाजी नगर थाना पुलिस के अनुसार सत्रह वर्षीय नाबालिग की शिकायत पर योगेश भावोर निवासी मूसाखेड़ी पर रेप का केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि, आरोपी उसके यहां पुताई का काम करने आता था। इसलिए वो उसे पहचानती है। मई में योगेश ने छात्रा से बात की थी। योगेश इसके बाद मोबाइल पर उससे बातें करने लगा। एक दिन योगेश ने उससे कहा कि, वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। योगेश स्कूल से छात्रा को अपने साथ लेकर गया। उसके साथ शादी की बात कर घर पर रेप किया। इसके बाद योगेश उसके साथ सबंध बनाते रहा। 16 अक्टूबर को भी योगेश ने अपने घर ले जाकर उसके साथ रेप किया। जब छात्रा ने योगेश से शादी का कहा तो उसने इनकार कर कहा कि, अगर यह बात किसी को बताई तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद योगेश ने उसे मिलने के लिए कॉल किया तो उसने मना कर दिया जिसके बाद योगेश ने उसे बदनाम करने की धमकी दी। छात्रा ने अपने दादा को पूरी बात बताई और योगेश के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी योगेश की तलाश शुरू कर दी है।

### शादी के बारह दिन पहले युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

इन्दौर (ईएमएस) अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि 15 नवंबर को उसकी शादी होने वाली थी। मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र का है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम अभिषेक नामदेव है। पुलिस को पूछताछ में मृतक के भाई ने बताया कि वह रात में चौराहे से आया और अपने कमरे में चला गया था। थोड़ी देर बाद मां ने जब दरवाजा खटखटाया तो उसने नहीं खोला। मां को लगा वह सो रहा होगा। इसके बाद उसके मोबाइल पर कॉल किया तो उसने फोन भी नहीं उठाया। जब कमरे में झांककर देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। मृतक के भाई प्रकाश ने पुलिस को बताया कि दिन में उन्होंने साथ में मूवी देखी थी उस समय वह काफी खुश दिख रहा था। रात में दोनों चौराहे तक काम से गए थे। अभिषेक वापस घर आ गया। पुलिस को उसके मोबाइल में भी कुछ नहीं मिला है। उसकी वॉटसएप चैटिंग हिस्ट्री भी क्लियर थी। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। वह परदेशीपुरा इलाके की एक ऑटो पार्टस की दुकान पर काम करता था। उसका शंकर गंज में रहने वाली एक युवती के साथ 5 साल से अफेयर चल रहा था। दोनों परिवारों की मर्जी से शादी भी तय हो गई थी। 15 नवबंर की शादी की तारीख तय हुई है जिसका कार्ड भी छप चुके थे और उसकी शादी की तैयारियां चल रहीं थी। इसी बीच अभिषेक ने यह कदम उठा लिया। फिलहाल पुलिस ने शव को रविवार को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है।

### गाय को पीटने से रोका तो गोरक्षक और उसके भाई को पीटा, 16 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, दो हिरासत में

हाथरस (ईएमएस)। कुछ लोग निराश्रित गाय को बुरी तरह से मारते हुए ले जा रहे थे। गोरक्षक ने गाय को पीटने का विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उन्हें पीट दिया। जब उसका छोटा भाई जब उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी, डंडा, सरिया और फावड़ा लेकर हमला कर दिया। मुरसान क्षेत्र के गांव कुरावली में दो नवंबर को गांव के ही दूसरे समुदाय के लोगों ने एक गो रक्षक व उसके भाई को बुरी तरह से पीटा। इसमें दोनों घायल हो गए। गोरक्षक ने मुरसान कोतवाली में 16 लोगों के खिलाफ इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। गो रक्षक ओंकार सिंह निवासी कुरावली मुरसान ने बताया कि 2 नवंबर की सुबह 10 बजे गांव के आस्मीन, इरबीन, जुरबीन, गयासुद्दीन, अभिषेक, इश्ताक, वकील, ताजुद्दीन, आमीन, मोमीन, सुनील, अब्बू, अखिलेश, इशाक, इस्फाक, बंटी मिलकर एक निराश्रित गाय को बुरी तरह से मारते हुए ले जा रहे थे। इसमें सुनील को छोड़ कर बाकी 15 लोग दूसरे समुदाय के हैं। आरोप है कि जब उन्होंने गाय को पीटने का विरोध किया तो आरोपियों ने एक राय होकर उन्हें पीट दिया। इसका शोरगुल सुनकर ओंकार सिंह का छोटा भाई प्रकाश सिंह जब उन्हें बचाने आया तो आरोपियों ने लाठी, डंडा, सरिया और फावड़ा लेकर हमला कर दिया। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें घायल अवस्था में देख गांव वालों ने दोनों को बचाया है। ओंकार सिंह किसान हैं और खेती करते हैं। उनके भाई प्रकाश यूपीएससी की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है। सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। घायल गोरक्षकों का उपचार कराया जा रहा है।

### गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया

हाथरस (ईएमएस)।ब्राह्मणपुरी पुरानी तहसील रोड सिकंदराराऊ स्थित आरसी हेल्थ केयर फार्मा के मंदिर प्रांगण में शनिवार की देर शाम हर वर्ष की भांति इस बार भी गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गोवर्धन पूजा के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। शाम के समय गोवर्धन महाराज की आरती और गिरिराज धरण श्री कृष्ण का संगीतमय कीर्तन श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहो.....का नजारा बेहद ही खूबसूरत था। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते हुए नजर आए। उसके बाद अन्नकूट का प्रसाद वितरित किया।श्रद्धालुओं ने अन्नकूट का प्रसाद उत्साह के साथ ग्रहण किया। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा अर्चना कर विश्व व परिवार में सुख शांति की कामना की। राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पहले सभी ब्रजवासी इंद्र देव की पूजा करते थे। भगवान श्री कृष्ण के कहने पर सभी ब्रजवासियों ने गोवर्धन की पूजा करनी प्रारंभ कर दी। जिसके कारण इंद्रदेव क्रोधित हो गए और ब्रज में घनघोर वर्षा प्रारंभ करा दी। चारों ओर तबाही मचने लगी। ये सब देखकर भगवान श्री कृष्ण ने सबकी रक्षा करने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठा लिया। सभी ब्रजवासियों ने अपने परिवार और पशुओं के साथ गोवर्धन पर्वत के नीचे शरण ली। सात दिनों तक घनघोर वर्षा होती रही। परंतु इससे भी ब्रजवासी विचलित नहीं हुए। तब इंद्रदेव को ये आभास हुआ कि श्री कृष्ण कोई साधारण बालक नहीं हैं। ऐसे में उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की। इसीलिए पूरे देश में गोवर्धन पूजा की जाती है। इस अवसर पर रमेश चतुर्वेदी, मुनेश चतुर्वेदी, विनय चतुर्वेदी, पंकज चतुर्वेदी, नरेश चतुर्वेदी, आरसी हेल्थ केयर फार्मा के निदेशक राजीव चतुर्वेदी, राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी, अरविंद कुमार शर्मा, मुकेश भारद्वाज, रितिक पांडेय,मुदित भारद्वाज, विदितदेव चतुर्वेदी, सिद्धार्थ, हर्षित, युवराज, रुद्र, अर्जुन पंडित, वंश, स्पर्श, शौर्य कटारा, राकेश सेंगर सभासद, अवनीश यादव, निखिलेश सिसोदिया, आदि मौजूद थे।

### भैया दूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

हाथरस (ईएमएस)। भैया दूज का पर्व जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक माना जाता है, जिसमें बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक करके उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति प्रेम का इजहार किया।जनपद में इस पर्व की धूम सुबह से ही देखने को मिली। बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनके लिए प्रार्थना कर रही थीं, और इस परंपरा के अनुसार उन्होंने भाइयों को गोला और मिठाइयां भी भेंट कीं। त्योहार का उल्लास हर घर में दिखाई दिया, और शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति था, जिसके माथे पर लाल रंग का तिलक न हो।भैया दूज के पर्व के कारण बाजारों में भीड़-भाड़ देखने को मिली। मिठाइयों, परचून और उपहारों की दुकानों पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रही। दीपावली के बाद बाजारों में फिर से मिठाइयों की बाढ़ आ गई, और खरीदारों की लंबी कतारें भी नजर आईं। विवाहित बहनों ने भाइयों के घर जाने का सिलसिला सुबह से ही शुरू कर दिया था, जिससे सड़कों पर भी भारी भीड़ रही।भैया दूज के अवसर पर बाजार में गोले की मांग भी काफी बढ़ गई थी। महिलाएं विशेष रूप से इस त्योहार के लिए गोले खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचती रहीं। दुकानदारों ने इस त्योहार के लिए गोले का स्टॉक पहले से ही तैयार कर रखा था, जिससे बाजार में इसकी बिक्री तेजी से हुई।

# गाडरवारा में हुआ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

### मंत्री सिंह व सांसद की विशेष मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

नरसिंहपुर (ईएमएस)। पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ रूद्र मैदान गाडरवारा में मां सरस्वती का पूजन- अर्चन कर हुआ। पूर्व राज्यसभा सांसद सोनी एवं मंत्री सिंह ने खेल ध्वज फहराया और सामूहिक राष्ट्रगान का गायन हुआ। सभी संभाग के खिलाड़ियों द्वारा टैगोर विद्या निकेतन की बैंड दल की प्रस्तुति के साथ मार्च पास्ट किया गया। आतिशबाजी के साथ अतिथियों द्वारा आसमान में गुब्बारे छोड़े गए। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मती ज्योति नीलेश काकोड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष गाडरवारा शिवाकांत मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, पूर्व विधायक नरेश पाठक व मती साधना स्थापक, मिनेंद्र डागा, भूपेंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर मती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मती मृगाखी डेका, उप संचालक संचालनालय जबलपुर, अंजू शुक्ला, मुकेश मरैया, संदीप सिंह, प्रियांक जैन, विक्रांत पटैल, सहायक कलेक्टर शुभम यादव, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉ. प्राचीस जैन, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, जिला क्रीड़ा अधिकारी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया, खिलाड़ी, छात्र- छात्रायें और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि कार्यक्रम का श्रृंगार ये बच्चे हैं। अगले तीन दिन इन बच्चों का कौशल व प्रतिभा गाडरवारा शहर में देखने को मिलेगी । बच्चों के अभिभावक, स्कूल के प्रिंसपल और स्कूल के संचालकों से कहा कि पूरे प्रदेश के खिलाड़ी यहां खेलने के लिए आये हैं, इनका खेल देखने के लिए बच्चों को ज़रूर भेजें, जिससे वे भी कुछ सीख सकें। दूसरे बच्चों को खेलते देखकर बच्चों को मोटिवेशन कहीं नहीं मिलता। पूरे मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूल के जो सर्वश्रेष्ठ कबड्डी के खिलाड़ी यहां आये हैं। आने वाले समय में इन्हीं बच्चों में प्रदेश की टीम बनेगी, यहीं खिलाड़ी देश का नेतृत्व करेंगे। मंत्री सिंह ने कहा कि आज के इस आयोजन में पूरे प्रदेश से खिलाड़ी, स्टॉफ, कोच सहित लगभग 600 लोग यहां आये हैं। इनकी सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रतियोगिता के समापन के बाद सुरक्षित अपने घर पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी भी हमारी है। यह गाडरवारा नगर के सहयोग से पूरा नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि 16 नवम्बर से यहां राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसमें 28 राज्यों के लगभग एक हजार से भी ज्यादा खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। पूरा देश गाडरवारा में आने वाला है, उसकी रिहर्सल की यह तैयारी है। जिस तरह पूरे मध्यप्रदेश के खिलाड़ी यहां पर आये हैं, इसी तरह 16 तारीख को पूरे हिंदुस्तान के खिलाड़ी गाडरवारा आयेंगे, वह हमारे लिए बड़ी चुनौती होगी। इस आयोजन को गर्वपूर्ण तरीके से करना है। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि घर के प्रत्येक व्यक्ति को इस आयोजन में अपनी सहभागिता देनी है और उनका उत्साहवर्धन करना है। उन्होंने कहा कि शासकीय व अशासकीय आयोजन समिति बेहतर से बेहतर व्यवस्था करें।पूर्व राज्यसभा सांसद सोनी ने कहा कि हमें मोबाइल का मर्यादित उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में सभी अपने बच्चों को भेंजे और वे कबड्डी खेल को अपनायें। उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से काम करने की आदत इस खेल में है, सारे व्यायाम खेल में है, जीत और हार खेल में है। हारने के बाद निराश होने की आवश्यकता नहीं है और जीतने वाले को घमंड करने की जरूरत नहीं है। हारने वाले को निराश न होकर कौन सी कमी रह गई हमारे खेल में उससे सबक लेकर आगे बढ़ने की तैयारी करें। जिंदगी के सारे सबक खेल में है। ये सबक मध्यप्रदेश के सारे बच्चे गाडरवारा की धरती से लेकर जायेंगे। आज जितने भी मप्र के बच्चे आये हैं, वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें राज्य स्तरीय खेल में भाग लेने का मौका मिला। राज्य स्तरीय टूर्नामेंट राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आगाज है। उन्होंने कहा कि आज सभी खेल भावना को लेकर जायेंगे। सांसद दर्शन सिंह ने कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी संभागों के खिलाड़ियों को कहा कि बेटा- बेटी पूरी ऊर्जा के साथ साहस से खिलाड़ी भावना से खेल कर प्रदेश को गौरवान्वित करें। मान लो तो हार है, ठान लो तो जीत है के उत्साहवर्धक संबोधन के साथ शुभकामनाए दी। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने भी सभी नगरवासियों से खेल के लिए आए खिलाड़ियों के सम्मान में आगे आकर उत्साहवर्धन कर सहयोग की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने प्रतिवेदन का वाचन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक अग्निहोत्री, मनीष शंकर तिवारी व अर्पणा निकिता ब्राउन ने किया। पूर्व राज्यसभा सांसद सोनी ने 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गई। जबलपुर संभाग की बालिका वर्ग की खिलाड़ी रोमिल ठाकुर ने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। अतिथियों ने बालिका वर्ग की रीवा व शहडोल संभाग की टीम से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कन्या नवीन शाला व क्राइस्ट चर्च के छात्र- छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का पहला मैच रीवा और शहडोल संभाग के बीच खेला गया, जिसमें रीवा ने शहडोल संभाग को 25-7 साथ से हराया।

### राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जबलपुर,( ईएमएस)। 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह माँ सरस्वती की पूजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक बैडमिंटन प्रदर्शन के साथ जबलपुर के शासकीय पंडित लखा शंकर झा मॉडल स्कूल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा तिवारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पाटन अजय विश्नोई, और कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जबलपुर पूर्व लखन घनघोरिया उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, खेल का विशेष स्थान है। सभी को मिलकर खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करें। पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने खेलों की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, खेल जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। आज की हार कल की जीत का आधार बन सकती है, इसलिए प्रयास जारी रखें। कार्यक्रम के अध्यक्ष लखन घनघोरिया ने कहा, खेल प्रतिभा का सही विकास केवल स्वस्थ जीवन में संभव है।

# जिला अस्पताल को श्रेष्ठ उपचार का केन्द्र बनाएं : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

### नवीन भवन का निर्माण तय समय-सीमा में पूरा करें

भोपाल (ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रविवार को जिला चिकित्सालय रीवा के सभागार में अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला अस्पताल में उपचार की आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। नए ओपीडी भवन का निर्माण पूरा होने के बाद सुविधाओं में और वृद्धि होगी। अस्पताल की सुविधाओं का पूरा उपयोग करके श्रेष्ठ उपचार का केन्द्र बनाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन शासन के निर्देशों के अनुरूप 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं। इससे बुजुर्ग रोगियों को हर साल पाँच लाख रुपए के उपचार की सुविधा मिलेगी।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में दो चरणों में स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए गए। इनमें चिन्हित गंभीर रोगियों के उपचार का लगातार फालोअप करें। प्रत्येक चिन्हित रोगी को उपचार की पूरी सुविधा दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के तहत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए जिले में अभियान चलाएं। ऑपरेशन योग्य बच्चों को राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ऑपरेशन की निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने संचारी रोगों के नियंत्रण तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की उपचार सुविधाएं बेहतर करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर्स सहित चिकित्सा-कर्मियों के पद बड़ी संख्या में भरे जा रहे हैं। हर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की तैनाती की जाएगी। नवीन अस्पतालों में डॉक्टर्स और स्टाफ नर्स के पदों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

### उप मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन ओपीडी भवन का किया निरीक्षण

उप मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन नवीन ओपीडी भवन का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा करें, जिससे आमजन को समय पर उपचार सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। सिविल सर्जन निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर भी अपने क्षेत्र में निर्माणाधीन स्वास्थ्य संस्था के भवनों की प्रगति की नियमित जानकारी दें। लापरवाही करने वाली निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करें। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, सिविल सर्जन डॉ. एम.एल. गुप्ता, डॉ. बी.के. अग्निहोत्री, कार्यपालन यंत्री अनामिका सिंह, कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, सभी मेडिकल ऑफिसर तथा बीएमओ उपस्थित रहे।

# वन राज्य मंत्री अहिरवार ने मृतक रामरतन यादव और खेरूकोल के परिजन से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त की

### मृतकों के परिजन को 8-8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि के स्वीकृति आदेश सौंपे

### सरकार प्रभावित परिवारों की हर संभव सहायता करेगी



भोपाल (ईएमएस)। वन राज्य मंत्री दिलीप सिंह अहिरवार ने आज उमरिया जिले के चंदिया तहसील के बांका और देवरी गाँव पहुँचकर हाथियों के हमले के शिकार हुए मृतक रामरतन और खेरूकोल के परिजन से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार परिजनों को 8-8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि के आदेश सौंपे। श्री अहिरवार ने कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य सरकार और वन विभाग पूरी तरह पीड़ित परिवारों के साथ है और उनकी हर संभव मदद की जायेगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर वन राज्य मंत्री अहिरवार ने चंदिया पहुँचकर घटना-स्थल का मुआयना किया और मृतक खैरूकोल के घर पहुँचकर शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने मृतक खैरूकोल की बेटी सपना कोल को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के स्वीकृति-पत्र सौंपे। श्री अहिरवार ने कहा कि बेटी सपना की पढ़ाई एवं छात्रावास में रहने की सुविधा के अलावा अन्य सुविधाएँ एवं सहयोग भी दिया जायेगा।वन राज्य मंत्री अहिरवार ने ग्राम देवरा में मृतक रामरतन यादव के घर पहुँचकर उनकी पत्नी श्रीमती कल्लीबाई यादव को 8 लाख रुपये की अनुग्रह राशि का स्वीकृति-पत्र सौंपा। श्री अहिरवार ने कहा कि आपको चिंता करने की जरूरत नहीं, सरकार आपकी हर संभव मदद करेगी।इस अवसर पर नगरपालिका चंदिया अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल, वन मण्डलाधिकारी विवेक सिंह, एसडीएम बाँधवगढ़ सुश्री रीता डहरिया, उप वन मण्डलाधिकारी कुलदीप त्रिपाठी और जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने जामा विस क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

**कहा, सरकार बनने पर युवाओं को रोजगार से जोड़ना व बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना होगी प्राथमिकता**

दुमकाःजामा विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने रविवार को जामा प्रखंड क्षेत्र के थानपुर पंचायत अंतर्गत थानपुर, ऊपर सीतवा, हैठ मांझियानडीह , पहरू, गुड़ियारी समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क अभियान में महिलाओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। जनसंपर्क कार्यक्रम में ज्यादा तादाद में महिलाओं की भीड़ दिखी। जनसंपर्क कार्यक्रम में पहरू और गुड़ियारी गांव में पारंपरिक रीति रिवाज से जेएमएम प्रत्याशी डॉ लुइस मरांडी का महिलाओं ने



स्वागत किया। मौके पर डॉ लुइस मरांडी भी महिलाओं के साथ स्वागत नृत्य करती नजर आई।इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु जी ने उनके ऊपर भरोसा जताया है। उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। जामा में विकास योजना धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं रखूंगी। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हरेक परिवार तक पहुंचाने का आश्वसन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो युवक-युवतियों को रोजगार मुहैया कराएंगे ताकि पलायन को रोका जा सके। जहां सड़क और बुनियादी ढांचा बनाने की आवश्यकता होगी वहां पर विकास योजना धरातल पर उतारने का भरसक प्रयास करूंगी।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कालेश्वर सोरेन, सचिव सत्तार खान, बुदीलाल मरांडी, निर्मल बेसरा, बाबुल यादव मुखिया शंकर कोल, नरेश लायक़, पप्पू राय, मनोज दर्वे, निखिल यादव, कालेश्वर कोल सहित दर्जनों जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सड़क दुघर्टना में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

दुमकाःगोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर-साहेबगंज हाइवे पर गम्हरिया के पास रविवार को एक बाईक सवार युवक ने अपने से आगे चल रहे हाईवा ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। घटना में बाईक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि घायल युवक का नाम कुडुम्बा गांव के बाबूराम हेंब्रम (30) वर्ष बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों के द्वारा घायल को इलाज हेतु गोपीकांदर सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर सुमित आनन्द ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज दुमका फूलों-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बाबूराम की धर्मपत्नी मालोती मुर्मू ने बताया कि बाबूराम अपनी दुकान के लिए कुडुम्बा से पेट्रोल लेने अमड़ापाड़ा पेट्रोल पंप जा रहा था अमड़ापाड़ा जाने के दौरान गमहरिया के पास आगे चल रहे अज्ञात हाईवा के द्वारा अचानक ब्रेक लगाने से बाबूराम ने असंतुलित होकर अपने से आगे चल रहे हाईवा में ठोकर मार दी। जिससे बाबूराम रोड में बने गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरने से बाबूराम गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सक डॉ सुमित आनन्द ने बताया कि बाबूराम के सिर और दाये पैर में गंभीर चोटे आई हैं।

### धूमधाम के साथ मनाया गया भाई बहन के अटूट विश्वास व प्रेम का पर्व भाई फोटा

दुमकाःरानीश्वर प्रखंड क्षेत्र में रविवार को काफी उत्साह एवं धूमधाम के साथ भाई बहन के अटूट विश्वास व प्रेम का पर्व भाई फोटा मनाया गया। मौके पर भाई एर कपाले दिलाम फ़ोटा ,जमेर दुआरे पड़ल कांटा मंत्रोच्चारन के साथ बहन ने भाई के ललाट पर चंदन का टीका लगा कर भाई की दीर्घायु होने की कामना की हैं। वही भाई ने भी भाई यम देय जमुना के फोटा ,आमि दी आमार बोन के मंत्रोचारण के साथ बहन के ललाट पर चंदन का टीका लगाकर व उपहार देकर बहन के दीर्घायु होने की कामना की।बताते चलें कि भाई फोटा पर्व के अवसर पर भाई-बहन एक दूसरे को वस्त्र व अन्य सामान उपहार में देकर एक दूसरे की लम्बी उम्र की कामना करते हैं। इस अवसर पर मिठाई दुकान में खरीदारो की भीड़ उमड़ी।

### विराट काली मेला धूमधाम से संपन्न

दुमकाःबासुकीनाथ नगर पंचायत के नावाडीह में आयोजित प्राचीन विराट काली मेला धूमधाम से संपन्न हुआ। रविवार को नावाडीह एवम आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने मां विराट काली को अश्रुपूरित नेत्रों से विदाई दी। नावाडीह के ग्राम वासियों ने मां काली की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ बासुकीनाथ के पवित्र शिवगंगा सरोवर में विसर्जन किया। बासुकीनाथ, नावाडीह, जरमुंडी सहित दर्जनों गांवों के लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया । काली स्थान में मां काली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । नवाडीह मेला लगभग पंद्रह दशक पुराना है। मेले में आगंतुक लोगों ने मेले में बिक रहे चाट चाउमीन एवम अन्य सुस्वादु खानपान का आनंद उठाया। विराट काली मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले, चाट पकौड़ी, गुड़ से निर्मित झिलिया, बादाम,पानीपुड़ी, झाल मुढ़ी,मिट्टी से बने आकर्षक खिलौने, विभिन्न तरह के बैलून एवम अन्य वस्तुएं मौजूद थी।नावाडीह विराट काली मेले को रईसों एवम नवाबों का मेला का दर्जा प्राप्त है ।

### ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया भाई बहन के अटूट प्रेम का त्योहार भाई दूज

दुमकाः गोपीकांदर प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में भाई बहन के अटूट प्रेम व विश्वास का त्योहार भाई दूज पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। भाई दूज की धूम बंगला समुदाय के लोगों में ज्यादा देखी गई। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाईयों की लंबी उम्र और उनकी सुरक्षा की कामना की। बहनों ने बंगला में भाई एर कपाले दिलाम फोटा, जमेर दुआरे पड़लो कांटा, जोम देय अपनार भाई के फोटो आमी दीई अमार भाई के फोटो मंत्रोच्चारण के साथ तो बहनों ने अपने भाईयों के ललाट में चंदन का टीका लगाकर आरती उतारी और अपने-अपने भाईयों की दीघार्यु की प्रार्थना की।

# लिट्टीपाड़ा विस सीट से झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू ने गोपीकांदर के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से मांगा जीत का आशीर्वाद

दुमकाःलिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू ने रविवार को गोपीकांदर प्रखंड के लखीबाद, आमझारी, पिपरजोड़िया, विराजपुर, कारूडीह, खरौनी बाजार, आरीचुआं, दलदली, गड़ियापानी एवं गोपीकांदर सहित दर्जनों गांव का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान जगह-जगह पर ग्रामीणों को संबोधित भी किया। झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू रविवार की सुबह पहले गुम्मामोड़ पहुंचे, जहां झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिप सदस्य निशा सबनम हांसदा के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं के द्वारा गर्मजोशी के साथ हेमलाल मुर्मू जिंदाबाद नारा लगाकर जोरदार स्वागत किया गया।



वही गुम्मामोड़ पहुंचकर हेमलाल मुर्मू ने गुम्मामोड़ स्थित सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। गुम्मामोड़ से दुर्गापुर, लखीबाद, पिपरजोड़िया होते हुए कारूडीह पहुंचे जहां झामुमो महिला नेत्री पोलिना मुर्मू के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने फुलो की माला पहनाकर संथाली रीति-रिवाज के साथ हेमलाल मुर्मू का जोरदार किया। हेमलाल मुर्मू ने कारूडीह में उपस्थित भीड़ को संबोधित किया। तत्पश्चात वे कारूडीह से खरौनी बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत तरीके से फीता काटकर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। खरौनी बाजार से सुरजुडीह और दलदली पहुंचे हेमलाल मुर्मू ने उपस्थित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी, कृषि ऋण माफी सहित कई योजनाओ से आमजनों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही उन्होंने दलदली गांव के घटवाल समाज से भी समर्थन की अपील की ।उन्होंने कहा कि घटवाल समाज के लिए वह हमेशा से ही लड़ते आए है। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार बनने पर घटवाल समाज को एसटी में शामिल करने की बात विधानसभा में रखेंगे। तत्पश्चात वे दलदली होते हुए मुहालो पहुंचे। हालांकि प्रत्याशी को कुछ गांवों में पहुंचने में विलंब हुआ अंधेरा भी हो गया। लेकिन ग्रामीण महिलाएं, किसान, मजदूर, खासकर सामान्य ग्रामीण डटे रहे। जनसंपर्क के दौरान महिलाओं में अधिक उत्साह देखा गया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संतोष मरांडी, केंद्रीय समिति सदस्य सह जिप सदस्य निशा सबनम हांसदा, झामुमो महिला नेत्री पोलिना मुर्मू, प्रखंड सचिव सुलेमान हांसदा, वरिष्ठ कार्यकर्ता हराधन पाल, ज्योतिष बास्की, कुबराज बेसरा, मनोज मरांडी, दशरथ भगत, अमरनाथ भगत, मधुसूदन राय, अमित सिंह, विष्णु भगत, बैजनाथ राय, समीर मरांडी, सुभाष दास, आरनेस हांसदा , बदरूल शेख सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## शहरी क्षेत्र में मांग कम होने से एफएमसीजी कंपनियों के मुनाफे में गिरावट बढ़ा सकती हैं भाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग में आने वाले सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनियों के मुनाफे में सितंबर तिमाही में ऊंची उत्पादन लागत तथा खाद्य मुद्रास्फीति की वजह से गिरावट आई है। इससे अंततः शहरी क्षेत्रों में खपत प्रभावित हुई है। एफएमसीजी कंपनियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले सामान जैसे पाम तेल, कॉफी और कोको के भाव बढ़ गए हैं। ऐसे में अब कुछ एफएमसीजी कंपनियों ने कीमतें बढ़ाने का संकेत दिया है। हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), मैरिको, आईटीसी और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने शहरी खपत में कमी पर चिंता जताई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार एफएमसीजी क्षेत्र की कुल बिक्री में शहरी खपत की हिस्सेदारी 65-68 प्रतिशत रहती है। जीसीपीएल के एक अधिकारी ने दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के मौके पर कहा कि हमें लगता है कि यह एक अल्पकालिक झटका है और हम विवेकपूर्ण मूल्य वृद्धि और लागत को स्थिर करके मार्जिन को ठीक कर लेंगे। सिंथोल, गोदरेज नंबर-वन, हिट जैसे उत्पाद बेचने वाली जीसीपीएल ने भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और उपभोक्ता मांग में कमी के बावजूद एक स्थिर तिमाही प्रदर्शन किया है। खास बात यह है कि ग्रामीण बाजार, जो पहले पीछे थे ने शहरी बाजारों की तुलना में अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। एक अन्य एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया ने भी कहा कि सितंबर तिमाही में मांग का माहौल चुनौतीपूर्ण था, जिसमें उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और शहरी मांग में कमी' शामिल थी। डाबर च्यवनप्राश, पुदीन हरा और रियल जूस बनाने वाली कंपनी ने तिमाही के दौरान मुनाफे में 17.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है और यह 417.52 करोड़ रुपये रहा है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 6 कंपनियों का मार्केट कैप 1.07 लाख करोड़ बढ़ा

### शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बरकरार रही

मुंबई (ईएमएस)। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे कीमती कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,07,366.05 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई।

समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 36,100.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,32,755.93 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 25,775.58



करोड़ रुपये बढ़कर 9,10,686.85 करोड़ रुपये, एलआईसी की बाजार हैसियत 16,887.74 करोड़ रुपये बढ़कर 5,88,509.41 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 15,393.45 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 18,12,120.05 करोड़ रुपये, आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 10,671.63 करोड़ रुपये बढ़कर 6,13,662.96 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,537.56 करोड़ रुपये बढ़कर 5,96,408.50 करोड़ रुपये हो गया।

इस रुख के विपरीत इन्फोसिस की बाजार हैसियत 38,054.43 करोड़ रुपये घटकर 7,31,442.18 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का मूल्यांकन 27,299.54 करोड़ रुपये घटकर 9,20,299.35 करोड़ रुपये, टीसीएस का मूल्यांकन 26,231.13 करोड़ रुपये घटकर 14,41,952.60 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,662.78 करोड़ रुपये घटकर 13,26,076.65 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# त्योहारी सीजन में 85 फीसदी बढ़ी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री , अक्टूबर 2024 में कुल 139,031 टूव्हीलर ईवी बिके



नई दिल्ली (ईएमएस)। त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। अक्टूबर 2024 में कुल 139,031 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है, जो पिछले वर्ष की 75,164 इकाइयों की तुलना में 85 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि पूरे भारत में 32-दिवसीय त्योहारी सीजन के दौरान रही है। ओला इलेक्ट्रिक ने दो महीनों की चुनौतीपूर्ण अवधि के बाद अपनी बिक्री में सुधार देखा है। अक्टूबर में ओला ने 41,605 इकाइयां बेचीं, जो महीने-दर-महीने 68 प्रतिशत और साल-दर-साल 74 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। यह अगस्त 27,615 यूनिट और सितंबर 24,716 यूनिट में हुई कम बिक्री से उबरने में मददगार साबित हुआ। इस वर्ष अब तक ओला की कुल खुदरा बिक्री 267,376 इकाइयों को पार कर गई है। अक्टूबर के अंत तक ओला ने अतिरिक्त 96,885 इकाइयां बेचीं हैं। जनवरी 2024 में ओला ने 32,424 इकाइयों की बिक्री के साथ वर्ष की शुरुआत की, जो 77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। मार्च तक, कंपनी की बिक्री 53,640 इकाइयों तक पहुंच गई थी। अगस्त और सितंबर में ग्राहक सेवा शिकायतों के कारण इसमें गिरावट आई। कंपनी ने 99.1 प्रतिशत मुद्दों को हल करने का आश्वासन दिया, जिसके परिणामस्वरूप अक्टूबर में बिक्री में जोरदार उछाल आया। इससे ओला की बाजार हिस्सेदारी भी बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई, जो सितंबर में 27 प्रतिशत थी। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर रही टीवीएस अक्टूबर में टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार में दूसरा स्थान हासिल किया, जहां उन्होंने 29,890 इकाइयों की बिक्री की, जो अक्टूबर 2023 की 16,507 इकाइयों से 81 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। टीवीएस ने पिछले महीने 21 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा किया। भारत की दो प्रमुख ओईएम कंपनियां बजाज और टीवीएस के बीच प्रतियोगिता बनी हुई है। इस साल के पहले दस महीनों में टीवीएस ने 18.41 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की है। 2023 में टीवीएस ने 166,581 आईक्यूब बेचे, जो बजाज ऑटो के 71,940 चेतक से 94,641 यूनिट अधिक हैं। चालू वर्ष में यह अंतर अब केवल 27,164 इकाई रह गया है। त्योहारी सीजन के दौरान इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी दर्शाती है कि उपभोक्ता इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में आया सुधार

नई दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी बाजारों में तेजी और खाद्य तेलों की मांग बढ़ने से देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव मजबूत बंद हुए। देशी डी-आयल्ड केक (डीओसी) के महंगा होने की वजह से कमजोर निर्यात मांग के कारण सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में बायोडीजल निर्माण में खाद्य तेल-तिलहनों का उपयोग बढ़ने के कारण विदेशों में सीपीओ और सोयाबीन डीगम तेल के दाम निरंतर मजबूत हो रहे हैं। खाद्य तेल-तिलहनों के बढ़ते उपयोग की वजह से विदेशों में डीओसी का उत्पादन बढ़ने लगा है और वहां डीओसी का बाजार टूटा है। ऊंचे भाव के कारण देशी डीओसी की निर्यात मांग निरंतर घटने लगी है। इसी वजह से देश में सोयाबीन फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम दाम पर बिक रही है। आयातित तेल से अब भी देशी तेल महंगा है। इसकी वजह से सोयाबीन तेल की मांग प्रभावित हुई है। अगर सरकार को किसानों को उनकी फसल के वाजिब दाम दिलाने हैं तो किसानों को सोयाबीन डीओसी के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देनी पड़ेगी। दूसरी ओर सप्ताहांत के दिनों में विदेशों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत होने तथा शिकॉगो एक्सचेंज में मजबूती से सोयाबीन तेल के दाम तेज रहे। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 125 रुपये के सुधार के साथ 6,600-6,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 600 रुपये की तेजी के साथ 14,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 120 -120 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,280-2,380 रुपये और 2,280-2,405 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। डीओसी की कमजोर निर्यात मांग से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 35-35 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,725-4,775 रुपये और 4,425-4,460 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## विदेशी निवेशक भारत में बेचो और चीन में खरीदो की नीति पर, चीन भी लड़खड़ाया!




नई दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर महीने में भारतीय बाजार में भारी बिकवाली करते हुए 1,13,858 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जो किसी एक महीने में की गई सबसे बड़ी बिकवाली रही। हालांकि वे इस दौरान प्राइमरी बाजार में सक्रिय खरीदार बने रहे। सेकेंडरी बाजार में भारी बिकवाली के विपरीत उन्होंने प्राइमरी बाजार में 19,842 करोड़ रुपए का निवेश किया। विदेशी निवेशक भारत में बेचो और चीन में खरीदो की नीति पर चल रहे थे लेकिन चीन का बाजार एक बार फिर दबाव में लौटता दिख रहा है। चीनी शेयरों में तेजी कम हो रही है। हाल में शंघाई और हैंग सेंग सूचकांकों में गिरावट आई है। एफपीआई के व्यवहार में इस तरह के विरोधाभास के बारे में बाजार विशेषज्ञ कहते हैं कि प्राइमरी बाजार के इश्यू ज्यादातर उचित मूल्यांकन पर हैं, जबकि बेंचमार्क सूचकांक ऊंचे मूल्यांकन पर कारोबार कर रहे हैं। एफपीआई की लगातार बिकवाली से बेंचमार्क सूचकांकों में पीक से लगभग 8 फीसदी की गिरावट आई है। एफपीआई आगे भी बिकवाली जारी रख सकते हैं जिससे बाजार में किसी भी संभावित तेजी पर रोक लग सकती है लेकिन यह ट्रेंड देखने को मिला है कि वित्तीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर एफपीआई की बिकवाली के बावजूद यह सेक्टर लचीला बना हुआ है।

# केनरा बैंक दूसरी छमाही में 6,000 करोड़ रुपए एनपीए की वसूली करेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में करीब 6,000 करोड़ रुपये के एनपीए की वसूली का लक्ष्य रखा है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के सत्यनारायण राजू ने बताया कि उन्हें तीसरी और चौथी तिमाही में क्रमशः 3,000 करोड़ रुपये की वसूली की उम्मीद है। दूसरी तिमाही में बैंक ने 2,905 करोड़ रुपये की वसूली की थी, जिसमें बट्टे खाते में डाले गए खातों से प्राप्त राशि भी शामिल है।

बैंक की म्यूचुअल फंड अनुषंगी कंपनी लाएगी आईपीओ

बैंक की म्यूचुअल फंड अनुषंगी कंपनी केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। राजू ने कहा कि इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में यह




आईपीओ लॉन्च हो सकता है। बैंक को उम्मीद है कि वित्त मंत्रालय से जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। केनरा बैंक के पास इस एएमसी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आईपीओ के जरिए 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। यह एएमसी की सूचीबद्धता के बाद शेयर बाजार में शामिल होने वाली 5वीं म्यूचुअल फंड कंपनी बन जाएगी। वर्तमान में एचडीएफसी एएमसी, निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी, यूटीआई एएमसी, और आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी पहले से ही शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं। केनरा बैंक का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये रहा राजू ने बताया कि इस वित्त वर्ष में और धन जुटाने की संभावना नहीं है। वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में केनरा बैंक का शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 3,606 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में बैंक की कुल आय 31,472 करोड़ रुपये से बढ़कर 34,721 करोड़ रुपये हो गई है। केनरा बैंक के इन प्रयासों से न केवल अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने में मदद मिलेगी, बल्कि बाजार में इसकी स्थिति भी और मजबूत होगी। बुनियादी ढांचा बॉन्ड के संबंध में बैंक ने जुलाई में 10,000 करोड़ रुपये जुटाए थे और इसे विभिन्न परियोजनाओं में लगाने की प्रक्रिया में है।

## भारत द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना सराहनीयः एडीबी

### जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने की दिशा में उठाए गए कदम



नई दिल्ली (ईएमएस)। एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने भारत द्वारा ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की है। एडीबी की एशिया-पैसिफिक क्लाइमेट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी में कमी और कोयले पर सेस लगाकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में अहम योगदान दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पेट्रोलियम सब्सिडी में 85 प्रतिशत तक कमी आई है, जो 2013 में 25 अरब अमेरिकी डॉलर थी और 2023 में घटकर 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर रह गई है। 2014 से 2017 के दौरान, जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर आयात शुल्क बढ़ाकर अतिरिक्त कर राजस्व जुटाया, जिसका उपयोग गरीब लोगों को एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने में किया गया। साथ ही कोयले के उत्पादन और आयात पर लगाए गए सेस ने स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं व अनुसंधान को समर्थन देने में अहम भूमिका निभाई। 2010 से 2017 के बीच इस सेस का 30 प्रतिशत हिस्सा राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण कोष में गया, जिससे ग्रीन एनर्जी कोरिडोर और नेशनल सोलर मिशन को मजबूती मिली।


### नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का बजट बढ़ा

एडीबी ने बताया कि इस सेस से नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का बजट बढ़ा, जिससे उपयोगिता-स्तरीय सौर ऊर्जा की लागत में कमी आई और कई ऑफ-ग्रिड रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशंस को फंड मिला। एडीबी ने कहा कि एलपीजी सब्सिडी में बढ़ोतरी के साथ ही गैर-जीवाश्म ईंधनों से खाना पकाने के विकल्पों को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। भारत की ये पहलें देश को पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में आगे बढ़ाने और सतत विकास की ओर अग्रसर करने में मददगार साबित हो रही हैं।

## भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था होगाः आईएमएफ

# अमेरिका बना सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 में भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। वहीं रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक बार फिर से दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का पहला स्थान बरकरार रखा है और वर्ष 2025 में यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने का अनुमान है। अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमानित 29,840 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में चीन, अमेरिका से ठीक पीछे होगा, जिसका अनुमानित जीडीपी 19,790 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों और विभिन्न आर्थिक झटकों के बावजूद चीन ने इस उच्च स्तर को बनाए रखा है। वहीं, जर्मनी की अर्थव्यवस्था कुछ कठिनाइयों से जूझने के बावजूद 4,591 बिलियन डॉलर के अनुमान के साथ तीसरे स्थान पर रहेगी। यह संकेत देता है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में स्थिरता बनाए रखने में जर्मनी ने उल्लेखनीय काम किया है। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, यूनाइटेड किंगडम 3,685 बिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ छठे स्थान पर बना रहेगा, जबकि फ्रांस 3,223 बिलियन डॉलर के साथ सातवें स्थान पर रहेगा। ब्राज़ील और इटली के बीच भी मामूली अंतर है, जिसके चलते ब्राज़ील आठवें स्थान पर और इटली नौवें स्थान पर आ जाएगा। ब्राजील के जीडीपी का अनुमान 2,438 बिलियन डॉलर और इटली का अनुमान 2,390 बिलियन डॉलर



है। कनाडा 2,361 बिलियन डॉलर की जीडीपी के साथ दसवें स्थान पर रहेगा।

भारत की जीडीपी अगले साल उत्पाद 4,340 बिलियन डॉलर पहुंचेगी

रिपोर्ट के अनुसार, भारत वर्ष 2025 में जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अनुमान के मुताबिक, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4,340 बिलियन डॉलर पहुंच सकता है। भारत ने तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ यूनाइटेड किंगडम को पीछे छोड़कर पांचवें स्थान से चौथे स्थान पर छलांग लगाई है। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और सरकार द्वारा आर्थिक सुधारों और विभिन्न योजनाओं के परिणामस्वरूप आई है। जापान जो आर्थिक मंदी का सामना कर रहा है, 4,310 बिलियन डॉलर के अनुमानित जीडीपी के साथ पांचवें स्थान पर होगा।

भारत का भविष्य उज्जवल

आईएमएफ की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक अस्थिरता और वैश्विक बदलावों के बीच कई देशों ने अपनी स्थिति को बनाए रखने और सुधारने में सफलता प्राप्त की है। विशेष रूप से भारत की आर्थिक प्रगति से यह संकेत मिलता है कि यह देश निकट भविष्य में और भी ऊंचाइयों पर पहुंच सकता है। जबकि अमेरिका, चीन और जर्मनी जैसी अर्थव्यवस्थाएं अब भी स्थिरता बनाए हुए हैं।

## कोल इंडिया को उत्पादन उच्चस्तर तक बढ़ाना होगाः कोयला मंत्री रेड्डी

नई दिल्ली (ईएमएस)। कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को भविष्य में उत्पादन को उच्चस्तर तक बढ़ाना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई अपने 50वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। कोयला मंत्रालय के एक बयान के अनुसार रेड्डी ने कहा कि देश में कोयले का उत्पादन अभी अपनी पूरी क्षमता तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने सीआईएल से उत्पादन को और भी अधिक बढ़ाने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा कि महंगे आयात से बचने के लिए घरेलू स्रोतों से उत्पादन महत्वपूर्ण है। कोल इंडिया को भविष्य में उत्पादन को और अधिक बढ़ाना होगा। सीआईएल एक नवंबर, 1975 को राष्ट्रीयकृत कोकिंग कोयला और गैर-कोकिंग कोयला खदानों की शीर्ष होल्डिंग कंपनी के रूप में अस्तित्व में आई थी। बयान के अनुसार, 1975-76 के दौरान 8.9 करोड़ टन उत्पादन करने वाली महारत्न कोयला कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 8.7 गुना वृद्धि के साथ 77.36 करोड़ टन उत्पादन किया।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से निकाले 94,000 करोड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये लगभग 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये निवेश किए थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे। बाजार के जानकारों ने कहा कि भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पाकिस्तान में सुरक्षाबलों पर हमला अधिकारी सहित 16 सैनिक घायल

कराची (ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरक्षाबलों के दो अलग-अलग काफिलों पर घात लगाकर हमला किया। जिसमें एक अधिकारी सहित 16 सैनिक घायल हुए। अधिकारियों ने बताया कि सरवेकाई क्षेत्र में बंदूकधारियों ने सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला किया, इसमें 11 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों में कैप्टन रैंक का एक अधिकारी भी शामिल है। लक्की मरवत जिले में दर्रा तुंग जांच चौकी के नजदीक एक और हमला तब हुआ जब काफिला काबुल खेल में एक परमाणु ऊर्जा परियोजना स्थल की ओर जा रहा था। इस हमले में पांच सैनिक घायल हो गए हैं। उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक वाहन के खाई में गिरने से उसमें सवार करीब सात लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी।

### ईरान ने दी धमकी तो अमेरिका ने परमाणु बॉम्बर बी-52 को तैनात करने का लिया निर्णय

वाशिंगटन (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने मध्य पूर्व में एक गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल और अमेरिका को सीधे तौर पर धमकी दी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जो भी ईरान और उसके सहयोगियों को नुकसान पहुंचाएगा, तब इजराइल को करारा जवाब मिलेगा। इस धमकी के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और भी जटिल हो गई है। इस बीच अमेरिका ने जवाब देकर अपने परमाणु बॉम्बर बी-52 को मध्य पूर्व में तैनात करने का निर्णय लिया है। इस कदम से न केवल ईरान के संभावित हमलों को रोकने की कोशिश की जाएगी, बल्कि यह इजरायल को भी सुरक्षा प्रदान करेगा ताकि वे जवाबी कार्रवाई कर सकें। बी-52 बमवर्षक अपने बड़े पेलोड और लंबी रेंज के लिए प्रसिद्ध है, और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्षेत्र में और अधिक विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका ने पहले ही यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को अरब सागर में तैनात कर रखा है, जिससे यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में तेजी आई है, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हिजबुल्ला ने भी इजरायल के क्षेत्रों पर रॉकेट दागकर जवाबी कार्रवाई की है, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई है। ईरान की हाल की धमकियों को देखते हुए, अमेरिका का यह कदम इजरायल के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। इस प्रकार, वर्तमान स्थिति बहुत संवेदनशील है, और इसके परिणामस्वरूप मध्य पूर्व में संभावित युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है।

### इजराइली हमले में बेरुत में काम कर रहे बांग्लादेशी प्रवासी श्रमिक की मौत

बेरुत (ईएमएस)। इजराइल लगातार लेबनान पर हमले कर रहा है। इसमें कई लोगों की जान जा रही है। इस बीच खबर है कि इजराइल के हमले में एक बांग्लादेशी मारा गया है। खबर है कि बेरुत में शनिवार को हवाई हमले में एक बांग्लादेशी प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक बांग्लादेशी की पहचान 31 वर्षीय मोहम्मद निजाम उद्दीन के रूप में की गई है। लेबनान पर इजरायल के हमले शुरू होने के बाद से यह किसी बांग्लादेशी की पहली मौत है। निजाम के पिता मोहम्मद अब्दुल कुद्दुस हैं, जो ब्राह्मणबरिया में रहते हैं। मृतक की पत्नी फिलहाल लेबनान में ही है। लेबनान में मौजूद बांग्लादेशी दूतावास ने मृतक निजाम की पत्नी से संपर्क किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध की स्थिति के बीच उड़ानों की कमी की वजह से शव को बांग्लादेश वापस लाना संभव नहीं है। लेबनान में बांग्लादेशी दूतावास के अनुसार, निजाम बेरूत के हजमीह इलाके में काम करने के लिए जा रहे थे। तभी हवाई हमले की चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनका शव फिलहाल एक स्थानीय अस्पताल में रखा गया है।

### पाकिस्तान में फिर पैर पसार रहा पोलियो मामलों की संख्या बढ़कर 45 हुई

इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो के दो नए मामले सामने आने के बाद इस साल पोलियो के मामलों की संख्या बढ़कर 45 हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार नवीनतम मामले लक्की मरवात और डेरा इस्माइल खान प्रांतों से सामने आए हैं।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने पुष्टि की है कि ये मामले जंगली पोलियो वायरस टाइप 1 (डब्ल्यूपीवी1) के हैं। इन दोनों जिलों में इस वर्ष पोलियो का यह दूसरा मामला है, जहां पर्यावरणी नमूने की जांच में 'डब्ल्यूपीवी1' की पुष्टि हुई।पाकिस्तान ने 4.5 करोड़ बच्चों को घातक बीमारी से बचाने के लिए अपना तीसरा राष्ट्रव्यापी पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू किया है। पाकिस्तान के 16 जिलों से लिए गए नमूनों में पोलियो के वायरस मिले हैं। पिछले दिनों पाकिस्तान में पोलियो टीकाकरण करने वाली टीम पर हमला हुआ था। हमला खैबर पख्तूनख्वा में किया गया था। हालांकि हमला करने वाले तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

### बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं को मिला डोनाल्ड ट्रंप का साथ

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता आने के बाद से हिंदुओं पर हमले तेज हुए हैं। इन घटनाओं के खिलाफ अमेरिका में व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। इन हमलों की निंदा करने वालों में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर अपनी चिंता जाहिर की।बांग्लादेश में सैकड़ों लोगों ने हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ रैली निकाली। इस दौरान अंतरिम सरकार से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग की है। हिंदू नागरिक नेता चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा, "यह बेहद खेदजनक है कि सलाहकार परिषद अल्पसंख्यकों द्वारा झेली गई पीड़ा को स्वीकार नहीं करती है।मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम प्रशासन ने हिंदुओं के खिलाफ इन घटनाओं को मान्यता दी है और उनकी निंदा की है। उन्होंने कहा कि कई हमले धार्मिक रूप से प्रेरित न होकर राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम सरकार का संकेत देते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।चटगांव में हाल ही में अल्पसंख्यक अधिकार प्रदर्शन में भाग लेने वाले 19 व्यक्तियों पर राजद्रोह का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने इन पर आरोप लगाया है कि इन्होंने भगवा ध्वज, जो हिंदू धर्म का प्रतीक है, को बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज पर रखकर अपमान किया।डोनाल्ड ट्रंप ने दिवाली की शुभकामनाएं देकर लिखा, मैं बांग्लादेश में हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि भीड़ उन पर हमला कर रही है, लूटपाट कर रही है, जो पूरी तरह से अराजकता की स्थिति है। ट्रंप ने कहा, मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी नहीं हुआ होता। कमला और जो (जो बाइडेन) ने अमेरिका सहित पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है।

### नाइजीरियाई सेना ने 187 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया

अबुजा (ईएमएस)। नाइजीरियाई सेना ने देशभर में चलाए एक बड़े आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत 187 से अधिक संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान पिछले सप्ताह जारी रहा, जिसमें न केवल आतंकवादियों को खत्म किया, बल्कि 262 अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया।सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने अबुजा में अभियान की सफलता का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि 23 से 29 अक्टूबर के बीच, 19 संदिग्ध आतंकवादियों ने आत्मसमर्पण किया। बूबा ने बताया कि राज्य सोकोटो के एक गांव में एक कुख्यात आतंकवादी संदिग्ध, अबू बकर इब्राहिम, उस हाबू डोगो के नाम से भी जाना जाता है, को गिरफ्तार किया है। हाबू डोगो नाइजीरिया में सबसे वांछित आतंकवादी सरगनों में से एक है और उसका नाम नाइजीरिया तथा पड़ोसी देश नाइजर की सुरक्षा एजेंसियों की सूची में शामिल था।इसके पहले, अगस्त में भी नाइजीरियाई सैनिकों ने एक आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया था, इसमें करीब 140 संदिग्ध बंदूकधारियों को मार गिराया गया था। तब सेना ने 135 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया था और 76 बंधकों को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराया था।

# चुनाव के फाइनल फेज में कमला पर आक्रामक दिख रहे ट्रंप, प्रंशसकों से कहा हैरिस को अब फायर कर दें



वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका में 5 नवंबर को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। इसके पहले मतदाताओं को लुभाने की कोशिशों में रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स जुटे हुए हैं। इस बीच रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने चुनावी अभियान को धार देकर ताबड़तोड़ तीन रैलियां की। रैलियों में उन्होंने आक्रामक अंदाज में लोगों से अपील की कि कमला हैरिस को अब फायर कर दें। ट्रंप ने एक रैली के जरिए वोटर्स को अपने कीमती मतों का प्रयोग करने की सलाह दी। रैली के बाद, ट्रंप ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, गैस्टोनिया, उत्तरी कैरोलिना में तीन खूबसूरत माजी रैल्स, उनके बाद सलेम, वर्जीनिया और ग्रींसबोरो, उत्तरी कैरोलिना में!उन्होंने लोगों से कहा कि खड़े हो जाओ और कमला से कहो कि अब बहुत हो गया, और कहा कि, कमला हैरिस, यू आर फायर्ड (तुम्हें निकाल दिया गया है)! ट्रंप ने युद्ध क्षेत्र में किए लोगों को संबोधन में आत्मविश्वास दिखाते हुए, चुनाव में अपनी मजबूत स्थिति के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने मतदाताओं से चुनाव के दिन मतदान करने का आग्रह भी किया।उन्होंने कहा, जब आप जीत रहे होते हैं, तब आप थोड़े से अंतर से हार भी सकते हैं। और हम उत्तरी कैरोलिना के महान राज्य को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। उत्तरी कैरोलिना में अपने भाषण में उन्होंने चेतावनी दी कि देश के कई शहरों पर हमला हो रहा है। इसके बाद वर्जीनिया की एक रैली में, उन्होंने हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित कर देश के लिए शांति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करने का वादा किया। रैली में उन्होंने हैरिस की आलोचना जारी रखते हुए उन्हें उदार वामपंथी कट्टरपंथी करार दिया।ट्रंप ने हाल ही में हुए एक ट्रांस महिला के मामले को भी संबोधित किया। इस ट्रांस महिला रोआनोक कॉलेज की महिला तैराकी टीम में शामिल होने की अनुमति दी गई थी, उन्होंने दावा किया कि तैराकी टीम के सात सदस्यों ने मंच पर आमंत्रित करने से पहले उनसे मंच के पीछे मुलाकात की थी। इस मामले में लिली मुलेंस ने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा, जो बाइडेन और कमला हैरिस ने इस महिला-विरोधी लिंग-आधारित भेदभाव को पूरे देश में जारी रखने की वकालत की है।

### हिजाब के विरोध में कपड़े उतारकर सड़क पर बैठ गई महिला

तेहरान(ईएमएस)। ईरान में लंबे समय से महिलाएं हिजाब का विरोध कर रही हैं। इसके समर्थन में महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। एक महिला ने तो उस समय हद कर दी जब उसने ईरानी विश्वविद्यालय के सामने कपड़े उतारकर फेंक दिए। पूछने पर उसने कहा कि यदि हिजाब के लिए हमें मजबूर किया गया तो कपड़े भी पहनना बंद कर देंगे। हालांकि कुछ सोशल मीडिया यूजर्स का दावा है कि महिला ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए जानबूझकर कपड़े उतारे थे। एक्स पर एक यूजर ने वीडियो के साथ लिखा ज्यादातर महिलाओं के लिए, सार्वजनिक रूप से अंडरवियर में रहना सबसे बुरी बात है। यह अनिवार्य हिजाब को लेकर अधिकारियों के मूर्खतापूर्ण आग्रह की प्रतिक्रिया है।ईरान में महिलाएं लंबे समय से हिजाब का विरोध कर रही हैं। हाल ही में एक महिला ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बीच सड़क पर अपने कपड़े उतार दिए।

## राष्ट्रपति चुनावः मुस्लिम गढ़ में ट्रंप ने लगाई सेंध, यहूदी वोटर भी दे रहे समर्थन

### इस बार मतदाता पार्टी आधार पर नहीं, मुद्दों पर फैसला लेने की स्थिति में

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दो दिन भी नहीं बचे हैं, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि चुनावी दौड़ में कौन जीत रहा है। कई चुनावी सर्वेक्षणों के मुताबिक यह चुनाव अब तक का सबसे करीबी मुकाबला माना जा रहा है। हाल के आंकड़ों में पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप को डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस से आगे दिखाया गया है, लेकिन परिणाम बहुत नजदीक है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, यह साफ होता जा रहा है कि अमेरिकी मतदाता इस बार केवल पार्टी के आधार पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर फैसला लेने की स्थिति में हैं।विशेषज्ञों का मानना है कि इस चुनाव में जीत का फैसला मतदाताओं के टर्नआउट पर निर्भर करेगा। एक्जीत पोल के मुताबिक इस बार 54फीसदी मतदाताओं के 5 नवंबर को मतदान की तारीख से पहले ही वोट डालने की संभावना है, जो कि 2020 के 64फीसदी के आंकड़े से कम है। इसका मतलब यह है कि इस बार ज्यादा मतदाता व्यक्तिगत रूप से मतदान करने की ओर अग्रसर हैं या फिर मतदान नहीं करेंगे।बार-इलान विश्वविद्यालय की प्रोफेसर का कहना है कि यह चुनाव हाल के दशकों का सबसे नजदीकी चुनाव है। उनका कहना है ट्रम्प और हैरिस दोनों की लोकप्रियता कम है, और इस बार मतदाता किसी के पक्ष में नहीं है, बल्कि किसी के खिलाफ वोट कर रहे हैं। एक सर्वे में पाया गया कि 63फीसदी अमेरिकी यहूदी कमला हैरिस को वोट देने के पक्ष में हैं, हालांकि, यह आंकड़ा 2020 में बाइडन के समर्थन से कम है। वहीं 24फीसदी यहूदी ट्रंप को वोट देने का इरादा रखते हैं, जिसमें 95फीसदी ट्रंप के इजराइल समर्थक रुख से प्रभावित हैं।इसी तरह अमेरिकी मुस्लिम समुदाय जो ऐतिहासिक रूप से डेमोक्रेट समर्थक रहा है, इस बार हैरिस से दूर होता नजर आ रहा है। यह पहली बार है जब मिशिगन की काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस ने किसी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार का समर्थन नहीं किया है। मिशिगन में करीब 250,000 मुस्लिम रहते हैं, जिनमें से आधे वोट देने के योग्य हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक यहां मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, जिसमें कुछ लोग वोट नहीं देने की योजना बना रहे हैं और अन्य का झुकाव ट्रंप की ओर दिखाई दे रहा है।

# गाजा में इजरायली हमला 42 फिलिस्तीनियों की मौत

### हमले में 150 से ज्यादा लोग घायल हुए



गाजा (ईएमएस)। इजरायली हवाई और तोपों के हमलों ने गाजा पट्टी के केंद्रीय हिस्से में स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 42 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने दी। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने नुसेरात में बसे घरों पर हवाई और तोपों से हमले शुरू कर दिए हैं। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने इन हमलों की निंदा की है और कहा कि यह हमले जानबूझकर आम नागरिकों, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि वह इजरायल पर दबाव बनाए ताकि गाजा के नागरिकों पर होने वाले इन हमलों को रोका जा सके। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि रफाह और गाजा के मध्य हिस्से में उन्होंने मिलिटेंट्स को मारने, उनके ठिकानों को खत्म करने और हथियारों का पता लगाने के लिए अभियान चलाया। इजरायल ने 7 अक्टूबर 2023 को गाजा से हमास द्वारा किए गए हमले के जवाब में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। उस हमले में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया था। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुसार इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 43,314 हो गई है। इसके अलावा, इजरायल का हिजबुल्ला के साथ भी संघर्ष जारी है। 8 अक्टूबर 2023 से अब तक इजरायली हमलों में लेबनान में 2,968 लोगों की मौत हो चुकी है और 13,319 लोग घायल हुए हैं। 23 सितंबर से इजरायल और हिजबुल्ला के बीच बॉर्डर पर गतिरोध तेज है, जिसके चलते यह क्षेत्र काफी संवेदनशील हो चुका है।

# ईरान ने धमकी दी तो इजरायल की मदद करने दौड़ा अमेरिका

### अमेरिका ने परमाणु बॉम्बर बी-52 को मध्य पूर्व में तैनात करने का निर्णय लिया



वाशिंगटन (ईएमएस)। इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने मध्य पूर्व में एक गंभीर स्थिति उत्पन्न कर दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल और अमेरिका को सीधे तौर पर धमकी दी है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जो भी ईरान और उसके सहयोगियों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे करारा जवाब मिलेगा। इस धमकी के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति और भी जटिल हो गई है। इस बीच अमेरिका ने इस स्थिति का जवाब देते हुए अपने परमाणु बॉम्बर बी-52 को मध्य पूर्व में तैनात करने का निर्णय लिया है। इस कदम से न केवल ईरान के संभावित हमलों को रोकने की कोशिश की जाएगी, बल्कि यह इजरायल को भी सुरक्षा प्रदान करेगा ताकि वे जवाबी कार्रवाई कर सकें। बी-52 बमवर्षक अपने बड़े पेलोड और लंबी रेंज के लिए प्रसिद्ध है, और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ईरान और उसके सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए क्षेत्र में और अधिक विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर तैनात किए जा रहे हैं। इसके अलावा अमेरिका ने पहले ही यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत को अरब सागर में तैनात कर रखा है, जिससे यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष लगातार बढ़ रहा है और लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में तेजी आई है, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हिजबुल्ला ने भी इजरायल के क्षेत्रों पर रॉकेट दागकर जवाबी कार्रवाई की है, जिससे स्थिति और भी बिगड़ गई है। ईरान की हाल की धमकियों को देखते हुए, अमेरिका का यह कदम इजरायल के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। इस प्रकार, वर्तमान स्थिति बहुत संवेदनशील है, और इसके परिणामस्वरूप मध्य पूर्व में संभावित युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है।

### कमला को आने लगी भारत की याद, मां के साथ शेयर की बचपन की तस्वीर

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को भारत की याद आ रही है। उन्होंने अपनी मां के साथ एक बचपन का फोटो शेयर करते हुए पुरानी यादों को ताजा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी मां 19 साल की उम्र में ही भारत से अमेरिका आ गई थीं। उनके साहस और दृढ़ संकल्प से ही वह कुछ बन पाई हैं। वहीं एक संपादकीय में भी भारत यात्रा और अपनी मां को याद किया। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने मुझे और मेरी बहन को सम्मान देना सिखाया है। लगभग हर साल हम दिवाली मनाने भारत जाया करते थे। वहां अपने चाचा-चाची, दादा-दादी और भाई बहनों के साथ समय बिताते थे। उन्होंने कहा, उपराष्ट्रपति के तौर पर घर पर दिवाली मनाना और लोगों की मेहमाननवाजी करना मेरे लिए गौरव की बात है। दक्षिण एशियाई अमेरिकी प्रवासियों की संस्कृति, विरासत अद्भुत है और यह यह अमेरिका के साथ एकडोर से बंधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां के जीवन के दो ही लक्ष्य थे। एक अपनी बेटियों को पालना और दूसरा स्तन कैंसर का इलाज करवाना।कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करते हुए कहा कि उनके आने के परिणाम बहुत गंभीर होंगे।

# बांग्लादेश ने सेंट मार्टिना पर कर ली डील! अब सफाई दे रही यूनुस सरकार



ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार हर एक मोर्चे पर फेल हो रही है। जहां हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रोक पा रही है। इससे बांग्लादेश में राजनीति में उथल-पुथल बहुत तेजी से हो रही है। इसी बीच सेंट मार्टिन द्वीप को लेकर विवाद और बढ़ता जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद छोड़ने और भारत में शरण लेने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर संप्रभुता से समझौता करने के आरोप लग रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें हैं कि अंतरिम सरकार ने अमेरिका के साथ सेंट मार्टिन द्वीप पर एक सैन्य अड्डा बनाने के लिए समझौता कर लिया है।फेसबुक पर एक यूजर सुशांत दास गुप्ता ने एक कथित डील कॉपी साझा की, जिसमें लिखा गया था डील डन, सेंट मार्टिन गॉन। इसके बाद, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लगातार सफाई दे रही है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस विंग ने बयान जारी करते हुए कहा कि सेंट मार्टिन को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है और इन सभी खबरों को अफवाह करार दिया। प्रेस विंग के अनुसार, बांग्लादेशी और अमेरिकी सेनाओं के बीच कुछ वर्षों से द्वीप को लेकर चर्चा चल रही है, लेकिन इसमें कोई संप्रभुता से समझौते की बात नहीं है।शेख हसीना ने अपने बयान में दावा किया था कि उनकी सरकार ने अमेरिका के दबाव में संप्रभुता को छोड़ने से मना कर दिया था, जिसके कारण सरकार गिराने की साजिश रची गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका बंगाल की खाड़ी में सामरिक स्थिति मजबूत करने के लिए सेंट मार्टिन द्वीप पर नियंत्रण पाना चाहता था। हालांकि, उस समय अमेरिका ने इस आरोप का खंडन किया था। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल रिपोर्ट्स में अब दावा किया जा रहा है कि अंतरिम सरकार ने इस द्वीप को लेकर अमेरिका के साथ समझौता कर लिया है।इसके अतिरिक्त, पर्यावरणीय खतरे भी सेंट मार्टिन के लिए एक चुनौती बने हुए हैं। हाल के एक शोध पत्र में कहा गया है कि अनियंत्रित पर्यटन, बढ़ते तापमान और प्रदूषण से द्वीप को गंभीर खतरा है। जंगलों की कटाई, समुद्र के बढ़ते जलस्तर और नई समस्याओं जैसे व्हाइटफ्लाई के बढ़ते प्रकोप ने द्वीप की स्थिति को और भी कमजोर कर दिया है।

### श्रीलंका संसदीय चुनाव से संबंधित शिकायतों के चलते छह प्रत्याशी समेत 191 लोग गिरफ्तार

कोलंबो,(ईएमएस)। श्रीलंका में 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों को लेकर अब तक 6 उम्मीदवारों समेत 191 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह जानकारी श्रीलंका पुलिस ने दी गई है। संसदीय चुनाव के लिए मतदान 14 नवंबर को होगा।पुलिस ने बताया कि उसे संसदीय चुनाव से संबंधित 168 शिकायत मिली हैं। मीडिया रिपोर्ट में श्रीलंका डीआईजी के हवाले से बताया गया है कि इसमें अपराध की 30 शिकायत और चुनाव कानूनों के उल्लंघन से संबंधित 138 शिकायत शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिन 191 लोगों को 2024 के संसदीय चुनावों से संबंधित शिकायतों के सिलसिले में गिरफ्तार किया है उनमें चुनाव लड़ रहे 6 उम्मीदवार भी शामिल हैं। पुलिस ने इन शिकायतों के संबंध में 45 वाहन जब्त किए हैं। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे संसदीय चुनावों से संबंधित 1259 शिकायत मिली। इनमें से 13 शिकायत हिंसा के संबंध में हैं।

### पति के जुल्मों का शिकार हुई अभिनेत्री ने कहा, सरकारी बंदूक की बट से चेहरे पर किया हमला,बाल पकड़कर घसीटा

लाहौर(ईएमएस)। पाकिस्तान की एक अभिनेत्री घरेलू हिंसा का शिकार हुई है। उसके पति ने बाल पकड़कर उसे घसीटा और बंदूक की बट से चेहरे पर हमला कर दिया। इससे अभिनेत्री नरगिस उर्फ गजाला इदरीस के चहरे पर गंभीर चोटे आईं हैं। आरोपों के मुताबिक, उनके पति इंस्पेक्टर माजिद बशीर ने संपत्ति को लेकर विवाद के चलते नरगिस को बेरहमी से पीटा।एफआईआर के अनुसार, यह हिंसक हमला लाहौर के डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी (डीएचए) में हुआ। नरगिस ने दावा किया है कि माजिद बशीर ने अपनी सरकारी बंदूक से उनके चेहरे पर बार-बार वार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बशीर ने उनके जबड़े को चोट पहुंचाने के लिए उनकी सरकारी बंदूक की नली को उनके मुंह में डाल दिया। नरगिस का कहना है कि बशीर उनकी संपत्ति, सोने के आभूषण और जमीन का एक हिस्सा हड़पना चाहता था। इस घटना के बाद, नरगिस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा की, जिसमें उनके शरीर पर चोट के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। नरगिस के भाई खुर्रम भट्टी ने डिफेंस सी पुलिस स्टेशन में माजिद बशीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि बशीर पहले भी नरगिस पर हिंसा कर चुका है। घटना के बाद से ही बशीर फरार है, और लाहौर पुलिस उसकी तलाश में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, बशीर एक मशहूर टीवी होस्ट की पूर्व पत्नी के साथ उनके घर में रहने की इच्छा भी रखता था, जो नरगिस के लिए अपमानजनक था। यह पहली बार नहीं है जब नरगिस को ऐसे हिंसा का सामना करना पड़ा हो। 2002 में उनके पूर्व पति आबिद, जो बर्खास्त पुलिस इंस्पेक्टर बॉक्सर के नाम से मशहूर थे, ने भी उन पर हमला किया था।

### गले में राम नाम का गमछा और हाथ में रक्षा सूत्र पहनकर हिंदुओं के बीच पहुंचे पीएम ट्रूडो

टोरंटो(ईएमएस)। हाल ही में, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार का मुद्दा उठाया, जिससे जस्टिन ट्रूडो पर भी इसका असर दिखाई दिया। ट्रंप के इस बयान के बाद, ट्रूडो ने भी दिवाली के मौके पर कनाडा में हिंदू समुदाय के प्रति अपना समर्थन और नजदीकी दिखाने की कोशिश की। वह गले में राम नाम का गमछा और हाथ में रक्षा सूत्र बांधकर एक दिवाली कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने हिंदू समुदाय के साथ दिवाली का जश्न मनाया। इस अवसर पर उन्होंने न केवल हिंदुओं को दिवाली की शुभकामनाएं दीं, बल्कि उनके साथ जलेबी भी बांटी। ट्रूडो का यह कदम उनके खालिस्तान समर्थक रवैये के विपरीत प्रतीत होता है, जो कि कनाडा में हिंदू समुदाय को सुरक्षा के प्रति आश्वासन देने का प्रयास माना जा रहा है।जस्टिन ट्रूडो का यह कदम उनकी राजनीतिक छवि को सुधारने का प्रयास माना जा रहा है, क्योंकि कनाडा में उनके खालिस्तान समर्थकों के प्रति झुकाव ने उनके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है। भारत-कनाडा के इन कड़वे होते रिश्तों के बीच ट्रूडो की यह पहल एक नई दिशा में कदम मानी जा रही है, लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह केवल एक राजनीतिक रणनीति हो सकती है। ट्रूडो की सरकार के इस रुख से कनाडा में हिंदू समुदाय के लोग भी सतर्क हैं और भारतीय मूल के कई नेताओं ने सरकार से इस पर स्पष्ट नीति की मांग की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एजाज पटेल के आगे टीम इंडिया का सरेंडर

#### 24 साल बाद घर में भारत का सूपड़ा साफ

मुंबई (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम को 25 रनों से हार झेलनी पड़ी। भारत को जीत के लिए 147 रनों का टारगेट मिला था। लेकिन उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 121 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने सीरीज पर 3-0 से कब्जा कर लिया। न्यूजीलैंड की जीत के हीरो एजाज पटेल रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट लिए। एजाज ने पहली इनिंग्स में भी 5 विकेट झटके थे।24 साल बाद भारतीय टीम का अपने घर पर टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ है। इससे पहले साल 2000 में उसे साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराया था। साथ ही पहली बार भारतीय टीम का अपने घर में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ है। भारतीय टीम की ये हार काफी शर्मनाक रही। भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली। फिर पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले को न्यूजीलैंड ने 113 रनों से जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त ले ली। देखा जाए तो इस मैदान पर कीवी टीम अपना चौथा टेस्ट खेलने उतरी थी।

### एजाज ने बॉथम का रिकार्ड तोड़ा

मुम्बई (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने यहां भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में 11 विकेट लेने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। एजाज ने पहली पारी में पांच व दूसरी पारी में छह विकेट लिए। दूसरी पारी में 4 विकेट लेने के साथ ही एजाज इस मैदान पर सबसे अधिक विकेट लेने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर बन गये। इससे पहले ये रिकार्ड इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर इयान बॉथम के नाम था। एजाज ने बॉथम के अलावा वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श सहित कई पूर्व क्रिकेटरों को पीछे छोड़ा है।भारत में त में वानखेड़े मैदान पर किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकार्ड इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर इयान बॉथम के नाम 22 विकेट का था जिसे अब एजाज ने तोड़ दिया है उनके नाम 24 विकेट हो गये हैं। वहीं रिची बेनौद के नामर ईडन गार्डन्स में 18 विकेट जबकि कर्टनी वॉल्श के नाम वानखेड़े में 17 विकेट का रिकार्ड था। एजाज ने अब तक 21 मैचों में 79 विकेट ली हैं। वह 36 साल की उम्र में भी शानदार लय में दिख रहे हैं।

### विराट के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी आरसीबी की सफलता : फ्लावर

नई दिल्ली (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि विराट कोहली पर टीम की सफलता का दारोमदार है। विराट को आरसीबी ने आईपीएल 2025 सत्र के लिए भी बरकरार रखा है। उसी को देखते हुए फ्लावर ने ये बात कही है। फ्लावर ने कहा कि विराट किस प्रकार से खेलते हैं। उसी के आधार पर टीम को सफलता मिलेगी। एक प्रकार से कहा जाये तो वह भविष्य में फ्रैंचाइज़ी की सफलता की कुंजी रहेंगे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए विराट कोहली को दो अन्य क्रिकेटरों के साथ ही बरकरार रखा है।कोच के अनुसार कोहली ने अपनी कप्तानी में खराब प्रदर्शन के बाद भी फ्रेंचाइजी को प्लेऑफ में पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि विराट के टीम में बने रहने से किसी को हैरान होने की जरुरत नहीं है। वह भविष्य में आरसीबी की सफलता की कुंजी हैं और रहेंगे। वह उन कप्तानों में रहे हैं जिन्होंने पहले भाग में खराब प्रदर्शन के बाद भी टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। इससे ये अटकलें बढ़ गयी हैं कि विराट एक बार फिर से आरसीबी के कप्तान के रूप में वापस आएंगे। विराट ने साल 2013 के बाद से ही एक कप्तान के रूप में एक उतार-चढ़ाव भरी यात्रा के बाद 2021 कप्तानी छोड़ दी थी। वह 2016 में टीम को फाइनल तक ले गए थे पर उसे सनराइजर्स हैदराबाद से खिताबी मुकाबले में हार मिली थी।आईपीएल 2024 में कोहली ने 15 मैच खेलकर 154.70 की स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए थे। उन्होंने 17वें सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक शतक और पांच अर्धशतक लगाया था। कोहली आईपीएल इतिहास में आठ हजार से ज्यादा रन बनाने वाले अकेले खिलाड़ी हैं।

### तकनीकी सुधारों से बल्लेबाजी में मिला लाभ : शुभमन

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा है कि है कि इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से पहले किये गये तकनीकी सुधार का लाभ उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मिला है। इसी कारण वह तीसरे टेस्ट की पहली पारी में दबाव के बाद भी अर्धशतकीय पारी खेलने में सफल रहे। शुभमन ने पहली पारी में 90 रन बनाकर भारतीय टीम को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। शुभमन ने कहा कि यह निश्चित रूप से टेस्ट क्रिकेट में मेरी सबसे अच्छी पारियों में से एक है। इस टेस्ट से पहले मैं उन क्षेत्रों पर काम कर रहा था जिन पर मैंने इंग्लैंड सीरीज से पहले काम किया था। उन्होंने कहा कि उस सीरीज में भी मैं स्पिनरों के खिलाफ बेहतर बल्लेबाजी करने में सफल रहा था। इस मैच से पहले अभ्यास के दौरान भी मैं उस मानसिकता में वापस जाने में सक्षम होने के लिए और स्पिनरों को खेलने के तरीके को दोहराने के प्रयास कर रहा था। उन्होंने कहा कि कोच के साथ बातचीत बस इसे फिर से दोहराने के बारे में थी कि स्पिनरों को अच्छी तरह से किस प्रकार से खेला जाए। साथ ही कहा कि मैं खेल का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था। मुझे बल्लेबाजी करना पसंद है और मैं यही सोच रहा था कि वहां जाकर देर तक बल्लेबाजी करूं।

### पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों ने बीसीसीआई पर भेदभाव का आरोप लगाया

लखनऊ (ईएममएस)।पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई पर चयन में भेदभाव के आरोप लगाये हैं। क्रिकेट प्लेयर एसोसिएशन जनपद मऊ के नेतृत्व में नाराज क्रिकेट खिलाड़ियों ने बीसीसीआई का पुतला भी जलाया। पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ियों के अध्यक्ष शिवबचन यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले आते हैं लेकिन यूपीसीए ने केवल 41 जिलों को मान्यता दी है जबकि 34 जिलों को मान्यता नहीं दी है।पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ी की मांग है कि यूपी क्रिकेट टीम में 25 प्रतिशत कोटा पूर्वांचल के खिलाड़ियों के लिए रखा जाये। या पूर्वांचल के क्रिकेट खिलाड़ी के लिए एक नई क्रिकेट एसोसिएशन, क्रिकेट एसोसिएशन आफ पूर्वांचल को मान्यता दी जाए अन्यथा पूर्वांचल के जिलों के क्रिकेटर अपनी मांग पूरी होने तक धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।पूर्वांचल के जिलों के क्रिकेट खिलाड़ियों का आरोप है कि उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी अंदर-16, अंडर-19 और अंडर-23 (पुरुष एवं महिला) टीम में शामिल नहीं किया जाता है। यदि किसी खिलाड़ी को शामिल किया भी जाता है तो उसे मैच में खेलने का अवसर नहीं दिया जाता। यूपी टीम में मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली हरियाणा राज्यों के खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है जबकि पूर्वांचल के बलिया एवं मऊ जनपद सहित अन्य जनपदों को प्राथमिकता नहीं दी जाती है।यूपी के चयनकर्ता पश्चिमी यूपी टीम में प्राथमिकता देते हैं जिसका कारण यह है कि यूपी के कुछ जिला एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने प्रभाव का उपयोग कर अपने जिले के खिलाड़ी को टीम में शामिल करते हैं। यूपीसीए के चयनकर्ताओं को भी इन्हीं के दबाव में चयन समिति में नियुक्त किया गया है जो गलत है।

### अश्विन ने कुंबले का रिकार्ड तोड़ा

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अश्विन ने इस मैच की दूसरी पारी में तीन विकेट लेकर दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का वानखेड़े स्टेडियम में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। अश्विन ने छह मैचों में 19.75 की औसत से 41 विकेट लिए है। वहीं कुंबले ने सात मैचों में 38 विकेट लिए थे। अश्विन ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के मध्य क्रम को ध्वस्त कर दिया था। अश्विन ने सबसे पहले रचिन रवींद्र को अपना शिकार बनाया। इसके बाद ग्लेन फिलिप के रुप में दूसरा और विल यंग के रूप में तीसरा विकेट लिया। वहीं वानखेड़े स्टेडियम में इससे पहले भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में महान ऑलराउंडर कपिल देव कपिल देव ने 11 मैचों की 21 पारियों में 28 विकेट लिए थे जबकि हरभजन सिंह ने 5 मैचों की 10 पारियों में 24 विकेट लिए थे।

# भारतीय टीम तीसरा टेस्ट भी हारी, न्यूज़ीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया

### जडेजा और ऋषभ के प्रयास विफल रहे, एजाज की घातक गेंदबाजी



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ यहां वानखेड़े स्टेडियम में हुए क्रिकेट टेस्ट मैच में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही मेजबान टीम न्यूजीलैंड ने सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। ये पहली बार है जब न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम के खिलाफ सभी मैच जीते हैं। किवी टीम ने पहला और दूसरा मैच भी आसानी से जीत लिया था। वहीं आज तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम तीसरे दिन के दूसरे सत्र में जीत के लिए मिला 147 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी। रविन्द्र जडेजा ने घातक गेंदबाजी कर दूसरी पारी में कीवी टीम को 174 रन पर समेट कर भारतीय टीम को जीत का एक सुनहरा अवसर दिलाया था जिसे भारतीय टीम ने खो दिया। भारतीय टीम को जीत के लिए केवल 147 रनों का छोटा सा लक्ष्य मिला था पर टीम उसे हासिल नहीं कर पायी और 26 रनों से हार गयी। न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को 121 रनों पर ही आउट कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस मैच में कीवी टीम की जीत के हीरो स्पिनर एजाज पटेल रहे। एजाज ने इस मैच में कुल 11 विकेट लिए।एजाज ने पहली पारी में 5 विकेट जबकि दूसरी पारी में केवल 57 रन देकर 6 विकेट लिए।वहीं इससे पहले इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाये थे जबकि भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाये थे। इस प्रकार भारतीय टीम के पास 28 रनों की मामूली सी बढ़त थी। इसके बाद जडेजा और आर अश्विन ने जबरदस्त गजब गेंदबाजी कर मैच एक बार फिर भार की ओर झुका दिया। इन दोनो ने ही दूसरी पारी में किवी टीम को 174 रन पर आउट कर दिया था। .जडेजा ने इस मैच में कुल 10 विकेट लिए।इसके बाद भारतीय टीम को जीत के लिए 147 रन का लक्ष्य मिला जो आसान नजर आ रहा था पर एजाज पटेल की फिरकी में भारतीय बल्लेबाज उलझकर रह गये। भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, शुभमन गिल और सरफराज खान शुरुआत में ही पेवेलियन लौट गये। आधी भारतीय टीम 29 रन ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद ऋषभ पंत ने आकर आक्रामकर बल्लेबाजी करते हुए एक बार फिर भारतीय टीम की जीत की उम्मीदें जगायीं पर ऋषभ 64 रन बनाकर एजाज का शिकार बन गये और यहीं से मैच भारतीय टीम के हाथों से फिसल गया।न्यूजीलैंड भारत में 3-0 से सीरीज जीतने वाली पहली टीम बन गयी है। वहीं इंग्लैंड 4, ऑस्ट्रेलिया 3 और वेस्टइंडीज़ 1 के बाद न्यूजीलैंड 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत को सभी मैच हराने वाली चौथी टीम बन गई है। इसी के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम किसी सीरीज में तीन टेस्ट जीतने वाली पहली टीम बन गयी है।

### वेस्टइंडीज पर जीत से उत्साहित लिविंगस्टोन बोले, मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ फार्म मिल गया

सेंट जॉन्स (ईएमएस)। इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान लियाम लिविंगस्टोन ने दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में वेस्टइंडीज पर जीत के बाद उत्साहित होकर कहा कि अब मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ फर्म हासिल हो गया है। लिविंगस्टोन के अनुसार नेट्स में कुछ चीजों का अभ्यास करने से उन्हें लाभ मिला है। लिविंगस्टोन के तेज शतक और फिल साल्ट व जैकब बेथेल के अर्धशतकों की सहायता से इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय में वेस्टइंडीज पर पांच विकेट से हरा दिया।मैच के बाद लिविंगस्टोन ने कहा, मैंने अभ्यास में और इंग्लैंड में सत्र के अंत में कुछ चीजें कीं जिससे मुझे लगा कि मैंने अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासि कर ली है। मैं खेल का आनंद ले रहा हूं जिससे बल्लेबाजी बेहतर हुई है।लिविंगस्टोन ने कहा कि टीम ने शुरुआत में कुछ जोखिम लेने के प्रयास किये थे जो सफल रहे। उन्होंने कहा, डेथ ओवरों को लक्ष्य बनाने का सैम करन प्रयास कर रहे थे। यह पूरी तरह से फायदेमंद रहा। उन्होंने शानदार खेल दिखाया, मैंने सैम करन के साथ काफी बल्लेबाजी की है और बहुत क्रिकेट खेला है।

## रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ नाथन मैकस्वीनी से ओपनिंग कराने का दिया सुझाव



नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में ओपनिंग के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी नाथन मैकस्वीनी को टीम में शामिल करने का सुझाव दिया है। पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया बोर्ड को सलाह दी है कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा के साथ नाथन मैकस्वीनी को मैदान में उतारा जाय। पोंटिंग ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब ऑस्ट्रेलिया-ए टीम और इंडिया-ए टीम के बीच मैकेये के मैदान पर अनऑफिशियल टेस्ट मुकाबला चल रहा है, जिसमें मैकस्वीनी शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं।पोंटिंग पहले युवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास का समर्थन कर रहे थे, जो साउथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो शतक लगा चुके हैं। पोंटिंग ने कोन्स्टास को भविष्य का सितारा बताते हुए कहा था कि उनके अंदर प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन अपने अनुभव के आधार पर पोंटिंग ने यह भी माना कि उन्हें अभी कुछ चुनौतीपूर्ण पिचों पर खुद को साबित करना बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोन्स्टास ने अभी तक ऑप्टस स्टेडियम या गाबा जैसी चुनौतीपूर्ण पिचों पर नहीं खेला है, न ही पिंक बॉल का सामना किया है, जो उन्हें टेस्ट क्रिकेट में पेश आ सकती है। इसी कारण पोंटिंग का मानना है कि इस युवा खिलाड़ी को घरेलू क्रिकेट में और अधिक अनुभव लेना चाहिए ताकि वह खेल की तेज गति और कठिन परिस्थितियों का सामना करने में और बेहतर बन सके।मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 37 वर्ष के हो चुके हैं और अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। पोंटिंग का मानना है कि इस पृष्ठभूमि में मैकस्वीनी जैसे खिलाड़ी को अवसर देना समझदारी भरा कदम होगा। मैकस्वीनी ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया-ए टीम की कप्तानी की है और अपने नेतृत्व कौशल के साथ-साथ अपने खेल में भी निरंतरता और उत्कृष्टता दिखाई है। पोंटिंग का यह बयान ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में नई प्रतिभाओं को अवसर देने की दिशा में एक संकेत माना जा रहा है।

## यश गेंद को दोनों दिशाओं में स्विंग कराने में माहिर

### यश दयाल की गेंदबाजी के मुरीद हुए एंडी फ्लावर




नई दिल्ली (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि यश की गेंदबाजी में दोनों ओर स्विंग कराने की विशेषता उन्हें टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। बता दें कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 के लिए अपनी टीम को मजबूती देने के प्रयासों के तहत बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में बरकरार रखा है। यश दयाल के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए टीम के मुख्य कोच एंडी ने कहा कि आईपीएल 2024 में यश दयाल ने 14 मैचों में 9.15 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए थे और टीम के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व करते हुए अहम भूमिका निभाई थी।फ्लावर ने आरसीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर बताया, हम यश दयाल को टीम में बनाए रखने को लेकर उत्साहित हैं। उनकी अद्वितीय क्षमता और स्विंग गेंदबाजी उन्हें एक खास खिलाड़ी बनाती है। उनका करियर एक ऊर्ध्व दिशा में जा रहा है और हमें विश्वास है कि वे आगामी सीजन में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यश दयाल के अलावा फ्लावर ने बल्लेबाज रजत पाटीदार की भी सराहना की। पाटीदार ने पिछले सीजन में 177.13 की स्ट्राइक रेट से 395 रन बनाए थे, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। 2021 में अपने पदार्पण के बाद से पाटीदार ने 27 मैचों में 158.85 की स्ट्राइक रेट से 799 रन बनाए हैं। फ्लावर ने कहा कि पाटीदार का लचीलापन और प्रतिभा टीम के लिए बेहद फायदेमंद रहे हैं और आगामी सीजन में उनसे और भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। फ्लावर का मानना है कि यश दयाल और रजत पाटीदार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ आरसीबी आगामी सीजन में और भी मजबूत टीम बनकर उभरेगी।

## श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी सीरीज की तारीख तय

मेलबर्न (ईएमएस)। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी 2 मैचों की टेस्ट सीरीज और एकमात्र वनडे मैच की तारीखें निर्धारित हो चुकी हैं। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के मौजूदा चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। साथ ही, एकदिवसीय मैच से दोनों टीमों को 2025 में पाकिस्तान में आयोजित होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी तैयारियों को मजबूती मिलेगी। पहला टेस्ट मैच 29 जनवरी को गॉल में शुरू होगा, जबकि दूसरा टेस्ट 6 फरवरी से इसी स्थान पर खेला जाएगा। इसके बाद 13 फरवरी को दोनों टीमें एकमात्र वनडे में आमने-सामने होंगी।ऑस्ट्रेलिया इस समय डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में 62.5 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि श्रीलंका 55.56 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। ऐसे में, यह सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम अगले साल लंदन में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में उनके भाग्य को निर्धारित कर सकता है। इस सीरीज का परिणाम न केवल ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के लिए, बल्कि भारतीय टीम के लिए भी अहम होगा। भारत का डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया सीरीज के परिणाम पर निर्भर कर सकता है।वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए अपने बचे हुए 6 में से 4 टेस्ट मैच जीतने होंगे, जबकि श्रीलंका को अपने अगले 4 मैचों में से सभी जीतने होंगे और ऑस्ट्रेलिया को अपने 7 में से 4 टेस्ट जीतने होंगे। अगर श्रीलंका अपनी घरेलू परिस्थिति का फायदा उठाकर ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है, तो भारत के फाइनल में पहुंचने के चांस बढ़ सकते हैं। अगर भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने आखिरी टेस्ट में जीत हासिल नहीं कर पाता है, तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की सीरीज में उन्हें चार टेस्ट जीतने होंगे, जो कि एक कठिन कार्य होगा। यहां तक कि अगर कोई टेस्ट ड्रॉ होता है, तो इससे भी भारत को नुकसान होने की संभावना है।पिछली बार जब ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका का दौरा किया था, तब टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई थी। इसके अलावा, श्रीलंका ने वनडे सीरीज 3-2 से जीती थी, जबकि टी20 सीरीज 2-1 से ऑस्ट्रेलिया के नाम रही थी।

इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) की तैयारियों में जुटी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह प्रतिष्ठित पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। यह सीरीज भी भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2014-15 से इस श्रृंखला में जीत दर्ज नहीं कर पाया है, और तब से भारत ने इस ट्रॉफी पर अपना दबदबा बना रखा है। जहां भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है, वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अभी तक अपनी अंतिम एकादश को सार्वजनिक नहीं किया है।

### पूर्व किवी क्रिकेटर ने शुभमन को भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया

पृथ्वी से तकनीक में हैं कही बेहतर

मुम्बई (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर साइमन डूल ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। शुभमन ने भारतीय टीम की ओर से पहली पारी में दबाव के बीच ही 90 रनों की शानदार पारी खेलकर टीम को 263 रनों तक पहुंचाया था। इस दौरान कमेंट्री कर रहे डूल ने शुभमन की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी तकनीक में कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, शुभमन इस टीम की बल्लेबाजी का भविष्य हैं। डूल ने कहा कि शुभमन मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी हैं।डूल ने कहा, मैंने पहली बार शुभमन को न्यूजीलैंड में अंडर-19 विश्व कप में देखा था। तब भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान रहे पृथ्वी शॉ की काफी तारीफें हो रही थीं। उसी समय मैंने कहा था कि शुभमन आने वाले समय में पृथ्वी से कहीं आगे निकल जाएगा जो सही साबित हुआ। उन्होंने कहा कि शुभमन की तकनीक बहुत अच्छी थी, जबकि पृथ्वी शॉ में कुछ कमियां थीं।

## साल 2027 तक आरसीब की ओर से ही खेलना चाहते हैं विराट

### विराट कोहली ने आरसीबी के साथ 20 साल पूरे करने की इच्छा जताई, 21 करोड़ की फीस पर रिटेन




बेंगलुरु (ईएमएस)। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि वह आगे भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते रहेंगे। विराट का कहना है कि उनका लक्ष्य साल 2027 तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने का है। आससीबी ने विराट को 21 करोड़ रुपए की फीस पर अपने साथ बरकरार रखा है जिससे वह संतुष्ट हैं। आरसीबी के इस पूर्व कप्तान का कहना है कि वह टीम में अपने 20 साल पूरे करना चाहते हैं। विराट शुरु से ही आरसीबी से खेलते रहे हैं। वह साल 2008 से आरसीबी के साथ हैं। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड बनाए हैं। कोहली ने आरसीबी के साथ अपने सफर को लेकर कहा, मेरा लक्ष्य 2027 तक कम से कम तीन साल और खेलना है। इस चक्र के अंत में मुझे आरसीबी के लिए खेलते हुए 20 साल हो जाएंगे और यह मेरे लिए बहुत ही खास अहसास है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों में उनका आरसीबी से बेहद करीबी संबंध बन गया है। साथ ही कहा कि मैं आरसीबी के अलावा कहीं और से खेलने की नहीं सोचता।कोहली ने आरसीबी को खिताब दिलाने के अपने लक्ष्य को भी बताया। उन्होंने कहा, हर कोई जानता है कि आरसीबी मेरे लिए कितनी विशेष है। टीम से मेरा दो दशक का रिश्ता है। मुझे उम्मीद है कि प्रशंसक और फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोग भी इसे समझते हैं। विराट ने आरसीबी के आने वाले सत्र के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस चक्र का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं और निश्चित रूप से मेरा लक्ष्य अगले चक्र में कम से कम एक बार आईपीएल खिताब जीतना रहेगा। हम हमेशा की तरह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे और सभी को गर्व का अनुभवी कराते रहेंगे। मैं प्रशंसकों से मिले सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं।आरसीबी ने कोहली के अलावा रजत पाटीदार को 11 करोड़ रुपए और यश दयाल को 5 करोड़ रुपए में अपने पास बनाये रखा है। इस रिटेंशन के बाद फ्रेंचाइजी के पास मेगा नीलामी में खर्च करने के लिए 83 करोड़ रुपए की रकम रहेगी, जिससे वे अपनी टीम के लिए कई बेहतर खिलाड़ी खरीद सकते हैं।

### आर्या और सुरभि एमएमए की वर्ल्ड चैंपियनशिप में जाएंगी उज्बेकिस्तान

इन्दौर (ईएमएस) ) उज्बेकिस्तान में आयोजित होने वाली मिक्स्ड मार्शल आर्ट वर्ल्ड चैंपियनशिप मे इन्दौर मध्यप्रदेश की खिलाड़ी आर्या चौधरी (52.2 कि.ग्रा.) और पिछले वर्ष की एशियाई रजत पदक विजेता सुरभि सांखला (65.8 कि.ग्रा.) भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनके साथ विक्रम पुरस्कार विजेता कोच विकास शर्मा भी रहेंगे। मध्यप्रदेश मिक्स्ड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी वैभव नागौरी, देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर आदि ने उन्हें बधाई तथा शुभकामनाएं दी।

### अंतरराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस 16 से

इन्दौर (ईएमएस) स्थानीय चोइथराम फाउंडेशन नेत्रालय सभागार, धार रोड पर आगामी 16 नवम्बर से दो दिनी अंतरराष्ट्रीय योग कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश- विदेश के करीब 1000 से ज्यादा योग के विद्वान शामिल हो परिचर्चा करेंगे। कॉन्फ्रेंस में योग परिचर्चा, योग क्विज, साइंटिफिक पेपर, योग पोस्टर प्रदर्शनी, योग आहार संबंधी स्टॉल, योग प्रदर्शन, योगाचार्यों का सम्मान, मनोरंजन के कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के योग विभागों के विशेष अनुसंधान भी होंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन योग एक्सपर्ट्स स्वामी प्रद्युमानंद, डॉ. रामकृष्ण वीआर, डॉ. रचना वर्मा, डॉ. विश्वरूप रायचौधरी, डॉ. प्रकाश मालशे और डॉ. राजेश्वर शास्त्री मूसलगांवकर शामिल होंगे। दूसरे दिन डॉ. भारत रावत, डॉ. रजत वर्मा, डॉ. जी. मंजूनाथ, डॉ. मृत्युंजय राठौर, और डॉ. कप्तान सिंह आदि शामिल होंगे। आयोजन के अध्यक्ष अश्विनी वर्मा और सचिव डॉ. संजय लोंढे हैं।

### जडेजा ने कीवी टीम को समेटा, भारत को जीत के लिए 147 रनों का लक्ष्य मिला

मुंबई (ईएमएस)। रवींद्र जडेजा की जबरदस्त गेंदबाजी से भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां मेहमान टीम न्यूजीलैंड को दूसरी पारी में 174 रनों पर ही समेट दिया। इस प्रकार भारतीय टीम को इस मैच में जीत के लिए 147 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला है। इस मैच में तीसरे दिन 171 रनों पर 9 विकेट से आगे खेलते हुए न्यूजीलैंड टीम 174 रन ही बना पायी। इससे पहले मेहमान टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाए थे जबकि मेजबान भारतीय टीम ने 263 रन बनाकर 28 रनों से बढ़त हासिल की थी।भारतीय टीम इस सीरीज में पहले दो मैच हारी है और सीरीज में 2-0 से पीछे है। इस मैच में टॉस जीतकर कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी की थी। भारत की ओर से जडेजा ने पहली पारी में 5 विकेट और वाशिंगटन सुंदर के 4 विकेट लेकर कीवी टीम को 235 रनों पर ही रोक दिया। इसके बाद शुभमन गिल के 90 रन और ऋषभ पंत की शानदार अर्धशतकीय पारी की सहायता से 263 रन बना लिए। जडेजा ने दूसरी पारी में भी 4 विकेट लेकर कीवी टीम की बल्लेबाजी को धवस्त कर दिया।मुंबई टेस्ट में जीत हासिल करने के लिए अब भरतीय टीम को 147 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला है। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में भी आर अश्विन के साथ मिलकर घातक गेंदबाजी कर मेहमान टीम को कोई अवसर नहीं दिया।

### शाकिब और लिटन के बिना ही अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज खेलेगी बांग्लादेश

ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश ने अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम में शामिल नहीं किया है। बांग्लादेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है पर उसमें शाकिब और लिटन को जगह नहीं मिली है। ऐसे में शान्तो को टीम का नया कप्तान बनाया गया है जबकि हाल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मेहदी हसन मिराज को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी गयी है।

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीपी नेता नवाब मलिक के दामाद का निधन, सड़क हादसे में हुए थे घायल

मुंबई (ईएमएस)। एनसीपी नेता नवाब मलिक के दामाद समीर खान का निधन हो गया है। यह जानकारी नवाब मलिक ने खुद दी है। नवाब मलिक ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी साझा की है। अपने ट्वीट में नवाब मलिक ने लिखा- मेरे दामाद समीर खान का निधन हो गया है। अल्लाह उन्हें जन्नत में सबसे ऊंचा स्थान दे। हम इस क्षति के शोक में हैं, इसलिए अगले दो दिनों के लिए मेरे सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। बता दें कि नवाब मलिक की पहली बेटी के पति समीर खान को सड़क हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। समीर खान अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में सड़क हादसे का शिकार हुए थे। इस दौरान इस हादसे में समीर खान की पत्नी और नवाब मलिक की बड़ी बेटी भी घायल हो गई थी, जिनका इलाज अभी अस्पताल में जारी है। समीर खान और उनकी पत्नी चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। इस दौरान ड्राइवर के गाड़ी पार्किंग से लाने के बाद गाड़ी में ब्रेक न लगने से गाड़ी समीर खान को घसीटती हुई एक दीवार से टकरा गई। इस दौरान घायल समीर खान दीवार और गाड़ी के बीच में फंस गए। हालांकि ये हादसा अस्पताल में हुआ था, जिससे उन्हें तुरंत भर्ती कराया गया था। समीर खान इलाज के दौरान कोमा में चले गए थे। आपकी समझदारी के लिए धन्यवाद, कृपया उन्हें अपनी प्रार्थनाओं में रखें।

### उत्तर भारतीय बटोगे तो पिटोगे पोस्टर पर विवाद, भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र चुनाव से पहले मुंबई में उत्तर भारतीय बटोगे तो पिटोगे के विवादास्पद पोस्टर ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। अंधेरी और आसपास के इलाकों में उत्तर भारतीय सेना नामक संगठन द्वारा लगाए गए इन पोस्टरों ने उत्तर भारतीय समुदाय के बीच चिंता को जन्म दिया है। उत्तर भारतीय सेना, जो एक नवगठित राजनीतिक दल है, पहले भी विधानसभा चुनाव में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को टिकट देने की घोषणा कर सुर्खियां बटोर चुका है। भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा ने इस पोस्टर अभियान की कड़ी निंदा की और इसे समाज में विभाजन और नफरत फैलाने की कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा और पोस्टर न केवल उत्तर भारतीय समुदाय का अपमान करते हैं, बल्कि पूरे महाराष्ट्र की सौहार्दपूर्ण संस्कृति पर भी सवाल खड़ा करते हैं। मिश्रा ने राज्य सरकार से तुरंत कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि ऐसे संगठनों पर कड़ी नजर रखी जानी चाहिए जो सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तर भारतीय सेना के इस अभियान से राज्य की अन्य पार्टियों ने भी प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। कांग्रेस और शिवसेना के नेताओं ने भी इस प्रकार की गतिविधियों पर चिंता जताई है। पुलिस ने पोस्टर लगाने के मामले की जांच शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने आश्वासन दिया है कि किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शीतकाल के लिए बंद हुए श्री केदारनाथ धाम के कपाट

रूद्रप्रयाग (ईएमएस)। पर्वतराज हिमालय की गोद में बसे ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ मंदिर के कपाट आज विधि विधान के साथ बंद हो गये हैं। विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम के कपा आज रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 08.30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के मधुर बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान व धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। कपाट बंद होने के अवसर पर मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास बर्फ होने से सर्द बयारें भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा। कपाट बंद होने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थयात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य व दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस-प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी आदि का आभार जताया। बाबा केदार की पंचमुखी डोली आज 3 नवंबर को रामपुर रात्रि प्रवास करेगी 4 नवंबर सोमवार को श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी रात्रि प्रवास कर 5 नवंबर मंगलवार को शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में ही संपादित होगी।

### लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल पर गुरुग्राम में दर्ज हुआ केस

गुरुग्राम (ईएमएस)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के ऊपर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई गुजरात के अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद है। अनमोल का नाम अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले में आया था। पिछले दिनों एनआईए ने अनमोल का पता देने वाले को 10 लाख रुपये के इनाम की घोषणा की थी। उसके अमेरिका में छुपे होने की बात सामने आई है। मुंबई पुलिस ने कुछ दिन पहले अनमोल बिश्नोई को भारत लाने के लिए प्रत्यार्पण की कार्रवाई शुरू की थी। कोर्ट ने मुंबई पुलिस को इसकी अनुमति दी है। अब गुरुग्राम पुलिस ने भी मामला दर्ज कर लिया है। गुरुग्राम पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के खिलाफ रंगदारी मांगने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भीम सेना प्रमुख नवाब सतपाल तंवर की शिकायत पर की है। तंवर ने कहा था कि धमकी मिलने की शिकायत पुलिस से की थी। इस मामले की जांच गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच कर रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि सतपाल के तंवर को जिम्बाब्वे और केन्या के फोन नंबर से फोन आया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अनमोल बिश्नोई कनाडा और अमेरिका से बैठकर अपना गैंग चला रहा है। उसने वहीं से बैठकर सतपाल तंवर को धमकी दी है। गुरुग्राम पुलिस फिलहाल अनमोल बिश्नोई की आवाज की भी जांच कर रही है। जिससे यह साफ हो कि यह आवाज किसकी है? एनआईए ने अनमोल को सर्वाधिक वांछित अपराधियों की सूची में भी रखा गया है।

### वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम राथर बनेंगे जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष पहला सत्र सोमवार से होगा शुरू

जम्मू (ईएमएस)। रविवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की विधायक दल की बैठक में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ विधायक अब्दुल रहीम राथर को विधानसभा का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा सत्र 4 नवंबर से शुरू होगा। अब्दुल रहीम 10 साल बाद हुए विधानसभा चुनाव के बाद नई सरकार में स्पीकर होंगे। राथर सातवीं बार विधायक बने हैं और केंद्र शासित प्रदेश की पहली विधानसभा में सबसे उम्रदराज विधायक हैं। बैठक में अब्दुल्ला सरकार की आगामी रणनीति और योजनाओं के बारे में भी चर्चा हुई। अब्दुल्ला सरकार उपाध्यक्ष का पद भाजपा को दे सकती है। हालांकि, अब तक सरकार की ओर से भाजपा को इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं दी गई है। उमर अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री बनने के राज्य में 6 आतंकी हमले हुए हैं। इनमें लश्कर के कमांडर समेत 6 आतंकी ढेर हुए हैं। इससे विधानसभा सत्र हंगामेदार होने के आसार हैं। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में रविवार को बीजेपी विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में सुनील कुमार शर्मा को बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है। विधायक दल का नेता बनते ही सुनील शर्मा ने पाकिस्तान के साथ ही फारूक अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को भी आड़े हाथों लिया। हाल के दिनों में जम्मू कश्मीर में लगातार हो रहे हमलों पर बीजेपी विधायक दल के नेता सुनील शर्मा ने कहा, जम्मू कश्मीर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ कोई नई बात नहीं है. जम्मू कश्मीर में यह सिलसिला 1989 से चल रहा है, लेकिन हाल के दिनों में हुए हमले को हाइप मिला है। उन्होंने आगे कहा, 2019 के बाद से जिस तरह से सुरक्षाबलों और अर्धसैनिक बलों ने प्रदेश में आतंक को जमींदोज किया है, उसके बाद अब पाकिस्तान समर्थित आतंकी एक नए मॉड्यूल को लेकर सामने आए हैं.

# शिवसेना और एनसीपी विधायक अयोग्यता मामले में सुप्रीम सुनवाई 5 नवंबर को

## एनसीपी पार्टी और सिंबल मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 6 नवंबर को सुनवाई

मुंबई, (ईएमएस)। शिवसेना और एनसीपी विधायकों की अयोग्यता मामले की सुनवाई मंगलवार 5 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में होने की संभावना है। मामला सितंबर और अक्टूबर में कुछ समय के लिए टेबल पर था, लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। इस बीच, राज्य में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है और मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी. वाई.चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवा निवृत होंगे। इसलिए सबकी नजर इस बात पर है कि क्या 5 नवंबर को इस मामले की सुनवाई होगी। आपको बता दें कि एनसीपी के साथ शिवसेना विधायक की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पार्टियों के विधायकों की अयोग्यता के मामले की सुनवाई एक साथ करने का फैसला किया था। इसी के तहत पिछले कुछ महीनों से दोनों पार्टियों के विधायक अयोग्यता मामले की तारीखें एक साथ आ रही हैं। लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। इस बीच मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। विधायक अयोग्यता मामला और एनसीपी के साथ शिवसेना पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न मामला उनके सामने लंबे समय से सुना जा रहा है। हालाँकि, अभी तक इन मामलों पर कोई निर्णय नहीं आया है। राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर तक है। इसलिए अगर 10 नवंबर से पहले विधायक अयोग्यता मामले पर फैसला नहीं आया तो नतीजा निकलने की संभावना बहुत कम है। इसलिए सबकी नजर 10 नवंबर से पहले होने वाली सभी घोषणाओं पर है।

**- एनसीपी पार्टी और सिंबल मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 6 नवंबर को सुनवाई**

सुप्रीम कोर्ट एनसीपी पार्टी के चुनाव चिन्ह और नाम मामले पर 6 नवंबर को सुनवाई करेगा। चुनाव आयोग की ओर से अजित पवार को एनसीपी पार्टी और सिंबल दिया गया। इस फैसले को शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए याचिका दायर की है। मालूम हो कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में अजित पवार द्वारा बगावत करने के बाद दो गुट उभरे, अर्थात शरद पवार गुट और अजीत पवार गुट। इसके बाद दोनों गुटों ने दावा किया कि एनसीपी हमारी है। यह विवाद आगे चलकर चुनाव आयोग तक गया। आयोग ने एनसीपी पार्टी और पार्टी का चुनाव चिन्ह घड़ी अजित पवार को देने का फैसला किया। इस फैसले को शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। इस मामले की सुनवाई 6 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में होने वाला है।




# बीजेपी सरकार हरियाणा के विकास के लिए काम कर रही : नायब सिंह सैनी



पंचकूला (ईएमएस)। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में सीएम हाउस में पंचकूला नगर निगम की निर्दलीय पार्षद ओमवती पूनिया एवं जजपा से चुनाव लड़े पार्षद सुशील गर्ग भाजपा में शामिल हुए। वहीं पार्षद सुनीत सिंगला ने भी घर वापसी की। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि कि भाजपा सरकार हरियाणा का सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित होकर कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही पार्टी लगातार चुनाव जीतती आ रही है। हरियाणा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से ही तीसरी बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीनों पार्षदों को भरोसा देते हुए कहा कि आप लोगों को पार्टी में पूरा मान और सम्मान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी के साथ आने से नॉन- स्टॉप हरियाणा को विकसित बनाने के हमारे उद्देश्यों व प्रदेश के सर्वांगीण विकास के संकल्प को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने तीनों पार्षदों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि मोदी और नायब सैनी सरकार में युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, श्रमिक, गृहणी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं।

**पार्षदों ने जताया सीएम का आभार**

भाजपा ज्वाइन करने पर पार्षद ओमवती पुनिया और सुशील गर्ग और सुनीत सिगला ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया। उन्होंने सीएम सैनी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। पार्षदों ने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव के विकास के काम कर रही है। हरियाणा में पहली बार भाजपा सरकार में ही प्रदेश के युवाओं को बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिली हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली से प्रभावित होकर ही वे भाजपा में शामिल हुए हैं।

## हिट एंड रन केस का आरोपी बीजेपी नेता का बेटा गिरफ्तार

बस्ती (ईएमएस)। यूपी के बस्ती जिले में दिवाली के दिन एक शख्स की कुचलकर मौत के मामले में बीएमडब्ल्यू कार और उसे चला रहे भाजपा नेता के बेटे हनी उर्फ अजमतउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पिछले 48 घंटे से हाई प्रोफाइल कार बीएमडब्ल्यू और उसके चालक को तलाश करने के लिए पुलिस काफी दबाव में थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पिता और मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कि तो कुछ ही घंटे में आरोपी कोतवाली में हाजिर हो गया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि कोतवाली पुलिस द्वारा एक मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसमें धारा 281,106(1) बीएनएस बनाम बीएमडब्ल्यू वाहन अज्ञात के चालक अजमतुल्लाह खां उर्फ हनी खां आरोपी बनाया गया जिसके पिता हमीदुल्लाह खां उर्फ बब्बु खां बीजेपी के नेता भी हैं। पूरी वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तु राय मुहल्ले में घटित हुई थी। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने बस्ती मे संलिप्त वाहन बीएमडब्ल्यू कार वाहन सं. सीएच01एजी0696 को बरामद कर लिया और उसे चला रहे हनी खां को जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी पिता-पुत्र रसूखदार हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती।

ज्ञानवती देवी ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं। इनमें से दो बेटियां और दो छोटे बेटे हैं। उनके पति की कमाई पर ही परिवार का गुजारा चलता था। अब पिता का साया उठ जाने से बच्चों का भविष्य अंधकार में है और उन्हें समझ नहीं आ रहा कि परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा। वहीं, इस मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि बीएमडब्ल्यू कार से कुचलकर एक शख्स की मौत के मामले में कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### बहन प्रियंका के प्रचार के लिए वायनाड के रण में उतरे राहुल, बोले

# ये सबसे अच्छी सांसद बनेंगी

वायनाड(ईएमएस)। राहुल गांधी भी वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में अपनी बहन प्रियंका गांधी के लिए प्रचार रण में उतर गए हैं। रविवार को राहुल गांधी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के लिए चुनाव प्रचार किया और एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि प्रियंका गांधी आपकी सबसे अच्छी सांसद होंगी।

राहुल गांधी ने रविवार को वायनाड में आयोजित एक रैली के दौरान कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे प्रियंका गांधी जैसी बहन मिली, अब ये आप लोगों की भी खुशकिस्मती होगी कि वे आपकी भी बहन, मां और बेटी जैसी होंगी। मुझे विश्वास है कि वे आपके लिए सबसे अच्छी सांसद साबित होंगी। रैली के दौरान प्रियंका गांधी ने भी जनता को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सिर्फ बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। उनका उद्देश्य उन्हें अच्छी जिंदगी देना है न कि नई नौकरियां देना। वे लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा भी नहीं दे रहे हैं। वे बस किसी भी तरीके से सत्ता में रहना चाहते हैं, और वो तरीके क्या हैं? वे आपको बांटना चाहते हैं, गुस्सा भडक़ाना चाहते हैं और नफरत फैलाना चाहते हैं।

**यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई**

राहल गांधी ने कहा कि संविधान गुस्से या नफरत से नहीं लिखा गया था। इसे उन लोगों ने लिखा था जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, जिन लोगों ने कष्ट झेले, जिन्होंने सालों-साल जेल में बिताए और उन्होंने संविधान को विनम्रता, प्रेम और स्नेह के साथ लिखा। यह आत्मविश्वास और असुरक्षा के बीच की लड़ाई है। और अगर आप वाकई इस लड़ाई को जीतना चाहते हैं, तो आपको अपने दिल से गुस्सा निकालकर, नफरत को हटाकर और उसकी जगह प्यार, विनम्रता और करुणा लाकर मदद करनी चाहिए। राहुल ने कहा कि पिता राजीव गांधी की हत्या में शामिल लडक़ी नलिनी से मिलने के बाद वह भावुक हो गई थीं। उसने मुझसे कहा था कि उसे नलिनी के लिए बुरा लग रहा है। यही तालीम उसे मिली है।

# निमरत कौर संग अफेयर की अफवाहों पर सिमी ग्रेवाल नाराज

मुंबई (ईएमएस)। अभिषेक बच्चन अपनी फिल्म दसवीं की कोस्टार निमरत कौर के साथ अफेयर की अफवाहों से चर्चा में हैं। ऐश्वर्या राय के साथ बच्चन परिवार के कथित मतभेद की अफवाहों पर लोग सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। एक्ट्रेस सिमी ग्रेवाल ने सोशल मीडिया पर बच्चन परिवार का बचाव किया है। सिमी ग्रेवाल के बच्चन परिवार से नजदीकी रिश्ते हैं। उन्होंने अभिषेक बच्चन का एक पुराना वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे रिश्तों में कमिटमेंट और वफादारी पर अपनी राय बयां कर रहे हैं। सिमी ग्रेवाल की ओर से शेयर की गई क्लिप उनके ही मशहूर शो रॉन्डिवू विद सिमी ग्रेवाल का है, जिसमें अभिषेक साल 2003 में गेस्ट बनकर पहुंचे थे। वीडियो में अभिषेक कहते हुए नजर आ रहे हैं, मुझे पुरानी सोच वाला कहें, लेकिन मुझे हल्के-फुल्के रहन-सहन से कोई आपत्ति नहीं है। मुझे उन लोगों से कोई समस्या नहीं है जो मजे करना चाहते हैं, तो बेशक आप आनंद लें।

लेकिन, अगर आपने किसी के साथ किसी भी लेवल पर कमिटमेंट किया है, तो उस वादे को निभाएं, वरना ऐसा न करें। अभिषेक बच्चन ने आगे कहा था कि मुझे निजी तौर पर लगता है कि अगर आपने एक आदमी के तौर पर किसी महिला के साथ कमिटमेंट किया है, भले ही आपका सामना फिर लवर से हो जाए, आपको उसके साथ वफादार रहना चाहिए। आदमियों पर आमतौर पर बेवफा होने का आरोप लगाया जाता है। मैं इसे कभी नहीं समझ पाया और मैं इससे सहमत नहीं हूं। इससे मुझे नफरत होती है। सिमी ग्रेवाल ने पहले एक सोशल मीडिया पोस्ट की बुराई की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अमिताभ बच्चन ने अपनी बेटी श्वेता बच्चन नंदा के लिए ऐश्वर्या राय को नजरअंदाज किया। सिमी ने वीडियो की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें बिना किसी वास्तविक स्थिति को समझे बच्चन परिवार के बारे में बेतुका कमेंट किया गया है।

# मरुधारा के राजनीति के नए जादूगर साबित हो रहे सीएम भजनलाल, तीन बार के सीएम गहलोत की पकड़ हुई कमजोर

जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान में आगामी तेरह नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए चुनावी सरगर्मियां तेज हैं। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा बदलते राजनीतिक परिवेश के बीच राजनीति के नए जादूगर के रुप में उभरकर सामने आ गए हैं।

सीएम शर्मा पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक बनने और फिर मुख्यमंत्री बनने के बाद कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता से खूब वाहीवाही बटोरी और उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई उम्मीदवारों के खिलाफ उठे बगावती सुर थामने में कामयाब रहे। इसके साथ ही बगावत पर उतारु पार्टी के नेताओं से मुलाकात एवं उन्हें समझाकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में उतारकर बदलते राजनीतिक परिवेश में अपने को अनुभवी एवं राजनीति के खिलाड़ी की तरह साबित कर दिया है। इस उपचुनाव में झुंझुनूं, रामगढ़, देवली-उनियारा एवं सलंबूर से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत के सुर उठे थे। वहीं उपचुनाव में देवली-उनियारा से कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भी बगावत के सुर उठे। इसमें मुख्यमंत्री की सूझबूझ एवं सियासी जादूगरी के चलते भाजपा के बगावत करने वाले पार्टी के चारों नेताओं को न केवल समझाया, बल्कि वे पूरी तरह पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में भी जुट गए हैं, लेकिन राजनीति के जादूगर कहलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पार्टी के नेता और उनियारा-देवली से टिकट की मांग करने वाले नरेश मीणा के बगावती सुर इतने ताकतवार हुए है कि उन्होंने अधिकृत पार्टी प्रत्याशी कस्तूर चंद मीणा के खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल किया और नामांकन पत्र वापस नहीं लिया और वह पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं।

इसके बाद श्री मीणा के समर्थन में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल, निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी एवं भारत आदिवासी पार्टी (बाप)



पार्टी उनके समर्थन में आ गए।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी हैं कि कई वर्षों के राजनीति में अनुभवी एवं तीन बार मुख्यमंत्री होने का गौरव रखने वाले गहलोत की कांग्रेस पार्टी एक बागी के बगावती सुर नहीं रोक सकी और महज 10-11 माह पुराने एवं पहली बार के विधायक एवं मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के चार-चार बगावत करने वाले नेताओं को न केवल समझाने में कामयाब रहे बल्कि ये नेता पार्टी उम्मीदवारों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल पड़े। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में बने नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की भी इसके लिए पीठ थपथपाई जा रही है। इसके अलावा नागौर जिले की खींवसर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के खिलाफ कोई बगावती तेवर, तब नजर नहीं आये लेकिन वर्ष 2008 से यह सीट अस्तित्व में आई हैं तब से राजनीतिक दबदबा रखने वाले हनुमान बेनीवाल के सामने दो बार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उम्मीदवार के रुप में चुनौती देकर दूसरे स्थान पर रहने वाले दुर्ग सिंह चौहान को इस बार भाजपा के साथ जोड़कर भी एक नई कामयाबी हासिल की गई है। इससे पिछले विधानसभा चुनाव में महज करीब दो हजार मतों से पिछड़े पार्टी उम्मीदवार रेवंतराम डांगा को इस बार मजबूती मिलने की संभावना बलवती हुई हैं। यहां भी मुख्यमंत्री की लोग चर्चाओं में तारीफ भी कर रहे हैं।

जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तब भी पार्टी में बगावती सुर नहीं उठ सके और न ही इसके बाद हुए चुनाव में किसी नेता के बगावती सुर सामने आए। इससे श्री शर्मा नए सियासी जादूगर के रुप में उभरकर सामने आये हैं। इसके साथ राजस्थान में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष श्री राठौड़ की भी खूब वाहीवाही होने लगी है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी नेता और कार्यकर्ता एकजुट नजर आने लगे है। श्री राठौड़ डूंगरपुर पूर्व विधायक देवेन्द्र कटारा को भी भाजपा में वापस लाकर एक और राजनीतिक सूझबूझ का उदाहरण दिया है। वहीं उपचुनाव में रामगढ़ से निर्दलीय नामांकन पत्र भरने वाले निर्मल सुरा भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में झुंझुनूं से भाजपा ने पूर्व प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू को चुनाव मैदान उतारने पर उनके खिलाफ पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बबलू नाराज हो गए और पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने की बात करने लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने अपने मंत्री सुमित गोदारा सहित दो मंत्रियों को भेजकर उन्हें मनाकर बगावत के सुर थाम दिए। इसतरह उपचुनाव के लिए सलूंबर से पूर्व विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को भाजपा का टिकट मिलते ही पार्टी के नेता नरेन्द्र मीणा ने बगावती तेवर दिखाये और पुनर्विचार करने की मांग की गई लेकिन सीएम शर्मा ने उन्हें जयपुर बुलाकर मुलाकात कर उन्हें समझा दिया गया। देवली-उनियारा से पार्टी उम्मीदवार पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुर्जर के खिलाफ भी पूर्व प्रत्याशी विजय बैंसला के समर्थकों ने बगावती तेवर दिखाना शुरु किया था लेकिन श्री बैंसला को भी मनाया गया।

# कोल इंडिया के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीसीसीएल को मिले 7 पुरस्कार

## कॉरपोरेट स्तर पर दो पुरस्कार तथा व्यक्तिगत श्रेणी में मिले कुल पाँच पुरस्कार










धनबाद : कोल इंडिया लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर कोलकाता में आयोजित एक विशेष समारोह में वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न मानकों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाली अनुषंगी कंपनियों को केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कॉरपोरेट स्तर पर विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कार के अलावा व्यक्तिगत श्रेणी में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को कॉरपोरेट स्तर पर दो पुरस्कार तथा व्यक्तिगत श्रेणी में कुल पाँच पुरस्कार प्राप्त हुए।

### बीसीसीएल को प्राप्त पुरस्कारों का विवरण

1. **कॉर्पोरेट पुरस्कार** : गुणवत्ता जागरुकता पुरस्कार – द्वितीय पुरस्कार, वर्ष 2023-24 विशेष पहचान पुरस्कार – बीसीसीएल द्वारा पहली बार लाभांश भुगतान करने के लिए विशेष पुरस्कार

2. **व्यक्तिगत/समूह पुरस्कार (व्यक्तिगत/समूह को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र) : महिला ऑपरेटर (एचईएमएम के अलावा)** – श्रीमती साबित्री देवी, फीडर ब्रेकर ऑपरेटर, ब्लॉक-II क्षेत्र, **सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंध** - पीयूष किशोर, महाप्रबंधक , बरोरा क्षेत्र, **सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष** - पार्थाशीष राम, महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), मुख्यालय, **सतर्कता उत्कृष्टता पुरस्कार** - प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबंधक (खनन/सतर्कता), मुख्यालय,
**व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार**- तुषार सिंह, महाप्रबंधक , (ई एंड टी), मुख्यालय,
कंपनी के सीएमडी समीरन दत्ता ने टीम बीसीसीएल के साथ ही सभी व्यक्तिगत पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी है।
उन्होंने कहा कि बीसीसीएल हर क्षेत्र में निरंतर सुधार और बेहतर प्रदर्शन की ओर अग्रसर है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया बाघमारा में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा

धनबाद : सामान्य प्रेक्षक 43 -बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोसावी, आई०ए०एस० के द्वारा 43 -बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा किया गया। सामान्य प्रेक्षक द्वारा बूथ संख्या, 37, 38, 39, 55, 56, 57, 83, 93, 245, 246, 258, 260, 265, 266, 267, 268 में स्थित मतदान केंद्र के महिला बूथ, Burqa Clad बूथ, Vulnerable बूथ के साथ Static Surveillance Team (SST) का निरीक्षण किया गया I सामान्य प्रेक्षक के द्वारा इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या, PWD मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की कुल संख्या एवं Home Voter की कुल संख्या आदि के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त किया गया I सामान्य प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दियेI साथ ही उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा को मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निदेश दिया I निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक 43 -बाघमारा विधानसभा, हर्षित पी० गोसावी के साथ नगर मिशन प्रबंधक, अमनदीप उपस्थित थे I

## व्यय प्रेक्षक, कुमार आदित्य ने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम का किया निरीक्षण

धनबाद : 39-निरसा, 42- टुंडी एवं 43- बाघमारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक श्री कुमार आदित्य द्वारा दिनांक 03.11.2024 को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत स्थैतिक सर्विलांस टीम (SST) का निरीक्षण किया गया । व्यय प्रेक्षक ने प्रतिनियुक्त स्थैतिक सर्विलांस टीम (SST) के वाहन जांच पंजी की जांच की। साथ ही उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि छोटे - बड़े सभी वाहनों की जांच करें। अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री व राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब सूचना दें। वाहन जांच पंजी का भी सही से संधारण करें। मौके पर लाइजनिंग ऑफिसर, महेंद्र कुमार महतो एवं किशोर कुमार गोप भी मौजूद थे ।

## सभी सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी विधानसभा के प्रत्याशी की उपस्थिति में किया गया हेतु कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन

धनबाद : समाहरणालय सभागार में सभी छः विधानसभा के नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, एवं सभी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की उपस्थिति में क्रमवार 38-सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद, 41-झरिया, 42-टुंडी एवं 43-बाघमारा विधानसभा क्षेत्र हेतु कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपैट का दूसरा रेंडमाइजेशन कर बूथवार निर्धारित कर दिया गया। इसकी प्रति आब्जर्वर, राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों, संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। यही ईवीएम, वीवीपैट मतदान के दिन बूथों पर जाएगी। मतदान के दिन आवंटित नंबर की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट ही बूथ पर उपलब्ध रहेगी, उसी से मतदान होगा। मौके पर सभी सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, सभी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी, सभी उम्मीदवार एवं उनके एजेंट, डीआईओ एवं उनकी टीम मौजूद रही।

## विश्वकर्मा लोहार समिति ने राज सिन्हा को दिया समर्थन, रिकॉर्ड मतों से जीताने का लिया शपथ,

धनबाद : विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा से विश्वकर्मा लोहार समिति ने रविवार को अपना समर्थन दिया।विश्वकर्मा लोहार समिति के पदाधिकारी और सदस्य रविवार को राज सिन्हा के कार्यालय पहुंचकर माला और गुलदस्ता दिया। वही विश्वकर्मा लोहार समिति के जिलाध्यक्ष विजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा लोहार समिति ने यह निर्णय लिया है, कि भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को भारी मतों से विजय बनना है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा से प्रार्थना करते है कि राज सिन्हा रिकॉर्ड मतों से विजय हो। मौके पर जिला सचिव, विजय शर्मा,कोषाध्यक्ष सुरजवीर प्रसाद, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक विश्वकर्मा,महिला मोर्चा के कमला देवी, देव शर्मा, रवि शर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री रिंकू शर्मा, विश्वकर्मा लोहार युवा मोर्चा के अध्यक्ष अर्जुन विश्वकर्मा, मोती लाल विश्वकर्मा, आदि उपस्थित होकर सभी ने समर्थन देते हुए भारी मतों से जिताने के लिए संकल्प लिया।

## भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 317 वीं बैठक संपन्न

धनबाद : जमशेदपुर, रविवार को भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की 317 वीं बैठक गम्हरिया लाल बिल्डिंग पाल कॉम्प्लेक्स में डॉक्टर सोहन प्रताप शर्मा, जिला अध्यक्ष सरायकेला की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई I जिसमें मुख्य रूप से आगामी 10 नवंबर 2024 दिन रविवार को चांडिल ब्लॉक कटिया स्टेडियम में एक आवश्यक एवं भव्य समारोह आनंद गौर की अध्यक्षता में होना तय हुआ है I साथ ही संगठन की झारखंड प्रदेश में पूरे 24 जिला में विस्तारीकरण पर मुख्य पदाधिकारी के बीच चर्चा हुई I 2024 के अंत तक झारखंड प्रदेश के 24 जिला में अपने संगठन की जिला अध्यक्ष पूर्व से चुने गए पदाधिकारी को पुनः उसे नए सिरे से सभी जिले में नए पदाधिकारी का चयन होना एवं 2025 के नए साल जनवरी में एक महान राज्य सम्मेलन होने की उम्मीद जाताई I यह कार्यक्रम सभी पदाधिकारीयों के सहयोग से संपन्न होगा I बैठक में झारखंड प्रदेश के सभी जिला पदाधिकारी से आग्रह किया की कि इस संदेश को आगे अपने समाजसेवी एवं शिक्षक गण को बताते हुए एवं जोड़ते हुए अधिक से अधिक संख्या में रांची के समारोह में भाग ले I मौके पर डॉक्टर परमानंद मोदी, संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ नथुनी सिंह, राष्ट्रीय सचिव, सूर्य देव प्रसाद, राष्ट्रीय सलाहकार प्रेम दयाल सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक डॉ,सोहन प्रताप शर्मा, जिला सचिव टाटा शंकर तिवारी, आईटी सेल आनंद गौर, झारखंड प्रदेश महासचिव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे I

## पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता कार्यशाला, 2024 का आयोजन




धनबाद : हाजीपुर, सतर्कता विभाग के निर्देश पर दानापुर मंडल के आरा रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों एवं आम जनता को भ्रष्टाचार एवं उससे निपटने के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इसके अलावा महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों पर सतर्कता जागरूकता से संबंधित ऑडियो क्लिप भी चलाए जा रहे हैं। सार्वजनिक पता सूची। रेलवे हेल्पलाइन नंबर का महत्व 139 पर भी जोर दिया गया I इसके अलावा, सतर्कता जागरूकता से संबंधित "रिंग टोन" को ईसीआर कर्मचारियों के सभी सीयूजी नंबर पर सक्रिय कर दिया गया है।

## प्रत्याशियों को रखना होगा नॉमिनेशन से रिजल्ट तक का अकाउंट




धनबाद : विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर रविवार को व्यय प्रेक्षक, आर.ए. ध्यानी तथा कुमार आदित्य ने समाहरणालय के सभागार में सभी प्रत्याशियों के साथ बैठक कर अकाउंट रखने की जानकारी दी।
प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव में एक प्रत्याशी के लिए खर्च करने की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित है। प्रत्याशियों को चुनाव में खर्च करने के लिए उनके नाम से एक अलग नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। 10 हजार रुपए से अधिक का खर्च बैंक के माध्यम से ही करना है। हर खर्च को रसीद और वाउचर नंबर के साथ व्यय पंजी में दर्ज करना है। जिसमें नॉमिनेशन से लेकर चुनाव का परिणाम घोषित होने तक के खर्च का पूरा ब्यौरा दर्ज करना है। उन्होंने बताया कि 4 नवंबर, 12 नवंबर एवं 17 नवंबर को व्यय पंजी का निरीक्षण कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रत्याशी के विरुद्ध नोटिस जारी की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग प्रत्याशी पर कार्रवाई भी कर सकता है। विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के अंदर सभी प्रत्याशियों को फाइनल अकाउंट देना है। व्यय प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों को चुनाव में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की संख्या, उसकी अनुमति लेने की प्रक्रिया, होर्डिंग, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, पंपलेट की प्रिंटिंग, पब्लिक मीटिंग, रैली, नुक्कड़ सभा, स्टार कैंपेनर, सोशल मीडिया पर किए गए प्रचार का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी।

## अजय कुमार दुबे ने जगत महतो से मुलाकात कर स्वास्थ्य लाभ की ली जानकारी

### हरेंद्र सिंह से मुलाकात कर चुनावी चर्चा की



धनबाद : रविवार को धनबाद विधानसभा के इंडिया महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने आज अशर्फी अस्पताल में झारखंड आंदोलनकारी,तेली समाज के संरक्षक जगत महतो से मुलाकात कर उनका स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली, तत्पश्चात अशर्फी हॉस्पिटल के संचालक हरेंद्र सिंह से मुलाकात कर चुनाव की चर्चा किया। मौके पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष, संतोष कुमार सिंह, मदन महतो, मनोज यादव, सुधांशु शेखर झा, गोपाल कृष्णा चौधरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सिंदरी विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक ने इंटरस्टेट चेक नाका, विभिन्न बूथ एवं स्ट्रांगरूम का किया निरीक्षण



धनबाद, सामान्य प्रेक्षक 38-सिन्दरी विधानसभा द्वारा बलियापुर प्रखण्ड अंतर्गत इंटरस्टेट चेक नाका, विभिन्न बूथ का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में प्रेक्षक सर्वप्रथम कालीपुर घाट चेकनाका पहुँचे। प्रेक्षक द्वारा उपस्थित दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सख्ती से चेकिंग करने का निदेश दिया गया।
कालीपुर अवस्थित मतदान केन्द्र उ० म० विद्यालय कालीपुर का निरीक्षण कर मतदान केन्द्र में उपलब्ध बुनियादी सुविधाएँ बिजली, पानी, शौचालय रैम्प इत्यादि की जानकारी ली। उपस्थित बी०एल०ओ० से मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या, 85+ मतदाताओं की संख्या, VIS वितरण के बारे में पूछा गया। तत्पश्चात् बूथ सं0 310, 311, 312 का निरीक्षण किया गया।
बी०एल०ओ० को मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची वितरण करने, मतदान की तिथि एवं दिवस से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। भ्रमण के क्रम में करमाटांड़ उ० वि० अवस्थित मध्यवर्ती मजबूत कमरा एवं महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराने एवं उन्हे आवश्यक सभी सुविधाएँ सुनिश्चित कराने संबंधित विशेष निदेश दिया गया। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक द्वारा 38- सिंदरी के प्रत्याशियों के साथ बैठकर भारत निर्वाचन आयोग के नियम एवं दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। इसके पश्चात सामान्य प्रेक्षक द्वारा बाजार समिति स्थित स्ट्रांग रूम का विजिट कर सीसीटीवी मॉनिटर पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा में तनात जवान को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
भ्रमण के दौरान अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, राज्य कर पदाधिकारी, पंकज कुमार वर्मा, पंचायत सचिव, प्रभारी बीपीआरओ, निर्वाचन प्रभारी उपस्थित थे।

## जनसंपर्क के दौरान लोगों ने कहा हर सुख दुख में राज का मिलता है साथ

धनबाद : विधानसभा भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा का चुनावी दौरा में लोगो का मिल रहा समर्थन।वही आज विभिन्न जगहों पर राज सिन्हा ने चुनावी दौरा किया I जहां लोगों ने अपना समर्थन दिया और कहा कि हम सभी राज सिन्हा को भारी मतों से विजय बनाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हर सुख दुख में खड़े रहते है। ऐसा ही जनप्रतिनिधि धनबाद को चाहिए। विभाग संघ संचालक और जिला चेंबर के अध्यक्ष ने रिकॉर्ड मतों से जीतने का दिया शुभकामना, धनबाद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक एवं प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट केशव हरोड़िया के आवास पर संघ के साथियों के साथ सुबह की चाय पर चुनावी तैयारियों पर चर्चा की। उसके बाद धनबाद जिला चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष, चेतन गोयंका से मुलाकात की I वही चेतन गोयंका ने राज सिन्हा को मिठाई खिलाकर रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजय प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं।
**स्वयंसेवक संघ की बिरसा मुंडा व्यवसायिक शाखा में हुए सम्मिलित** : वही विभिन्न जगहों पर जैसे मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में भारतीय संस्कृति और उसके सभ्यतागत मूल्यों को बनाए रखने के आदर्श को बढ़ावा देना वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बिरसा मुंडा व्यवसायिक शाखा में सम्मिलित हुए।वही ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना में भाग लिया। मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चहलकदमी के दौरान मॉर्निंग वॉकर्स से मुलाक़ात की I वही मॉर्निंग वाकरों ने शुभकामनाएं दीं। वही रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड द्वारा राँची के खेल गाँव में आयोजित 14 झारखण्ड स्टेट रोलर स्केटिंग एंड स्केटबोर्डिंग कंपटीशन में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह वर्धन किया।वही भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।

## बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सूरज महतो का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी



बाघमारा। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सूरज महतो का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। इसी को लेकर बेहराकुदर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों एक एक बस्ती में जाकर के घर घर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने पक्ष में मतदाताओं से मतदान करने का निवेदन किये।इस दौरान बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेहराकुदर के ग्रमीणों ने सूरज महतो को फूल का माला पहनाकर स्वागत किया।उपस्थित बुजुर्गों लोगों ने सूरज महतो के माथे पे हाथ रखकर ढेर सारी स्नेह देते हुए चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद दिया।सूरज महतो ने अपने सम्बोधन में बाघमारा की उन समस्याओं को प्राथमिकता दी जिनसे यहां की जनता सालों से जूझ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी जीत इन समस्याओं का समाधान लाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। उनका फोकस मुख्यतः महिला सशक्तिकरण, रोजगार के अवसर, शिक्षा की उन्नति, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, सड़क और जल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की ओर था। उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र से होने वाले पलायन को रोकने के लिए एक ठोस योजना बनानी होगी ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सूरज महतो ने विशेष योजना बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना समाज की प्रगति का संकेत है। इसके तहत, वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे।ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें, और समाज में एक मजबूत भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही उन्होंने रोजगार के नए स्रोतों की संभावनाएं तलाशने का भी संकल्प लिया। उनकी योजना है कि बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कार्यों में बाघमारा के युवाओं को प्राथमिकता दी जाए और कोयले के डीओ से रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाए। सूरज महतो ने क्षेत्र की सड़क, जल और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वादा किया कि उनकी जीत के बाद, इन मुद्दों पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में उचित जल आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान लाया जाएगा और सड़कें भी दुरुस्त की जाएंगी।
साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण और उनकी बेहतरी के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए श्री महतो ने अपने कार्यों का विस्तारपूर्वक खाका तैयार किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूलों की स्थिति को सुधारने और शिक्षकों की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।
उनका उद्देश्य है कि बाघमारा के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में किसी से पीछे न रहें और उन्हें आधुनिक शिक्षा के साधन उपलब्ध हों। श्री महतो ने उपस्थित जनता से अपील की कि इस बार वे चूक न करें और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने आग्रह किया कि वे समाजवादी पार्टी के चिह्न "साइकिल" पर क्रमांक संख्या 7 को देखकर अपना वोट दें। उनका मानना है कि जनता का समर्थन और सहयोग ही उनके विजयी होने का मार्ग प्रशस्त करेगा और बाघमारा के विकास का सपना साकार हो सकेगा। सूरज महतो ने जनता से जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र में बदलाव आवश्यक है और इसके लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। उनके शब्दों में, "अब समय आ गया है कि हम अपने क्षेत्र की दशा और दिशा को बदलें और इसे एक नए मार्ग पर ले जाएं।

## भगवान चित्रगुप्त पूजा का हुआ आयोजन



धनबाद : श्री श्री चित्रगुप्त पूजा समिति ,बाबुडीह- पांडरपाला के तत्वाधान में आज दिनांक 3 11.2024 को, भव्य चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया गया। समिति के द्वारा वर्ष 1998 से लगातार पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है।
26 वर्षों से लगातार सुबह मूर्ति स्थापित कर पुरे विधि विधान से सामूहिक पूजा की जाती है। जयप्रकाश नगर, पांडरपाला बेकारबाँध, काली मंदीर कॉलोनी, झारूडीह, बाबुडीह बिशुनपुर, पाल नगर इत्यादी क्षेत्र के सभी चित्रांस एक साथ मिलजुलकर भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर दोपहर मे प्रीतिभोज किया। एवं संध्या में भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ I जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा उपस्थित हुए धर्मराज का आशीर्वाद लिया। अमितेश सहाय भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम की सफलता में समिति के अध्यक्ष, जितेंद्र सिन्हा, प्रेम श्रीवास्तव, भाजपा जिला मंत्री पंकज सिन्हा,विकाश सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव, जीतू सिन्हा, अजयकांत सिन्हा, किशन श्रीवास्तव, प्रभाकर सिन्हा, रेशम सिन्हा, आशा ज्योति सिन्हा, वंदना सिन्हा, सहित सैकड़ो चित्रांस के लोग मौजूद थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।